हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • सोमवार • 06.01.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 165 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपया~~ 2 रुपया

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

जो कहा सो किया

हर बहना को हर साल

₹30,000

मंईयां सम्मान कार्यक्रम

झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना

18 से 50 वर्ष की
हर मंईयां को
₹2,500
प्रति माह

दिनांक : 06 जनवरी 2025

समय : 12:30 बजे अपराह्न

स्थान : ट्रेनिंग ग्राउण्ड, खोजाटोली (कुटियातु चौक), नामकुम, राँची

योजना से संबंधित वीडियो देखने के लिए
QR CODE को स्कैन करें



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR- 343613 (IPRD) 24-25

## एक नजर

### कांग्रेस नेता अरुण साहू ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

**बरही** : बरही आवास में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सह सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सह कांग्रेस नेता अरुण साहू मुख्य रूप से उपस्थित हुए। साथ ही कार्यक्रम में ओबीसी कांग्रेस ज़िला अध्यक्ष दीपक गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मानन वारसी, ज़िला ओबीसी महासचिव सुनील साहू भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कांग्रेस पूर्व प्रत्याशी सह कांग्रेस नेता अरुण साहू ने कहा कि भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है। उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी हैं। संसद में उनके हस्तक्षेप भी बहुत ही व्यावहारिक थे। मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री के रूप में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए। कांग्रेस ओबीसी ज़िला अध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को देश हमेशा महान कार्यों के नाम से जानेंगे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पदमा प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता, गौतम चंद्रवंशी, बबलू साहू, प्रकाश विश्वकर्मा, प्रकाश दास, कुंदन कुमार, शम्भु मेहता, फि रदोस खान, मोहम्मद सगीर, पप्पू दास सहित कई कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### डॉ एसएम रिजवान अहमद सीनेट के सदस्य बने

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के स्नातकोत्तर अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष डॉ एस एम रिजवान अहमद को विश्वविद्यालय ने कल की अधिसूचना में सीनेट सदस्य मनोनीत किया है। डॉ रिजवान अहमद को इससे पूर्व २०२० में भी विश्वविद्यालय ने सीनेट सदस्य बनाया था। उनके शुभचिंतकों ने इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई संदेश भेजना आरम्भ कर दिया है। डॉ रिजवान अहमद अंग्रेजी भाषा एवं साहित्य के प्रख्यात एवं अनुभवी प्राध्यापक माने जाते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि उनके लंबे अनुभव से विश्वविद्यालय की शैक्षणिक मूल्यों में सुधार आएगा।

### डपोक पंचायत में गरीब-असहाय लोगों को बीच कंबल का किया गया वितरण

**बरही** : बरही प्रखंड के डपोक पंचायत में सरकार की पहल के तहत गरीब और असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पंचायत की मुखिया इंद्रा देवी ने किया। ठंड के प्रकोप को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच 100 कंबल वितरित किए गए, जिससे उन्हें राहत मिल सके। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति के अध्यक्ष सह पूर्व जीप प्रतिनिधि मो कयूम, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास और पंचायत समिति सदस्य रमजान अंसारी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कंबल वितरण के दौरान लाभुकों में गिरधारी पासी, रज्जाक मियां, हकीम मियां, करमी मोसमात, मोसमात उर्मिला, जकीरा मोसमात, गुलबी देवी, बुधनी मोसमात, मोसमात सुंदरी, किशोरी दास, घमन दास, गेना पासी, मनोरमा देवी, कलवा देवी और खिरिया देवी सहित कई जरूरतमंद लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने सरकार और पंचायत द्वारा की गई इस पहल की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह की सहायता की उम्मीद जताई। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि गरीब और असहाय लोगों की मदद के लिए पंचायत हमेशा तत्पर है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि आने वाले समय में और भी योजनाओं के माध्यम से जरूरतमंदों को लाभ पहुंचाया जाएगा।

# विस्थापन प्रभावित अधिकार समिति की पीवीयूएनएल प्रबंधन से बढ़ रही नाराजगी, आंदोलन की चेतावनी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़** : विस्थापित प्रभावित अधिकार समिति के सदस्यों को पीवीयूएनएल प्रबंधन से मोह भंग हो गया है। विगत कई माह से लगातार आश्वासन के बाद भी समिति के सदस्यों से धोखाधड़ी का काम प्रबंधन द्वारा किया गया है। इस संबंध में शनिवार को विस्थापित प्रभावित अधिकार समिति के सदस्यों द्वारा पांच वाहिनी मंदिर में बैठक किया गया और निर्णय लिया गया कि न्याय लेने के लिए एक बार फिर आंदोलन करना होगा। बैठक में सदस्यों ने कहा कि हमारे समिति के महिलाओं के साथ अपमान किया जा रहा है साथ ही कुछ विस्थापित पुरुषों को भी नौकरी देने के नाम पर एजेंसी द्वारा पैसे की मांग की गई है,जो हमारे नियम व वसूल के खिलाफ है। दिल्ली आंदोलन दबाव में किया गया स्थगित जो विस्थापितों के लिए सही नहीं रहा जंतर मंतर दिल्ली में विस्थापित प्रभावित अधिकार समिति द्वारा जुलाई अगस्त माह में आंदोलन किया जाना था। जिसे एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा दबाव डालकर स्थगित कर दिया गया जो हमारे समिति के लिए सही नहीं हुआ है ऐसा सदस्यों का मानना है समिति के सदस्यों ने अध्यक्ष खुशबू देवी पर दबाव बनाया की भविष्य में हमें एक आंदोलन करने की आवश्यकता है जिसके माध्यम से एनटीपीसी दबाव में आएगा और हमारी मांगे पूरी करेगा। एनटीपीसी प्रबंधन हमारे महिला साथियों को काम में रखने से ही इनकार करता है वहीं पुरुष वर्ग के के विस्थापितों को भी रोजगार नहीं दिया जा रहा है रोजगार देने के नाम पर सीधी तौर पर घुस की मांग की जाती है। नए अधिकारियों से एक उम्मीद की किरण जगी है। प्रबंधन के नए अधिकारियों ने विस्थापितों को भरोसा दिलाया है कि आने वाले कुछ ही दिनों में इन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर रविवार को पंचबहिनी मंदिर के प्रांगण में एक बैठक भी आयोजित की इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष खुशबू देवी और संचालन दयानंद प्रजापति ने किया। इस दौरान विस्थापित प्रभावित अधिकार समिति के अध्यक्ष खुशबू देवी ने कहा कि पीवीयूएनएल के नये आये प्रबंधक से बातचीत के बाद विस्थापित प्रभावित अधिकार समिति फिलहाल कोई आंदोलन नहीं करेगी। वर्तमान दौर में विस्थापित प्रभावित अधिकार समिति के सदस्यों को आशा और उम्मीद जगी है कि तत्कालीन प्रबंधक न्याय करेगा। प्रबंधन द्वारा आश्वासन दिया गया कि कुछ ही दिनों में विस्थापितों को रोजगार से जोड़ा जाएगा और अगर रोजगार नहीं मिलेगा तो आप आंदोलन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बातचीत के जरिए विस्थापितों का न्याय अधिकार मिलेगा और साथ ही रोजगार के अवसर भी बढ़ेगा।

## संजीव बेदिया ने सीएम हेमन्त सोरेन को नववर्ष की दी शुभकामनाएं



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह मुख्य संयोजक संजीव कुमार बेदिया ने सीएम हेमंत सोरेन के बुके देखकर नववर्ष का हार्दिक शुभकामनाएं और आने वाले 2025 को शुभकामनाएं दिए साथ ही साथ बड़कागांव विधानसभा में जितने भी कोयला खनन कंपनियां है उन सभी के बारे में सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई खास करके देखा जाए तो विस्थापित का समस्या चरण सीमा पर है जिसके लेकर के भी चर्चा की गई है। सीएम हेमंत सोरेन ने संजीव बेदिया को आश्वासन देते हुए कहां की जो भी समस्या उसे बिंदुओं पर कार्य किया जाएगा हमारा सरकार बहुमत से आई है और एक से बढ़कर एक योजना लाकर यहां के ग्रामीणों को कैसे विकास हो उसके लिए दिन-रात हम मेहनत कर रहे हैं और सभी बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। वहीं पर संजीव बेदिया ने सीएम हेमंत सोरेन को धन्यवाद देते हुए कहा कि आपसे मिलकर बहुत खुशी हुआ। सचमुच हम आदिवासियों का आप महानायक हैं और झारखंडियों का शान है।

## बरही अनुमंडल में मोमिन कॉन्फ्रेंस का विस्तार, एक दिवसीय बैठक संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**बरही** : बरही अनुमंडल के मदरसा जामिया कादरिया बरकातिया में मोमिन कॉन्फ्रेंस के विस्तार को लेकर एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मो. तौकीर रजा ने की और संचालन का कार्य मो. कलीम उद्दीन उर्फ पप्पू ने संभाला। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष मोहम्मद जहानगीर अंसारी मौजूद रहे, जिनका स्वागत माला पहनाकर किया गया। उनके साथ जिले के अन्य पदाधिकारियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि मोमिन कॉन्फ्रेंस भारत की आजादी से पहले का एक पुराना संगठन है, जिसने आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिला अध्यक्ष मोहम्मद जहानगीर अंसारी ने कहा कि हम अपने पूर्वजों की कुबार्नी को कभी भुलने नहीं देंगे। उन्होंने 8 जनवरी 2025, बुधवार को शहीद स्थल पर सही शेख भिखारी को श्रद्धांजलि देने की अपील की और सरकार से उनकी जीवनी को पाठ्यक्रम में शामिल करने तथा जन्मदिवस पर सरकारी अवकाश घोषित करने की मांग की। जिला अध्यक्ष ने शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून की जानकारी को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि नशा और अपराध से बच्चों को बचाने में मोमिन कॉन्फ्रेंस हमेशा आगे रही है और आगे भी रहेगी। बैठक में मोहम्मद रिजवान अली को बरही प्रखंड अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया और सभी पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। बैठक में मोहम्मद जहानगीर अंसारी जिला अध्यक्ष, मोहम्मद तसउवर अंसारी प्रदेश महासचिव, मोहम्मद तौकीर अंसारी, मोहम्मद कलीम उद्दीन अंसारी जिला उपाध्यक्ष,मोहम्मद सफाउल रहमान जिला मीडिया प्रभारी, हाजी हफीज चौपारण प्रखंड अध्यक्ष, मोहम्मद तनवीर, शम्स तबरेज, मोहम्मद फिरोज निजामी आदि उपस्थित रहें। बैठक में मोमिन कॉन्फ्रेंस को सक्रिय और मजबूत बनाने पर चर्चा की गई और आगे की कार्ययोजना बनाई गई।

## हाइवा से महिला की मौत, मुआवजा देने के बाद उठाया गया शव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : बीती देर शाम 7:00 बजे शनिवार को सड़क दुर्घटना में हाईवा से जो प्राथमिक विद्यालय सीकरी ऊपर मोहडर के महिला पारा शिक्षिका सीकरी निवासी 35 वर्षीय शिक्षिका शांति देवी की मौत हो गई, जिसे लेकर मुआवजे की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने 21 घंटे तक सड़क जाम रखा। विधायक रोशन लाल चौधरी, पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, भाजपा नेता शिवलाल महतो, जेकेएलएम नेता बालेश्वर कुमार, उप प्रमुख वचन देव कुमार, सीकरी ओपी थाना प्रभारी सुनील कुमार, मुखिया प्रभु महतो, नकुल महतो, हेमंत भुईंया व उपस्थित प्रबुद्ध जनों के प्रयास से मामले का समाधान कर सड़क जाम हटाया गया। विधायक रोशन लाल चौधरी नाम बताया कि मृतक के परिवार को हाईवा मालिक की तरफ से 500000 दिया जाएगा। जिसमें फिलहाल ढाई लाख रुपये दिया गया है, 8 तारीख को ढाई लाख और दिया जाएगा। इसके अलावा मृतिका शांति देवी के पति को कंपनी में नौकरी दिलाने का काम किया जाएगा। बड़कागांव में भारी वाहनों से हो रही बार-बार सड़क दुर्घटना घटना लोगों की मौत को लेकर बड़कागांव अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने गंभीरता दिखलाते हुए हजारीबाग सदर एसडीओ को बड़कागांव में नो एंट्री लगाने के लिए अनुशंसा कर पत्र देर शाम भेज दिया। जिसमें सुबह 5:00 बजे से लेकर रात्रि 9:00 बजे तक भारी वाहनों का नो एंट्री रहेगी। वही ग्रामीणों ने कहा कि सीकरी में कई जगह ब्रेकर लगाने की आवश्यकता है। सीकरी के 5 से 6 लोगों की मौत सड़क दुर्घटना में अब तक हो चुकी है। गुस्साए लोगों ने कहा कि बड़कागांव टंडवा रोड से हमेशा के लिए कोयले भारी वाहन की परिचालन पर 24 घंटा पूर्ण रूप से प्रतिबंध होना चाहिए।

## एनएचएआई ने बरही चौक के पास चलाया स्वच्छता अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही** : मकर संक्रांति के मद्देनजर बरही चौक और उसके आस-पास स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा विश्व हिंदू परिषद के आग्रह पर आयोजित किया गया। विहिप ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर से मुलाकात कर स्वच्छता अभियान चलाने का आग्रह किया था। मकर संक्रांति जैसे महत्वपूर्ण पर्व को ध्यान में रखते हुए इस सफाई अभियान का उद्देश्य क्षेत्र को स्वच्छ और सुंदर बनाना था। इस दौरान क्षेत्र में जमी गंदगी को हटाने और सफाई के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। विहिप के जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं में स्वच्छता का विशेष महत्व है। ऐसे पर्वों पर स्वच्छता अभियान से न केवल क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाया जाता है, बल्कि समाज में सफाई के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है।स्वच्छता अभियान में कई प्रमुख संगठनों और सामाजिक कार्यकताओं ने हिस्सा लिया। मौके पर गुरुदेव गुप्ता विहिप जिला सहमंत्री, चंदन केसरी सामाजिक समरसता प्रमुख, संतोष प्रजापति खंड कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मुन्ना सोनी मिलन प्रमुख, भीम केसरी सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद थे। इन सभी ने मिलकर अभियान को सफल बनाने में सहयोग किया और सफाई के महत्व पर जोर दिया।

# हमारा उद्देश्य सिर्फ चिकित्सा मदद नहीं, मरीजों और उनके परिवारों को मानसिक और भावनात्मक सहारा भी प्रदान करना है : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद की पहल पर शुरू किया गया 'संजीवनी सेवा कुटीर' जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए दिन-रात कार्यरत है। इस सेवा केंद्र के माध्यम से विधायक द्वारा समाज के हर वर्ग के लोगों के लिए एक ऐसा मंच उपलब्ध कराया गया है, जहां पर मरीजों के परिजनों का तत्काल मदद पहुंचा जा रहा है. हजारीबाग सदर अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को विभिन्न प्रकार की सहायता उपलब्ध कराना। अस्पताल से संबंधित समस्याओं को हल करना।प्रशासनिक मदद की आवश्यकता होने पर उचित मार्गदर्शन देना। 24 घंटे सेवा के माध्यम से संजीवनी सेवा कुटीर 24७7 कार्यरत है। यहां आने वाले हर व्यक्ति की समस्याओं को सुना जाता है और उनकी मदद के लिए टीम पूरी तरह से तैयार रहती है। प्रभावी संवाद और समाधान हेतु मरीजों और उनके परिजनों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्या को गहराई से समझा जाता है और त्वरित समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाता है। सामाजिक सहयोग हेतु मरीजों के परिजनों को केवल भौतिक सहायता ही नहीं, बल्कि भावनात्मक और मानसिक सहयोग भी दिया जाता है। जरूरतमंदों को आश्वस्त किया जाता है कि उनकी समस्याओं का समाधान होगा। संजीवनी सेवा कुटीर एक ऐसी पहल है जो विधायक प्रदीप प्रसाद की समाज सेवा के प्रति समर्पण और उनकी दूरदर्शिता को दशार्ती है। यह सेवा केंद्र न केवल स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार करने में सहायक है, बल्कि यह जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता प्रदान कर उनके लिए एक नई आशा का संचार करता है। विधायक ने कहा कि यह पहल केवल एक सेवा केंद्र तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के हर व्यक्ति को एक जिम्मेदार नागरिक बनाने का प्रयास भी है। सेवा कुटीर को स्थानीय प्रशासन और समाजसेवी संगठनों का पूरा सहयोग मिल रहा है, जो इसे और अधिक प्रभावी बना रहा है। इस सेवा केंद्र के माध्यम से विधायक प्रदीप प्रसाद ने समाज के सबसे कमजोर और जरूरतमंद वर्गों तक मदद पहुंचाने का जो संकल्प लिया है, वह न केवल प्रशंसनीय है, बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में एक मिसाल भी है।

## संक्षिप्त खबरें

### खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति की हुई बैठक



**बड़कागांव** : खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति लंगातू में बैठक की गई। जिसका अध्यक्षता गोविन्द महतो संचालक रामचंद्र साव ने किया। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रदूषण भता, स्थानीय लोगों को रोजगार, कट ऑफ डेट, पब्लिक के रोड से ट्रांसपोर्टिंग बंद किया जाए, विस्थापितों को विस्थापन कार्ड दिया जाए, गरमजरूवा जमीन का रैयती के आधार पर मुआवजा,यही मागो पर कमेटी का निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी निर्णय हुआ की मांगो पर कंपनी प्रबंधन जल्द विचार नही करती है तो आंदोलन कर हड़ताल किया जाएगा। जिसकी जवाबदेही कंपनी प्रबंधन पर होगा। बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य भोला महतो, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र दागीं, रामचंद्र साव, गोविंद महतो, तुलेश्वर महतो ,प्रमोद महतो, राकेश मिश्रा, पप्पू कुमार सिंह, भुनेश्वर साव, राजेश यादव उमेश साव, नॉलेज यादव, कलाम मियां, बरकत अंसारी, मुख्तार अंसारी, सफीउल्लाह अंसारी, गोदनाथ महतो, बलदेव महतो, रंजीत महतो, खनन विस्थापित ग्राम विकास समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### ग्राम रक्षा समिति ने 100 जरूरतमंदों के बीच कंबल का किया वितरण



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड के बादम पंचायत के कहार मोहल्ला, धोबी मोहल्ला, पासवान मोहल्ला, के बीच जरूरतमंद महिला पुरुष एवं असहाय लोगों के बीच लगातार बढ़ती ठंड को देखते हुए ग्राम रक्षा समिति के द्वारा कंबल का वितरण किया गया। समिति के लोगों ने कहा गरीब असहाय मजदूरो को उपहार स्वरूप देखकर सुकून मिला समिती के सदस्यों ने यह भी कहा कि अभी के समय में ठंड बहुत ही ज्यादा पड़ रहा है। मौसम परिवर्तन होने के कारण ठंड बढ़ गया है आप सभी लोग सुबह में घर से बाहर न निकले सूर्य निकलने के बाद ही घर से बाहर निकले ताकि आप सभी का तबीयत खराब ना हो इसका भी ध्यान आप रखें।

### सूर्य मंदिर के साथ यज्ञ हेतु समिति का गठन, आनंद राम बने अध्यक्ष



**बिष्णुगढ़** : हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत अवस्थित उत्तर वाहिनी जमुनिया नदी में निर्मित, निमार्णाधीन सूर्य मंदिर ( भास्कर धाम ) का पूर्ण निमार्णों प्रांत यज्ञ हेतु आम सभा के माध्यम से समिति का गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष सर्वसम्मति से आनंद राम को चुना गया वहीं सचिव नवल किशोर वर्मा चयनित हुए तो कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार बरनवाल पर भरोसा जताया गया। तत्पश्चात प्रस्ताव में कार्यकारिणी सदस्यों का भी चयन किया गया। बैठक में सर्व सर्वसम्मति से यज्ञ प्रारंभ करने हेतु 3 मई 2025 की तिथि निर्धारित की गई है। जो सात या नौ दिवसीय होगा, इसके पूर्व ग्रामीण एवं प्रखंड वासियों से अपील की गई है। जिनसे जो सहयोग राशि बन पड़े वह समय पूर्व दान देकर पुण्य का भागी बने एवं उनका नाम शिलापट्ट में अंकित हो सके। मौके पर रामेश्वर सिंह, प्रयाग प्रसाद सोनी, शंकर गोस्वामी, श्रीकांत कुमार, गजेंद्र राणा, त्रिवेणी स्वर्णकार, गुरु प्रसाद, अजय साहू, मिश्रीलाल आजाद, बबलू सिंह, राजेंद्र सिंह, सुरेश प्रसाद, मोहनलाल बरनवाल, शेखर सुमन, शंकर प्रसाद बर्मन, जगदीश प्रसाद बर्मन, जुगल स्वर्णकार, सुनील बर्मन, दीपक कुमार राणा, सुबोध मिश्रा, श्री सोनी, जीवन सोनी, वरुण कुमार इत्यादि सैकड़ो गण मान्य एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### कस्तूरबा विद्यालय का मना 19वां स्थापना दिवस



**चौपारण** : प्रखण्ड के चतरा रोड के सिंहपुर में कस्तूरबा जन जागरण समिति द्वारा संचालित डॉ ललन बाबू कस्तुरबा गांधी उच्च विद्यालय सह आइडियल पब्लिक स्कूल सिंहपुर का 19 वां स्थापना दिवस रविवार को मनाया गया। इस दौरान झंडोतोलन व जरूरतमन्त बच्चों के बीच उन्नी टोपी का वितरण किया गया। इससे पहले दादपुर पंचायत के मुखीया गंदौरी दांगी, विद्यालय संस्थापक सदस्य सह पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अरबिंद सिन्हा, रक्षेपाल सिंह, सदस्य विकास यादव, विद्यालय प्रबंधक चन्दन कुमार ने संयुक्तरूप से मुख्य अतिथि चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश को बुके व उपहार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बच्चों को सफलता के कई मंत्र दिए। थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने कहा कि चौपारण की धरती आज अफीम गांजा के लिए बदनाम है पर मैं ऐसा नहीं मानता हूं यहाँ की धरती एतिहासिक है। यहाँ की धरती उर्वर है जिन्होंने कई सफल लोगों को जन्म दिया है। उन्होंने बच्चों से कहा कि सफलता का पहला मंत्र है कि अपने माता पिता, अपने गुरुजनों और बड़ों का सम्मान करें। साथ ही शिक्षकों के बताए मार्ग का अनुसरण करें। मैट्रिक आपका सफलता की पहली सीढ़ी है। इसलिए आप लक्ष्य निर्धारित कर समय का सदुपयोग करते हुए पूरी तैयारी करें। वहीं मुखीया गंदौरी दांगी ने कहा कि विद्यालय के संस्थापक स्व ललन प्रसाद आज मर कर भी अमर हैं। वहीं संस्थापक सदस्य अरबिंद सिन्हा ने कहा कि मॉडर्न पब्लिक स्कूल हो या डॉ ललन बाबू कस्तुरबा गांधी यहाँ के शिक्षक बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा मेहनत करते हैं। सदस्य विकास यादव ने कहा कि सन 2006 में उच्च विद्यालय के खुलने से अबतक यहां के हजारों बच्चियों को उच्च शिक्षा ग्रहण कर ऊंची मुकाम हासिल कर चुके हैं। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश दांगी व समापन की घोषणा प्राचार्या ममता कुमारी ने की। मौके पर थाना एएस आई बादल महतो, सीआरपी मो शोएब, देवकुमार सिंह,मनोज कुमार, चन्दन कुमार, राहुल कुमार, रूपेश सिंह, मुकेश कुशवाहा, पल्लू मेहता, सोनू सिंह, मुकेश कुशवाहा, अंकित सिंह सहित विद्यालय के सभी शिक्षक व बच्चे उपस्तिथ रहे।

हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● सोमवार ● 06.01.2025 ● वर्ष : 15 ● अंक : 165 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

### मुख्यमंत्री ने अबुआ बजट पोर्टल और मोबाइल एप्प का किया लोकार्पण

## बजट में राज्य के सर्वांगीण विकास और लोक कल्याण पर विशेष फोकस : हेमन्त सोरेन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि यह अबुआ सरकार है। ऐसे में राज्य के सतत, समावेशी और सर्वांगीण विकास के साथ लोगों के कल्याण एवं हितों का संवर्धन करने वाला संतुलित बजट हो, इस पर हमारी सरकार का विशेष फोकस है। इसलिए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को लेकर आपके सुझाव, राय और विचार हमारे लिए काफी मायने रखते हैं, ताकि आपके जरिए प्राप्त होने वाले बेहतर सुझावों को आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में जगह दे सकें। सोरेन रविवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में वर्ष 2025-26 के बजट निर्माण को लेकर आम जनता के सुझाव, राय-विचार आमंत्रित करने के लिए अबुआ बजट पोर्टल और मोबाइल एप्प के लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

### सभी सेक्टर के संतुलित विकास का बजट में रखा जाएगा ध्यान

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट ऐसा हो, जिसमें सभी सेक्टर का संतुलित विकास हो सके। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि आगामी बजट में यहां की ग्रामीण पृष्ठभूमि वाली अर्थव्यवस्था का विशेष ख्याल रखा जाए। इसके साथ राजस्व संग्रहण की दिशा में भी ठोस कदम उठाने से संबंधित प्रावधानों को भी बजट में जगह मिले ताकि विकास और जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हो सके। उन्होंने कहा कि बजट में सभी वर्गों का विशेष ख्याल रखा जाय। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर जनता से अपील है कि राज्य के आगामी अबुआ बजट के लिए अपने बहुमूल्य सुझाव अवश्य दें।

### सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले होंगे सम्मानित

विदित हो कि "अबुआ बजट" पोर्टल एवं मोबाइल एप्प का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025- 26 के बजट को लेकर विशेषज्ञों तथा आम लोगों का सुझाव प्राप्त करना है, ताकि हमारी सरकार एक बेहतर और संतुलित बजट पेश कर सके। इस दिशा में बजट को लेकर जो भी सुझाव/ राय और विचार मिलेंगे, उनका विस्तृत एनालिसिस किया जाएगा ताकि राज्य के विकास एवं यहां की जनता के अनुकूल उन सुझावों को बजट में शामिल करने की दिशा में पहल कर सकें। इस कड़ी में तीन सर्वश्रेष्ठ सुझाव देने वाले व्यक्तियों को राज्य सरकार द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। सुझाव देने की अंतिम तिथि 17 जनवरी 2025 तक है। इस अवसर पर वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, वित्त विभाग के विशेष सचिव अमित कुमार, बजट पदाधिकारी चंद्रभूषण प्रसाद, ओएसडी बजट सत्यनारायण प्रसाद, एनआईसी के संयुक्त निदेशक कुणाल आनंद एवं सहायक निदेशक गौरव कुमार सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### सोहराय पर्व हमारी सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक : मुख्यमंत्री



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि सोहराय पर्व हमारी सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक है। हम सभी प्रतिवर्ष इस पर्व को धूमधाम से मनाते हैं। आदिवासी समाज आज के दिन अनेक रीति-रिवाज के साथ प्रकृति की पूजा करते हैं। आज आदिवासी समाज को अपनी संस्कृति और सभ्यता को बचाने की जरूरत है। सोरेन रविवार को रांची के मोरहाबादी स्थित विश्वविद्यालय के दीक्षांत मंडप में आयोजित सोहराय मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सोहराय पर्व के माध्यम से हमसभी एकता एवं सौहार्द का संदेश देते हैं। यह पर्व परिवार एवं प्रकृति से जुड़ा पर्व है। यह एक ऐसा त्योहार है, जिसमें भाईचारा, समानता तथा भाई-बहन का प्रेम झलकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल, जंगल, जमीन की रक्षा के लिए हमसभी को एकजुट होने की जरूरत है। आज प्रकृति को संरक्षित करने में आदिवासी समाज की अहम भूमिका है। इस भौतिकवादी युग में जल, जंगल और जमीन से छेड़छाड़ हो रहा है। आदिवासी समाज हमेशा से जल-जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया है। इसलिए जरूरत है कि समाज के सभी लोग मिलजुल कर जल, जंगल, जमीन की सुरक्षा के संरक्षण के लिए आगे आएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी के समाज के सर्वांगीण विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार के जरिये आदिवासी योजना के तहत जनजातियों के आर्थिक, समाजिक एवं सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी कार्य हुए हैं। कई महत्वपूर्ण योजनाएं भी संचालित की गई हैं। यहां की जनजातियों का एकीकृत ढंग से विकास करना, जनजातियों को सुरक्षा देना एवं जनजातियों को शोषण मुक्त करना सरकार की प्राथमिकता है। आने वाले समय में हमारी सरकार समाज के वंचित वर्गों के सामाजिक-आर्थिक और समग्र विकास को सुनिश्चित करने में प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ेगी। इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा, राजधानी सांवता समिति के संरक्षक सनातन मरांडी, अर्जुन मरांडी, मेघलाल सोरेन, डॉ. दिनेश मुर्मू, सुधीर सोरेन, संजय हांसदा, विनय टुडू एवं राजधानी सांवता समिति के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## मंईयां सम्मान कार्यक्रम आज रांची में होगी अलग ट्रैफिक व्यवस्था

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के मद्देनजर आज यानि 6 जनवरी को रांची के नामकुम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के कारण ट्रैफिक में बड़े बदलाव किए गए हैं। रांची ट्रैफिक पुलिस ने इस बदलाव को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं। बता दें कि मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम में झारखंड भर से लाखों महिलाओं के जुटने की संभावना है। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शामिल होंगे और झारखंड की 56 लाख महिलाओं के खाते में एकसाथ 2500 रुपए डाले जायेंगे।

### ट्रैफिक रूट में किये गए बदलाव कुछ इस प्रकार हैं

- रामपुर रिंग रोड से तुपुदाना रिंग रोड के बीच सभी प्रकार के छोटे और बड़े मालवाहक वाहनों के परिचालन पर 9:30 बजे से 4:00 बजे तक रोक होगी।
- खूंटी, सिमडेगा, गुमला, और पलामू से आने वाले वाहनों को रिंग रोड पर बाएं मुड़ने की सलाह दी जाएगी, और वे तिलता रिंग रोड, नेवरी रिंग रोड से होते हुए अपने गंतव्य तक जाएंगे। जमशेदपुर से आने वाले वाहनों को रामपुर चौक से दाएं मुड़कर नेवरी रिंग रोड से गुजरने के निर्देश हैं।
- कार्यक्रम में भाग लेने वाले वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था पलामू, गढ़वा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, और चाइबासा से आने वाले वाहनों को तुपुदाना रिंग रोड से खरसीदाग ओपी रिंग रोड में प्रवेश करने के बाद पार्किंग स्थल तक निर्देशित किया गया है। हजारीबाग, कोडरमा, गिरिडीह, और अन्य क्षेत्रों से आने वाले वाहनों के लिए नेवरी रिंग रोड से बाएं मुड़कर रामपुर रिंग रोड होते हुए प्रवेश की व्यवस्था की गई है।
- स्थानीय वाहनों के लिए रांची शहरी क्षेत्र से आने वाले सभी वाहन रिंग रोड पकड़कर रामपुर या तुपुदाना होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेंगे।

## दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड की झांकी में राज्य की समृद्ध संस्कृति की मिलेगी झलक




**रांची :** गणतंत्र दिवस-2025 के अवसर पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में झारखंड सहित 15 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की झांकियों का चयन हुआ है। गणतंत्र दिवस पर होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए झारखंड ने भी पूरी तैयारी कर ली है। इस वर्ष झारखंड की झांकी में दिवंगत रतन टाटा को श्रद्धांजलि के साथ झारखंड की धनी संस्कृति, यहां के पारंपरिक नृत्य, शिक्षा में नारी शक्ति के बढ़ते कदम आदि को झांकी में प्रदर्शित की जाएगी। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से झांकियों का प्रारूप मांगा था। विभिन्न चरणों की चयन प्रक्रिया के बाद केवल 15 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की झांकी का दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में प्रदर्शन के लिए चयन हुआ। झारखंड की झांकी के प्रारूप को चयन प्रक्रिया में पदाधिकारियों के जरिये सराहा गया। नई दिल्ली में 19 जनवरी तक सभी चयनित राज्यों की झांकी को तैयार कर लेना है और पूरे परिधान के साथ 23 जनवरी को इनका रिहर्सल भी करा लिया जाना है। उल्लेखनीय है कि बीते वर्ष 2024 में दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के अवसर तसर सिल्क पर आधारित झांकी प्रदर्शित की गई थी।

## आमजनों के सुझाव आने के बाद हेमन्त सरकार तय करेगी आगामी वार्षिक बजट : राधा कृष्ण किशोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि साल 2025-26 के वार्षिक बजट के लिए निर्धारित अबुआ बजट पोर्टल एवं मोबाइल ऐप का शुभारंभ रविवार को हो चुका है। इसके जरिए आमजन फेसबुक, व्हाट्स अप, एक्स और इंस्टाग्राम जैसे सोशल प्लेटफॉर्म से 17 जनवरी तक सुझाव दे सकते हैं। आमजनों के सुझाव आने के बाद हेमन्त सरकार तय करेगी कि झारखंड का आगामी वार्षिक बजट कैसा होगा।

मंत्री राधा कृष्ण किशोर रविवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में संवाददाताओं बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़े ही पारदर्शिता के साथ हर वर्ग को शामिल करते हुए बजट के लिए उनके सुझाव मांगे गए हैं। सर्वश्रेष्ठ तीन सुझाव देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित करने का फैसला लिया गया है। आमजनों के सुझावों को वित्त विभाग जरिये 16 और 17 जनवरी को दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित कर विभाग के एक्सपर्ट से भी राय मशवरा लिया जाएगा। इसके बाद ठोस निचोड़ फैसलों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बैठकर विमर्श कर अबुआ बजट लाएंगे। मंत्री ने कहा कि राज्य की संस्कृति सभ्यता और झारखंडवासियों की भावनाओं के अनुरूप ही अबुआ बजट में गरीबों, शोषितों, दलितों आदिवासियों, अल्पसंख्यकों, सामान्य जाति के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों समेत हर वर्ग की आवश्यकता और उनकी उम्मीद अनुरूप हेमन्त सरकार का अबुआ बजट होगा। इसमें समाज के विद्वान अर्थशास्त्रियों, बुद्धिजीवियों तथा प्रमुख सामाजिक संगठनों को भी आमंत्रित कर उनसे भी विचार लिया जाएगा।

## दिल्ली को इस 'आप दा' से मुक्ति दिलाना बेहद जरूरी : पीएम

एजेंसी


**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि दिल्ली को विकसित भारत की राजधानी के रूप में विकसित करना है और दिल्ली का विकास भाजपा ही कर सकती है। अब दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है- आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को दिल्ली के जापानी पार्क में आयोजित भाजपा की परिवर्तन रैली को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने जनसभा में कहा कि अब आने वाले 25 साल भारत और दिल्ली के भविष्य के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। यह 25 साल भारत को विकसित राष्ट्र बनते हुए देखेंगे। उन्होंने कहा कि जल्द भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा। उस गौरवशाली यात्रा में देश की राजधानी का कदम से कदम मिलाकर चलना बहुत जरूरी है। हमें अपनी दिल्ली को भारत की राजधानी के रूप में विकसित करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेतृत्व वाली सरकार को आपदा की संज्ञा देते हुए कहा कि दिल्ली को इस आपदा से मुक्ति दिलाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली और आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मैं दिल्लीवासियों से अनुरोध करने आया हूं कि आप भाजपा को एक अवसर प्रदान करें। पिछले 10 साल में दिल्ली ने एक ऐसी राज्य सरकार देखी है, जो किसी 'आप-दा' से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि यह एहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है। इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है- 'आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे।' प्रधानमंत्री ने दो दिन पहले अशोक विहार में झुग्गी झोपड़ी वालों को फ्लैट की चाबी देने का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता स्वाभिमान अपार्टमेंट की फोटो लेकर के जनता के बीच जाएं और उन्हें जहां झुग्गी वहीं मकान की मोदी की गारंटी दें।

## पोरबंदर के एयर एन्क्लेव में आईसीजी का एडवांस हेलीकॉप्टर 'ध्रुव' क्रैश, तीन की मौत

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** गुजरात के पोरबंदर में रविवार को भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) का एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार सभी तीन लोगों की मौत हो गई। लैंडिंग के समय दुर्घटनाग्रस्त हुए हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी आने की संभावना जताई गई है, इसलिए कोस्ट गार्ड ने जांच के आदेश दिए हैं। दो महीने पहले भी अरब सागर में क्रैश हुए ध्रुव हेलीकॉप्टर की जांच इंडियन कोस्ट गार्ड की टीम कर रही है। भारतीय तटरक्षक बल के कमांडर अमित उनियाल ने इस घटना में तीन लोगों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि यह दुर्घटना रविवार सुबह पोरबंदर के कोस्ट गार्ड एयर एन्क्लेव में हुई है। क्रैश के दौरान घायल हुए दो लोगों ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया, जबकि हेलीकॉप्टर से कूदने वाले व्यक्ति की भी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर ध्रुव नियमित प्रशिक्षण उड़ान पर था। इसी दौरान कुछ तकनीकी खराबी आने से गुजरात के पोरबंदर कोस्ट गार्ड एयरपोर्ट पर लैंडिंग के समय हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। कोस्ट गार्ड के पास 16 एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर हैं, जिन्हें बेंगलुरु स्थित हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने डिजाइन और निर्मित किया है। तटरक्षक बल का एक हेलीकॉप्टर दो महीने पहले भी अरब सागर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। आईसीजी के एडवांस लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) ध्रुव के लापता पायलट इन कमांड का पार्थिव शरीर पोरबंदर से लगभग 55 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्र से बरामद किया गया था। दुर्घटना के दूसरे दिन ही हेलीकॉप्टर का मलबा मिलने के साथ चालक दल के दो सदस्यों के पार्थिव शरीर समुद्र से बरामद किए गए थे। इसके बाद आईसीजी ने अपने एएलएच ध्रुव बेड़े की सुरक्षा जांच के आदेश दिए थे, जिसमें उड़ान नियंत्रण और ट्रांसमिशन सिस्टम पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके साथ ही घटना की गहन जांच होने तक मल्टी मिशन हेलीकॉप्टरों की उड़ानों पर रोक लगा दी गई थी।

गुजरात के पोरबंदर में यह घटना ऐसे समय में हुई है, जब हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड ने दो माह पूर्व हुई दुर्घटना के बाद एएलएच ध्रुव फ्लीट के सेफ्टी अपग्रेडेशन का काम पूरा किया है। पिछले साल भी एडवांस लाइट हेलिकॉप्टर ध्रुव कई दुर्घटनाओं का शिकार हुआ था। डिजाइन संबंधी गंभीर समस्या से जूझ रहे ध्रुव फ्लीट को पिछले साल कई बार उड़ान भरने से रोक दिया गया था।

## छत्तीसगढ़ में पुलिस मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर, डीआरजी का जवान शहीद

एजेंसी




**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले की सीमा पर अबूझमाड़ के जंगल में पुलिस-नक्सलियों के बीच शनिवार देर रात हुई मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर हो गए जबकि डीआरजी जवान प्रधान आरक्षक क्रं. 331 सन्नू कारम का बलिदान हो गया। सर्चिंग के दौरान जवानों ने मौके से सभी चार नक्सलियों के शव के साथ एके 47, एसएलआर जैसे आटोमैटिक हथियार बरामद किए हैं। इस मुठभेड़ की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने की है।

पुलिस के अनुसार बलिदानी जवान सन्नू कारम एक आत्मसमर्पित नक्सली थे। उन्होंने कुछ साल पहले ही नक्सलवादियों का साथ छोड़ दिया था और पुलिस में भर्ती हुए थे। वे दंतेवाड़ा में पदस्थ थे। आज रविवार दोपहर 2.30 बजे बलिदानी सन्नू कारम के पार्थिव शरीर को ससम्मान पुलिस लाइन कारली जिला दंतेवाड़ा में सलामी दी जाएगी। बताया जा रहा है कि शनिवार देर रात चार जिले के एक हजार जवानों ने नक्सलियों के कोर इलाके को घेर लिया था। दोनों तरफ से रुक-रुककर गोलीबारी हुई। इसमें चार नक्सली मारे गए और एक जवान का बलिदान हो गया। मारे गए नक्सलियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अभियान में दंतेवाड़ा, नारायणपुर, कोंडागांव और बस्तर जिले की डीआरजी और एसटीएफ की टीम को भेजा गया था। जवान अब भी मौके पर ही मौजूद हैं और इलाके की सर्चिंग कर रहे हैं।

## एक नजर

### स्वतंत्रता सेनानी और उद्यमी इंदरचंद जैन का 99 वर्ष की आयु में निधन



**बोकारो** : स्वतंत्रता सेनानी एवं बोकारो के जाने-माने उद्यमी-व्यवसायी श्री इंदरचंद जैन का 99 वर्ष की उम्र में आज प्रातः 5:00 बजे देव लोक गमन हो गया। चास-बोकारो के सबसे पुराने होटल में से एक नीलकमल की स्थापना उनके द्वारा की गई थी। चेंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा की अपनी लगनशीलता, कर्मठता एवं प्रतिबद्धता के कारण वे बोकारो के प्रमुख एवं सफल व्यवसायियों में शामिल हो गए, और अपनी एक विशिष्ट पहचान स्थापित की। संरक्षक संजय बैद ने कहा की श्री इंदरचंद जैन धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति के थे। वे सामाजिक कार्यों में सदैव तत्पर रहते थे। जैन मिलन के संस्थापक सदस्यों में से रहे श्री इंदरचंद ने सेक्टर 2 जैन मंदिर का भी निर्माण करवाया। गर्गा नदी के घाट पर आज उनका अंतिम संस्कार किया गया। कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी श्याम सुंदर जैन ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में किशन रिटोलिया, विकास अग्रवाल, आलोक जैन, सुभाष केजरीवाल,संजय जैन,दीपक जैन, पीयूष जैन, अशोक तनेजा पीए जकारिया, अशोक जैन, प्रकाश कोठारी, शिव अग्रवाल, विनोद चोपड़ा, टिंकू तापड़िया, सुरेंद्र मोदी, सतीश जैन,विमल जैन, डॉ महेंद्र जैन, रंजीत बरनवाल, मदन डागा सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### राममय करने के लिए एक रामकथा का हुआ आयोजन



**बोकारो** : चास स्थित धर्मशाला मोड के समीप श्री रामकथा आयोजन ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में प्रांगण में आज एक प्रेस वातार्लाप रखी गई। इस वातार्लाप में ट्रस्ट द्वारा बताया गया कि पूरे बोकारो को राम मय करने के लिए एक श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। बोकारो में पहली बार राजन महाराज द्वारा 9 दिन तक गाया भजन एवम कथा श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करने के लिए आ रहे हैं। उनके कथा का आयोजन 27 मार्च से 4अप्रैल तक बोकारो, सेक्टर 4 के मजदूर मैदान में होंगी।इस कथा की शुरूआत 27 मार्च को श्री राम कथा ध्वज यात्रा सेक्टर 1के श्री राम मंदिर से निकाली जाएगी, जिसमे धूम धाम से हजारों लोग भाग लेंगे। श्री रामकथा आयोजन ट्रस्ट की बैठक हर प्रखंड में की जा रही है ताकि स्थानीय लोगो का सहयोग भी लिया जा सके।कथा में बोकारो तथा आसपास करीब 25000 भक्तों के आने की संभावना है इसके लिए आवश्यक प्रबंध भी किए जा रहे हैं।
इस प्रेस वार्ता में श्री रामकथा आयोजन समिति के शिव अग्रवाल, मुकुल ओझा, विमलेश पांडे, वीरेंद्र चौबे, सिद्धांत, शैलेन्द्र, राजेंद्र, अमित, मृणाल चौबे, प्रसून, प्रेमचंद ,प्रभात आदि शामिल हुए।

### पत्नी ने पति को पीट-पीट कर की हत्या

**दुमका**: जिले के रानेश्वर प्रखंड के गोबिंदपुर पंचायत के बागजोबड़ा गांव के पत्नी ने पति को पीट-पीटकर हत्या कर दी हैं। मृतक की पहचान हेमलाल टुडू (35 )के रुप में की गयी है। मामले में रानेश्वर थान प्रभारी बलराम कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सौप दिया गया है। बताया कि मृतक के भतीजा के लिखित बयान पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। भतीजा का आरोप है कि हेमलाल के पत्नी ने मारकर हत्या कर दिया है।

# बोकारो में पारिवारिक सहायता केंद्र के परिचय सम्मेलन का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** विदित हो की पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पारिवारिक सहायता केंद्र के द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन स्थान सेक्टर 4 डी नियर बुद्ध विहार में मदन मोहन महतो के अध्यक्षता एवं संतोष कुमार महतो तथा जयप्रकाश महतो संयुक्त रूप से कार्यक्रम को संचालन किया कार्यक्रम को मुख्य अतिथि माननीय श्री शिवदास महाजन, राष्ट्रीय अध्यक्ष ह्यूमन राइट्स ऑफ इंडिया महाराष्ट्र, विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम में सम्मिलित अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित तथा देश के महापुरुषों महानायको के तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए शुभारंभ किया। मदन मोहन महतो ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा समाज तथा देश निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका परिवार की होती है परिवार में देश के भविष्य का निर्माण किया जा सकता है। रिश्ता, संवेदनशीलता, भावना, सम्मान प्रेम संस्कार, व्यवहार के द्वारा आदर्श परिवार का निर्माण संभव है वर्तमान दौर में बिखरते परिवार सशक्त समाज निर्माण में चुनौती है पारिवारिक सहायता केंद्र आदर्श परिवार के निर्माण हेतु लगातार प्रयासरत है आदर्श परिवार से ही आदर्श समाज का निर्माण संभव है ।मुख्य अतिथि श्री महाजन ने कहा परिवार से परिवार के बीच आत्मीय संबंध स्थापित करने के लिए तत्पर रहते हुए कार्य करने हेतु अपील की तथा मानव सेवा के कार्य हेतु परिवार के सभी सदस्यों को आगे आने का आह्वान किया विशिष्ट अतिथि संजीव कुमार परिवार में एकता के महत्व पर विशेष बल दिया सभी को एकजुट होने का आह्वान किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में जयप्रकाश महतो संतोष कुमार जय नारायण महतो मोहनलाल सुमन लेकिन हम लोगसमरेश कुमार मनोज कुमार धनेश्वर महतो सत्येंद्र कुमार महतो जितेंद्र कुमार सुरेश कुमार,धर्मेंद्र कुमार,जेपी कुमार, उमेश प्रसाद महतो देवरंजन कुमार चितरंजन कुमार सुरेश प्रसाद महतो रामचंद्र सिंह कंचन कुमारी सुकदेव महतो मुखिया शंकर महतो उप मुखिया राजू कुशवाहा,गोविंद महतो महावीर महतो सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने किया कंबल वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** पिण्ड्राजोडा क्षेत्र के सिमरिया गांव के मध्य विद्यालय परिसर में आज, दिनांक 5 जनवरी 2025, रविवार को शीतलहरी के मद्देनजर पूर्व सैनिक सेवा परिषद के द्वारा कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन ग्रामीणों के मांग पर सूची बनाकर किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व सेवा परिषद के राकेश मिश्रा ने किया। संस्था के अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह ने इस अवसर पर कहा, ₹हमारा भारत गांवों में बसता है, जहां बहुत से लोग ठंड की कड़ी रातों में कठिनाई से गुजरते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए 100 जरूरतमंद ग्रामीण बुजुर्गों के बीच कंबल और खाद्यान्न सामग्रियों का वितरण किया गया है। मौके पर एकल अभियान से प्राणचंद महतो, हेमंत कुमार, मनोज महतो एवं गांव के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान परिषद के अन्य सदस्य, जैसे विनय कुमार, परमहंस, निकेश गिरी, राजहंस, मुकेश कुमार, विनय कुमार, प्रदीप झा प्रशांत द्विवेदी उपस्थित रहे। इस पहल की ग्रामीणों ने सराहना की और ठंड से बचाव के लिए इसे अत्यंत सहायक बताया।

## राष्ट्रीय जनजाति आयोग की सदस्य ने आदिवासी संगठनों के साथ की बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**धनबाद :** राष्ट्रीय जनजाति आयोग, भारत सरकार, की माननीय सदस्य डॉक्टर आशा लकड़ा ने रविवार को सर्किट हाउस में विभिन्न आदिवासी सामाजिक संगठनों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान करने का निर्देश दिया।बैठक संपन्न होने के बाद माननीय सदस्य ने कहा कि आयोग ने आदिवासी समाज की सुरक्षा एवं संरक्षण का निर्देश दिया है। इस सिलसिले में आज धनबाद के विभिन्न आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को आर्थिक विकास से जोड़ना है। समाज की सांस्कृतिक धरोहर को बचाना है। उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान पदाधिकारियों से विभिन्न विषयों पर जानकारी ली है। साथ ही आदिवासी सामाजिक संगठनों की सुरक्षा एवं संरक्षण के लिए निर्देश दिया है। इस क्रम में संगठन के प्रतिनिधियों ने विभिन्न समस्याओं से उनको अवगत कराया। माननीय सदस्य ने उनकी समस्या का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। बैठक में माननीय सदस्य डॉक्टर आशा लकड़ा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सह कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशु कुमारी, जिला शिक्षा अधीक्षक के अलावा विभिन्न आदिवासी सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।


## एक चुटकी खैनी के लिए अंधाधुंध गोलियां चलाने वाले अरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद :** महज एक चुटकी खैनी के लिए निर्दोष लोगों पर अंधाधुंध गोलियां चलाने वाले अपराधी को धनबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इतना ही नही पुलिस ने हथियार के साथ उसके पूरे गिरोह को धरदबोचा है। वहीं, आलम यह है कि खैनी के आशिक उस अपराधी की उम्र इतनी कम है कि हम आपकों उसके नाम के साथ उसकी पहचान भी नही बता सकते। बता दें कि पिछले दिनों 30 दिसंबर 2024 को केंदुआडीह थाना क्षेत्र स्थित गोधर पेट्रोल पंप के पास काली बस्ती मोड़ पर अज्ञात अपराधियों ने एक ट्रक में लूटपाट करने की नीयत से पहुंचे थे, लेकिन ड्राइवर के जगे होने के कारण उक्त अपराधी घटना को अंजाम नही दे सके। इसी दौरान गिरोह में शामिल नाबालिग ने ड्राइवर से खैनी मांगी, लेकिन ड्राइवर ने खैनी नही दी। जिसपर गुस्साए उक्त नाबालिग ने ट्रक ड्राइवर उमाशंकर सिंह और खलासी नीतीश कुमार को गोलीमार कर घायल कर दिया था।
वहीं आज इस संदर्भ में जानकारी देते हुए पुलिस उपाधीक्षक (लॉ एंड ऑडर) नौसाद आलम ने बताया कि मामले में अनुसंधान के क्रम में केंदुआडीह के ही रहने वाले गौतम भुइयां उर्फ भदुआ (19), राहुल मोदी उर्फ छैला (19), सरफुद्दीन अंसारी उर्फ छोटू (22), कल्लू पासी (19), सुजीत कुमार उर्फ सुकरा (26) और गोली चलाने वाले एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। इनकी निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त एक देसी पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस भी बरामद कर लिया गया है। वहीं इस गिरोह में शामिल सुकरा उर्फ सुजीत के विरुद्ध धनबाद के केंदुआडीह और धनसार थाना में करीब एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज है।

## विधायक ने आरवीएस क्लब बंसीमली क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन समारोह में लिया भाग



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** विधायक श्वेता सिंह विधानसभा अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुई।इस निमित अपने प्रवास के दौरान सर्वप्रथम श्रीराम स्पॉटिंग क्लब द्वारा आयोजित गर्ग डैम में वानभोज में शामिल हुए इस अवसर पर चास नगर निगम के निवर्तमान महापौर भोलू पासवान भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने कहा कि नए साल में वानभोज कार्यक्रम क्षेत्र की जनता हर्षोल्लास के साथ विभिन्न रमणीय स्थलों पर मना रही है सभी को पुनः नववर्ष की शुभकामना देती हूं और सबकी खुशहाली की कामना ईश्वर से करती हूं। तत्पश्चात सीजुआ ग्राम स्थित श्री साईं विद्यालय द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने विद्यालय के संस्थापक भाई रणधीर मिश्रा को शुभकामना देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का अलख जगाने वाले ऐसे विभूति की जितनी सराहना की जाए वो कम है वहीं छात्र छात्राओं को संबोधन करते हुए कहा कि आप सभी क्षेत्र का भविष्य है इसलिए निजी तौर पर सफलता हासिल करने हेतु पूरे निष्ठा से मेहनत करने की बात कही और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। आर वी एस क्लब बंसीमली द्वारा आयोजित दो दिवसीय क्रिकेट टूनामेंट के समापन समारोह में सम्मिलित होकर सभी युवा खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और कहा कि कोई भी खेल हो उसमें सकारात्मक खले भावना हर खिलाड़ी के अंदर जरूर होनी चाहिए तभी जाकर समाज सबल बनेगा।

# चुनाव में बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारी- कर्मी हुए सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो :** विधानसभा आम चुनाव 2024 के दौरान बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों कर्मियों के लिये प्रशस्ति पत्र वितरण सह सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को अमृत पार्क,आइटीआइ मोड़ चास में किया गया। इस दौरान सभी वरीय पदाधिकारियों-प्रभारी पदाधिकारियों तथा चुनाव के दौरान बेहतर कार्य करने वाले कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव ने कहा कि चुनाव के दौरान प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने अपने कार्यों का निर्वहन पूरी तत्परता से किया है जिसके कारण हम चुनाव को सफलतापूर्वक शांतिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने में सफल हुए हैं। उन्होंने निर्वाचन के प्री झ पोस्ट दायित्वों के निष्पादन में लगे सभी अधिकारी झ कर्मियों के परिवारिक सदस्यों को भी धन्यवाद दिया। मौके पर निदेशक प्रभारी बीएसएल श्री बी के तिवारी ने कहा कि चुनाव को आरमदायम एवं इंफार्मेटिक बनाने में जिला प्रशासन का अहम योगदान रहा है। उन्होंने एक वर्ष में दो महापर्व (लोकसभा आम चुनाव एवं विधानसभा आम चुनाव 2024) को दाग रहित आयोजन को लेकर उपायुक्त एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दी। मौके पर उप विकास आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद ने कहा कि सभी के सहयोग से ही विधानसभा आम चुनाव 2024 को सफलता पूर्वक संपन्न कराया जा सका है। उन्होंने कहा कि सभी ने अपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी तत्परता से की है और इसकी जितनी भी प्रशंसा की जाय कम है। मौके पर उपस्थित सीटी डीएसपी आलोक रंजन/बेरमो एसडीपीओ वी एन सिंह ने कहा कि निर्वाचन कार्य में सभी पुलिस पदाधिकारियों ने बेहतर समन्वय के साथ कार्य किया है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी चुनाव काफी सफल रहा है। इस मौके पर विभिन्न निर्वाचन कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों एवं उनकी टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया। मौके पर कई पदाधिकारियों ने निर्वाचन के दौरान हुए अपने अनुभव को साझा किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त श्री गिरजा शंकर प्रसाद, 34 गोमिया विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी 35 बेरमो विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी श्री मुकेश मछुआ, 36 बोकारो विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा 37 चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर श्री प्रभाष दत्ता एवं सभी विधान सभा क्षेत्रों के सहायक निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### मेरे ऊपर लगाया आरोप गलत : सत्येंद्र यादव



**तेतुलमारी (धनबाद) :** मेरे ऊपर लगाये गये आरोप गलत है उक्त बातें तेतुलमारी थाना प्रभारी सत्येन्द्र यादव ने कहा कि 23 दिसंबर 24 को तेतुलमारी थाना कांड संख्या 64/24 में मनोज नोनिया को तेतुलमारी पुलिस ने जेल भेजा था,उक्त मामले को दूसरे तरफ मोडने के लिये मनोज नोनिया की पत्नी एकता कुमारी ने गलत आरोप लगाया है,जो जांच के बाद साफ हो जायेगा। पुलिस सूत्रों की माने तो तेतुलमारी थाना प्रभारी ने पूर्व में ही वरीय अधिकारियों को संभवित मामले की जानकारी दे दी थी। उन्हें आभास था कि उनके ऊपर झूठा मामला दर्ज करवाया जा सकता हैं। इससे पूर्व भी एक थानेदार पर झूठा आरोप लगाई थी।

### अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग को लेकर आजसू नेता अमरदीप ने पुलिस को सौंपा ज्ञापन




**धनबाद :** कतरास थाना व रामकनाली ओ पी अंतर्गत क्षेत्र में हो रहे अवैध कोयला उत्खनन को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव अमरदीप महतो के नेतृत्व में कतरास थाना एवं रामकनाली ओ पी पुलिस को ज्ञापन दिया। केशलपुर कुम्हार पट्टी क्षेत्र का दौरा करते हुये श्री महतो ने कहा कि अवैध कोयला माफियाओं के द्वारा खनन जोर शोर से हो रही है जिससे ग्रामीण एवं आम जनमानस भयभीत हैं कुछ दिन पहले ही कतरास क्षेत्र के अंतर्गत केसलपुर कुम्हार पट्टी में ग्रामीणों पर कोयला माफियाओं के द्वारा मारपीट , बम ,गोली से दहशत का माहौल बनाने एवं जान मार के नियत से कोयला माफिया द्वारा गोली,बम चलाया गया इसका निंदा करते हैं और असामाजिक तत्वों के द्वारा आम जनमानस को डराने का काम कर रहे हैं, पुलिस प्रशासन से मांग करते हैं जल्द से कोयला माफिया को गिरफ्तारी करें, अन्यथा हम ग्रामीण कतरास थाना के समझ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे ज्ञापन में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि आशीष तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सतीश महतो, कतरास नगर अध्यक्ष नवदीप गुप्ता, सागर महतो,राज किशोर कुंभकार, विशाल महतो सहित अन्य शामिल थे।

### डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन ने किया वनभोज एवं पारिवारिक मिलन का आयोजन



**धनबाद :** धनबाद डिस्ट्रिक्ट फोटोग्राफर्स ट्रेड एसोसिएशन के द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष्य में वनभोज सपारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन 5 जनवरी को बिरसा मुंडा पार्क में किया गया। इस आयोजन में सदस्यों के परिवार के लगभग 210 लोग शामिल हुए। पारिवारिक मिलन समारोह एवं वनभोज में मनोरंजन के लिए संगीत, बच्चों एवं महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर, अंत्याक्षरी एवं विभिन्न प्रकार के खेलों की व्यवस्था की गई। सभी खेलों में भाग लिए हुए बच्चों एवं महिलाओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। संगठन के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने सभी सदस्यों का अभिवादन करते हुए कहा कि इस प्रकार के पारिवारिक मिलन समारोह एवं वनभोज का आयोजन करने का प्रयास आगे भी जारी रहेगा और साथ ही साथ संस्था के हित में जो उचित कार्य होगा उसे भी किया जाएगा और हमारी संस्था सामाजिक कार्य में भागीदारी निभाती आई है और आगे भी निभाएगी । वर्तमान समय को ध्यान में रखते हुए अपने-अपने व्यवसाय में कैसे वृद्धि लाए इस विषय पर भी चर्चा की गई। इस आयोजन को सफल बनाने में सचिव मनीष शाह, गुड्डू गुप्ता, अनूप साहू, सुभाष सरावगी, अभिजीत भट्टाचार्य, संजय कुमार, अनिल गुप्ता, मंतोष लाल, सूरज रवानी, मनोज राठौर, रंजीत जायसवाल, पिंटू दत्ता, सुबोध महाराज, साजिद खान,सुजीत गुप्ता, पुरुषोत्तम पंडित,पप्पू, शंकर दे, सन्नी,दिनेश, शशि, ब्रजेश झा ने अहम योगदान दिया।

### क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ महिला प्रकोष्ठ ने वनभोज सा मिलन समारोह का किया आयोजन



**बोकारो :** क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बबली सिंह के नेतृत्व में वन भोज सा मिलन समारोह आयोजन किया गया है आयोजन स्थल सिटी पार्क बोकारो स्टील सिटी में किया गया जिसके मुख्य अतिथि माननीय श्री राजेंद्र सिंह जी है महामंत्री का स्वागत महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बबली सिंह ने की माननीय सिंह जी महिलाओं को संबोधन करते हुए महिलाओं को कार्य शैली का मंत्र बताएं महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष बबली सिंह क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ की महिलाओं को स्वरोजगार एवं निशुल्क प्रशिक्षण करने की बात कही तथा महिलाओं को एक क्रांतिकारी नारी सशक्तिकरण बनने को मूल मंत्र बताएं मिलन समारोह में उपस्थित गणमान्य महिलाओं एवं क्रांतिकारी इस्पात मजदूर संघ के पदाधिकारी के नाम निम्नांकित है स्नेहा सिंह, सावित्री देवी ,सुचित्रा देवी, रीमा तिवारी, ज्योति सिंह, नेहा कुमारी, राखी ,रानी जयसवाल ,स्वाति सिंह, शशि सिंह ,अखिलेश सिंह शैलेश सिंह इत्यादि लोग मौजूद रहे।


### गिफ्ट का झांसा देकर नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म

**बोकारो :** बालीडीह थाना क्षेत्र के मखदुमपुर इलाके में छह वर्षीय लड़की से सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। साथ खेल रहे तीन आरोपी लड़कों ने गिफ्ट देने का झांसा देकर एक कमरे में बच्ची को नजरबंद कर मुंह हाथ पैर बांधकर बारी बारी से सामूहिक दुष्कर्म किया। बच्ची की तबीयत बिगड़ने के बाद जब मामला सामने आया तो परिजनों के शिकायत पर बालीडीह पुलिस ने शनिवार रात तीन नाबालिक आरोपियों के खिलाफ गैंगरेप का प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू किया है। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज करने के साथ शनिवार को पीड़ित बच्ची का सदर अस्पताल में चिकित्सीय जांच कराया है। पुलिस के अनुसार घटना 26 दिसंबर शाम पांच बजे की है, जब बच्ची अपने घर से आरोपियों के साथ खेलने गई थी। इसी क्रम में तीनों आरोपियों ने बच्ची को गिफ्ट देने के बहाने एक कमरे में ले गए जहां कमरे का दरवाजा बंद कर बच्ची का मुंह हाथ पैर बांधकर सामूहिक दुष्कर्म किया। बच्ची के चीखने चिल्लाने पर डरा धमका कर खामोश कर दिया। किसी प्रकार वहां से घर पहुंची। 27 दिसंबर को वो लड़खड़ा कर चलने लगी और शौच के दौरान दर्द से तड़पने लगी।

# पंडरा में लूट और फायरिंग मामले का पुलिस ने किया खुलासा, आठ गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची पुलिस ने पंडरा इलाके में लूट और फायरिंग मामले का खुलासा किया है। इस मामले में रांची पुलिस ने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। तीस दिसंबर को आशीर्वाद आटा के मैनेजर बैंक में पैसा जमा करने के दौरान पंडरा इलाके के ओटीसी ग्राउण्ड के पास मैनेजर सुमित गुप्ता से हथियार के बल पर 13 लाख रूपया लूट किया गया था।लूटपाट होते देख बगल में खड़ा स्टार होटल के मैनेजर सुमित कुमार के द्वारा अपराधियों को पकड़ने का प्रयास किया गया तो उसके उपर फायरिंग कर जख्मी कर दिया गया। मामले की जांच करने के लिए एसआईटी का गठन किया गया। इसके बाद टीम के द्वारा सभी बिन्दुओं पर गहराई से अनुसंधान करने पर एक अपराधी को फोटो के आधार पर पहचान किया गया। इसके बाद सीसीटीवी फूटेज के आधार पर बाकी अपराधियों का भी पहचान कर लिया गया। इसके बाद चार जनवरी को सूचना मिला की आशीर्वाद आटा के मैनेजर से लूटपाट और फायरिंग करने वाले अपराधी रिंगरोड से पिस्का मोड़ की ओर आ रहे हैं। इस सूचना पर ईटकी रोड दिपाटोली मोड़ के पास चेंकिग लगाया गया। इस पर एक होण्डा साईन बाईक पर सवार तीन व्यक्ति पुलिस को देखकर अचानक अपनी मोटर साईकिल को रोकर भागने का प्रयास करने लगा। इस पर तीनों को पकड़ लिया गया। इसके बाद सभी से नाम पता पूछने पर अपना नाम 1 राजेश श्रीवास्तव, उर्फ राजेश सिंह पे० अर्जुन सिंह सा० सीसीएल कॉलोनी रामगढ़, 2 चन्द्रशेखर प्रसाद सिन्हा पे० गोविन्द प्रसाद सिन्हा सा०-गोकूल धाम, कमड़े, रातू, 3 प्रकाश साव पे० स्व० छोटु साव सा० शिव दुर्गा मंदिर लेन, मधुकम, रातू रोड, थाना-सुखदेवनगर बताया। सभी का तलाशी लेने पर चन्द्रशेखर प्रसाद सिन्हा के पास एक देशी पिस्टल जिस पर पांच जिन्दा गोली लोडेड पाया गया। इसके बाद राजेश श्रीवास्तव के पास से एक 12 बोर का देशी कट्टा और चार जिन्दा गोली बरामद किया गया । इन सभी से पूछताछ करने पर सभी ने बताया कि तीस दिसंबर को अशीर्वाद आटा का मैनेजर से 13 लाख रूपया का लूट और फायरिंग का घटना इनके द्वारा ही किया गया था। इसके बाद सभी ने बताया कि इस घटना का मुख्य सरगाना चन्द्रशेखर प्रसाद के द्वारा योजना बनाया गया था। क्योंकि चन्द्रशेखर पूर्व में आशीर्वाद आटा दुकान में काम भी करता था। इसलिए उसे पता था कि 2-3 दिन के बाद बैंक में पैसा जमा होता है और सोमवार को ज्यादा पैसा जमा होता है। इसलिए ये लोग सोमवार को पैसा लूटने का योजना बनाये और रेकी किये और इस वारदात को अंजाम दिया। राजेश श्रीवास्तव के द्वारा मैनेजर से मारपीट कर पैसा लूटने लगा तो बगल में स्टार होटल के मैनेजर सुमित कुमार के द्वारा लूटपाट को देखकर अपराधियों को पकड़ने लगा। इसपर चन्द्रशेखर प्रसाद सिन्हा के द्वारा उनके उपर फायरिंग किया गया।



## एक नजर

### नौ जनवरी को रांची आएंगे केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी

**रांची :** केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी 9 जनवरी को झारखंड का आ रहे हैं। झारखंड दौरे के दौरान कोयला मंत्री सीसीएल और सीएमपीडीआई के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही वह सीसीएल के 200 बेड के अस्पताल की नींव रखेंगे। जिसका निर्माण रिन पास के कांके स्थित परिसर में किया जाएगा। बता दें कि इस अस्पताल के लिए सुकरहट्ट रोड में जमीन चिह्नित की गई है। कोयला मंत्री किशन रेड्डी गांधीनगर कॉलोनी के पीछे कर्मचारियों के लिए बनने वाले आवास की भी आधारशिला रखेंगे। इसके बाद वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करेंगे और झारखंड की कोयला कंपनियों की समस्याओं पर बातचीत करेंगे। इस दौरे का उद्देश्य राज्य में कोयला उद्योग की स्थिति को सुधारने और कर्मचारियों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कदम उठाना है। इसके बाद कोयला मंत्री वापस दिल्ली लौट जायेंगे।

### 9 से 11 जनवरी तक सीपीएम का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन

**रांची :** सांप्रदायिक-कॉरपोरेट गठजोड़ की लूट और नफरती मुहिम के खिलाफ और एक बेहतर झारखंड के लिए समर्पित मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन 9 से 11 जनवरी तक एटीसी नामकुम, रांची में होगा। सम्मेलन में पूरे राज्य के 24 जिलों से निर्वाचित 75 महिला सहित 350 प्रतिनिधि और ऑब्जर्वर शामिल होंगें। जो राज्य भर में फैले सीपीएम के 5500 पार्टी सदस्यों का प्रतिनिधित्व करेंगें। यह जानकारी रविवार को पार्टी राज्य कार्यालय में सीपीएम के राज्य सचिवमंडल सदस्य और स्वागत समिति के सचिव प्रफुल लिंडा ने संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन स्थल का नाम पार्टी के दिवंगत महासचिव कॉमरेड सीताराम येचुरी के नाम पर होगा। सभागार का नाम पं। बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के स्मृति में रखा गया है जबकि मंच का नाम शहीद सुभाष मुंडा मंच रखा गया है। 9 जनवरी को दोपहर ढ़ाई बजे खुला सत्र का आयोजन किया गया है जिसे माकपा के झारखंड प्रभारी पूर्व सांसद और पोलिट ब्यूरो सदस्य कॉमरेड बृन्दा करात, पूर्व सांसद और पोलिट ब्यूरो सदस्य कॉमरेड रामचंद्र डोम, राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, जाने माने साहित्यकार और स्वागत समिति के अध्यक्ष डॉक्टर रणेन्द्र सम्बोधित करेंगे। सम्मेलन की तैयारी के लिए पूरे रांची जिला में कोष संग्रह किया जा रहा है। रांची शहर को झंडों और बैनरों से सजाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीपीएम का यह राज्य सम्मेलन ऐतिहासिक होगा और जनता के ज्वलंत मुद्दों पर पूरे राज्य में आंदोलन तेज करने की रूपरेखा तैयार किया जाएगा और संगठन का विस्तार किया जाएगा।

### मुक्ति संस्था ने 34 लावारिश शवों का किया अंतिम संस्कार

**रांची :** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 34 अज्ञात शवों का पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया। मुक्ति संस्था के सदस्य रिम्स के मोर्चरी गृह से अज्ञात शवों को निकालकर जुमार नदी के तट पर लेकर गए। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने अज्ञात शवों को मुखाग्नि दी। संस्था के अध्यक्ष प्रवीण लोहिया ने कहा कि मुक्ति संस्था ने अबतक कुल 1917 अज्ञात शवों का अंतिम संस्कार किया है। अंतिम अरदास परमजीत सिंह टिंकू ने किया। इस मौके पर संस्था के रवि अग्रवाल, सीताराम, कौशिक, कमल चौधरी, उज्वल जैन, आशीष भाटिया, रतन अग्रवाल, संदीप कुमार, सुनील अग्रवाल, बलबीर जैन, मोती सिंह, नीरज खेतान, अमित किशोर, संजय सिंह, विनोद जैन बेगवानी, हरीश नागपाल, आरके गांधी, विजय धानुका, विष्णु गोयल और आदित्य शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# जनता के साथ धोखेबाजी करना कांग्रेस का पुराना इतिहास : आदित्य साहू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने राज्य के वित्त मंत्री एवं कांग्रेस विधायक राधाकृष्ण किशोर के बयान की कड़ी निंदा की। साहू ने रविवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी का जनता के साथ धोखेबाजी करना इसका पुराना इतिहास है। आज झारखंड के वित्तमंत्री के बयान में कांग्रेस पार्टी का चाल चरित्र और चेहरा उजागर हुआ है। साहू ने कहा कि राधा कृष्ण किशोर का 450 रुपये में गैस सिलिंडर देने के वादों को सिरे से नकार देना हेमंत सरकार की नीयत को उजागर कर रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और झामुमो दोनों ने विधानसभा चुनाव में जनता का वोट पाने के लिए बड़े पैमाने पर लोक लुभावन वादे किए। उन्हीं वादों में 3200 रुपये क्विंटल धान खरीद और 450 रुपए में जनता को गैस सिलिंडर देने की घोषणाएं शामिल है। साहू ने कहा कि आज सत्ता में आते ही राज्य सरकार अपने सभी वादों को एक-एक कर भूल रही है। राज्य में धान की खरीद 2400 रुपये में हो रही और दूसरी ओर आज वित्त मंत्री ने तो जनता को पूरी तरह निराश कर दिया। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री का यह बयान कि 450 रुपये में सिलिंडर देने का वादा इंडी गठबंधन का नहीं था, बल्कि यह कांग्रेस पार्टी का वादा था। इसे पूरा करने के लिए सरकार बाध्य नहीं है। यह सरासर अज्ञानता है। उन्हें अपना ज्ञान थोड़ा बढ़ाना चाहिए। मैनिफेस्टो को पढ़ना चाहिए ताकि योजना बनाने में उन्हें सहूलियत हो। साहू ने कहा कि जनता यह कैसे समझे कि कौन सा वादा इंडी गठबंधन का है। क्योंकि, इस गठबंधन ने कोई घोषणा पत्र घोषित किया ही नहीं है।

# विधवा पेंशन बहाल करे हेमन्त सरकार : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने रविवार को राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि एक योजना की कीमत पर दूसरी योजना को आगे बढ़ाना किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं है। सरकार को यह समझना होगा कि हमारी विधवा माताओं-बहनों के जीवन में पेंशन की कितनी अहम भूमिका है। इसलिए मुख्यमंत्री को तत्काल नींद से जागकर विधवा पेंशन को बहाल करना चाहिए। साथ ही सरकार माताओं-बहनों की मजबूरी का मजाक बनाना बंद करे। मरांडी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा है कि हमारी विधवा माताओं-बहनों की स्थिति बेहद दयनीय और चिंताजनक हो गई है। क्योंकि, इस सरकार में उन्हें भारी संकट और उपेक्षा का सामना करना पड़ रहा है। मरांडी ने कहा कि विधवा पेंशन, जो उनके जीवन का एकमात्र सहारा है, पिछले पांच-छह महीनों से बंद है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का कहना है कि सरकार ने विधवा पेंशन फंड का पैसा मंईया सम्मान योजना के लिए ट्रांसफर कर दिया है, जिससे उनकी पेंशन रुक गई है। मरांडी ने कहा कि विधवा पेंशन, हमारी माताओं-बहनों के लिए सिर्फ एक राशि नहीं, बल्कि एक ऐसा सहारा है, जो उन्हें सम्मान और आत्मनिर्भरता प्रदान करती है। पेंशन के बंद होने से उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में समस्याएं बढ़ गई हैं। कई महिलाएं भोजन, दवाइयों और अन्य जरूरतों के लिए संघर्ष कर रही हैं। इसके बाद भी हेमंत सरकार उनकी मजबूरी और दर्द को नजरअंदाज करके उनकी स्थिति का मजाक बना रही है।



## रांची में खेल पुरस्कारों से नवाजे गए 33 खिलाड़ी

# खिलाड़ियों की उम्मीद है उम्मीद फाउंडेशन : मंत्री सुदिव्य कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** उम्मीद फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को ऑड्रे हाउस में आयोजित जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार समारोह, 2024 में राज्य के 33 खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कुल पांच श्रेणियों में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिनमें जयपाल सिंह मुंडा खेल रत्न पुरस्कार, जयपाल सिंह मुंडा खेल पुरस्कार, गुरु सिलवानुस डुंगडुंग पुरस्कार, गुरु द्रोणाचार्य अवॉर्ड और झारखंड खेल प्रोत्साहन पुरस्कार शामिल हैं। मुख्य अतिथि पर्यटन, कला संस्कृति और खेल मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने सभी खिलाड़ियों, कोचों और खेल को बढ़ावा देने वाले संस्थानों को सम्मानित किया। मौके पर खेल मंत्री ने कहा कि उम्मीद फाउंडेशन उन खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके बीच एक उम्मीद पैदा कर रहा है, ताकि खिलाड़ी अपने खेल से अपना और राज्य का नाम देश दुनिया में कमा सके। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संपदा के साथ खिलाड़ियों को भी पैदा करता है। उम्मीद फाउंडेशन बिना किसी सरकारी सहयोग के खिलाड़ियों को सम्मानित कर रहा है। राज्य सरकार भी प्रतिभावान खिलाड़ियों को सीधी नियुक्ति देकर उनका सम्मान कर रही है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।



# जैप-वन के 145वें स्थापना दिवस पर परेड आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड सशस्त्र पुलिस जैप-वन के 145वें स्थापना दिवस पर रांची के डोरंडा स्थित जैप-1 परिसर में भव्य परेड का प्रदर्शन किया गया। परेड में जैप-वन की छह प्लाटून शामिल हुई। स्थापना दिवस पर सबसे पहले शहीदों को सलामी दी गई। जैप के स्थापना दिवस पर राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने कहा कि यह भारत की सबसे पुरानी वाहिनी है। इसकी स्थापना जनवरी 1880 में न्यू रिजर्व फोर्स के नाम से हुई थी। हमारी इस बटालियन से पाकिस्तान भी खौफ खाता है। डीजीपी ने कहा कि इतिहास बताता है कि सिख रेजिमेंट के जवान और गोरखा के जवानों के हुंकार से पाकिस्तान को कितना डर लगता है। जनवरी 1880 में अंग्रेजों के शासनकाल में इस वाहिनी की स्थापना न्यू रिजर्व फोर्स के नाम से हुई थी। जैप कमांडेंट राकेश रंजन ने कहा कि जैप स्थापना दिवस के अवसर पर परिसर में ही आनंद मेले का भी आयोजन किया गया है। मेले में 97 स्टॉल लगाए गए हैं। आनंद मेले में प्राइड ऑफ गोरखा स्टॉल लगाया गया है। इसमें गोरखा समाज की उपलब्धि, उनकी संस्कृति को दशार्या गया है। यह मेला रविवार से आठ जनवरी तक चलेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 1892 में इस वाहिनी को बंगाल मिलिट्री पुलिस का नाम दिया गया। इस वाहिनी की टुकडियों की प्रतिनियुक्ति तत्कालीन बंगाल प्रांत, बिहार, बंगाल एवं ओडिशा को मिलाकर की जाती रही है।

# योगदा आश्रम में परमहंस योगानन्द जी के 132वें जन्मोत्सव पर भंडारे में 11000 लोगों ने लिया भाग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया (वाईएसएस), राँची ने अपने संस्थापक, श्री श्री परमहंस योगानन्दजी का 132वां जन्मोत्सव मनाया। उत्सव प्रातः विशेष सामूहिक ध्यान और स्वामी श्रद्धानन्द गिरि द्वारा दिए गए परमहंस योगानन्दजी का विश्व परिवर्तक मिशन पर प्रवचन के साथ आरम्भ हुआ, तत्पश्चात शिव मंदिर में ब्रह्मचारी शांभवानन्द और कैवल्यानन्द द्वारा आनंदपूर्ण भजन-गान के साथ, गुरु पूजन और यज्ञ का आयोजन किया गया। दिन का मुख्य आकर्षण था भक्तों और राँची शहर तथा आसपास के गाँवों के लोगों के लिए आयोजित भंडारा। शाम को विशेष ध्यान के साथ समारोह का समापन हुआ। योगानन्दजी द्वारा स्थापित यह आध्यात्मिक संस्था, हर साल ध्यान, कीर्तन, और भंडारे के साथ उनके जन्मोत्सव को मनाती है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भंडारे ने स्थानीय लोगों और अन्य आगंतुकों को अत्यंत आकर्षित किया और जिन्हें भी मौखिक रूप से इसके बारे में पता चला, उन सभी ने बड़े पैमाने पर भाग लिया। यह आयोजन दोपहर 12 बजे शुरू हुआ और देर अपराह्न तक चलता रहा। आश्रम के गेट पर लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं, और आश्रम के विशाल मैदान में वाईएसएस के सैकड़ों भक्तों ने, अतिथियों को उत्साहपूर्वक खिचड़ी, चटनी, और लड्डू का प्रसाद परोसा। लगभग 11000 व्यक्तियों को इस भंडारा के माध्यम से गुरु प्रसाद परोसा गया। 3 जनवरी को, गुरुदेव के सम्मान में, आश्रम ने सेवा गतिविधियाँ भी आयोजित की, जिसमे रांची के कुष्ठ रोग से प्रभावित लोगों के लिए कॉलोनी में गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन कराया गया और 10 जनवरी को उसी कॉलोनी में कंबल भी वितरित किए जाएंगे। परमहंस योगानन्दजी ने 1917 में वाईएसएस की स्थापना भारत और पड़ोसी देशों में, क्रिया योग - एक पवित्र आध्यात्मिक विज्ञान जिसका उद्भव सहस्राब्दियों पूर्व भारत में हुआ था, की सार्वभौमिक शिक्षाओं को उपलब्ध कराने हेतु की थी।



## संक्षिप्त खबरें

### सीएम हेमन्त और विधानसभा अध्यक्ष ने की मुलाकात, नये साल की दी शुभकामनाएं



**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो के बीच रविवार को मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों ने एक-दूसरे को नये साल 2025 की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

### सबकी योजना-सबका विकास अभियान के तहत सहजकर्ता दल को दिया गया प्रशिक्षण



**रांची :** शहर के कांके ब्लॉक में सबकी योजना-सबका विकास अभियान के तहत सहजकर्ता दल (जीपीएफटी) का चार दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण 32 पंचायतों के लिए चार बैचों में आयोजित किया गया, जिसमें पिरामल फाउंडेशन की 'क्लाइमेट एंड सस्टेनेबिलिटी' टीम ने दो बैचों में सहयोग दिया। इस अभियान का उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर विकास की समग्र योजनाओं को सुदृढ़ करना और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न श्रेणियों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें मुखिया और उप मुखिया, जलसहिया और स्वास्थ्य सहिया, वार्ड मेंबर की सक्रिय महिलाएं और मास्टर बुक कीपर्स शामिल थे। प्रशिक्षण का शुभारंभ पिरामल फाउंडेशन की 'क्लाइमेट एंड सस्टेनेबिलिटी' टीम की प्रोग्राम लीडर कृति रानी ने किया। उन्होंने टीम का परिचय कराया और प्रशिक्षण के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। इस दौरान जल संरक्षण और स्वच्छता पर विशेष जोर देने, प्रॉब्लम ट्री के माध्यम से जल संकट के समाधान की पहचान करने और प्रेरणादायक नेतृत्व वीडियो के जरिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रोग्राम लीडर कृति रानी ने कहा कि यह प्रशिक्षण सत्र पिरामल फाउंडेशन की 'क्लाइमेट एंड सस्टेनेबिलिटी' टीम के जरिये पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय और कांके प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रंजन कुमार गुप्ता तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर इजहार अहमद के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें स्वच्छता और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया गया। इस सत्र को गांधी फेलो सुजॉय दास, विकास कुमार, प्रदूमन मिश्रा, प्रियंका यादव, प्रज्ञा गर्गी, और प्रोग्राम लीडर कृति रानी ने फेसिलिटेट किया।

### तैमारा घाटी में अज्ञात वाहन ने मारी बाइक को टक्कर, एक की मौत

**रांची :** झारखंड के दशम फॉल थाना क्षेत्र अंतर्गत तैमारा घाटी से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को पता तब चला जब स्थानीय लोगों ने तैमारा घाटी में एक बाइक और 2 युवकों को सड़क पर पड़ा देखा। इसकी सूचना उन्होंने दशम फॉल पुलिस को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को बुंडू अनुमंडल अस्पताल भेजा।स्थानीय लोगों के मुताबिक, दोनों बाइक सवार जमशेदपुर की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे थे। इसी बीच किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से आकर बाइक को टक्कर मार दी। इस कारण हादसा हुआ। इस दुर्घटना में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गयी। जबकि पीछे बैठा युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। हालांकि, पुलिस ने दोनों को अनुमंडल अस्पताल भेजा। इस दौरान दोनों के पास से मिले आधार कार्ड से पता चल रहा है कि वो अड़की थाना क्षेत्र अंतर्गत डोरेया गांव के निवासी हैं। पुलिस मृतक और घायल के परिजनों तक घटना की सूचना पहुंचाने की कोशिश कर रही है।

### 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में शामिल होने आई जम्मू-कश्मीर की एथलीट हुई बेहोश

**रांची :** रांची में 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता आज से शुरू हो गई है। इसमें देशभर से खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। इसी प्रतियोगिता में भाग लेने आई जम्मू-कश्मीर की एथलीट नीतू ठाकुर अचानक बेहोश हो गई। उन्हें तुरंत सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। नीतू को 100 मीटर दौड़ के इवेंट में हिस्सा लेना है। सदर अस्पताल के डॉक्टर अरुणोदय कुमार ने बताया कि नीतू की हालत में सुधार हो रहा है। सभी वाइटल ऑर्गन की रिपोर्ट सामान्य है और अब उन्होंने आंखें खोल दी हैं। डॉक्टर का मानना है कि ज्यादा तनाव, रातभर जागने या खाना न खाने के कारण उनकी तबीयत बिगड़ी होगी। वहीं नीतू की कोच रीमा छेत्री ने प्रतियोगिता की व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को ठहरने के लिए ऐसी जगह दी गई है, जहां वॉशरूम भी ठीक नहीं हैं। खाने-पीने की व्यवस्था मोरहाबादी में है, जो ठहरने के स्थान से कई किलोमीटर दूर है। कोच का आरोप है कि नीतू के बेहोश होने के बाद अस्पताल पहुंचने में करीब 4 घंटे लग गए। ठहरने की जगह की वार्डन ने इलाज की कोई व्यवस्था न होने की बात कहकर मदद से इनकार कर दिया। कोच ने इस तरह की लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि ऐसी बड़ी प्रतियोगिता में बेहतर सुविधाएं होनी चाहिए।


### राधा कृष्ण की उपासना से जीवन में शांति, सुख और समृद्धि आती है : स्वामी सदानंद महाराज



**रांची :** रविवार को राज्य के धार्मिक और सांस्कृतिक परिदृश्य में एक नया अध्याय जुड़ गया ।राजधानी रांची मे कटहल मोड़ के समीप पुंदाग मे झारखंड राज्य का सबसे बड़ा राधा कृष्ण का मंदिर का उद्घाटन श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक एवं संरक्षक संत शिरोमणि श्री श्री 1008 स्वामी श्री सदानंद जी महाराज के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अमेरिका से आए टहल किशोर महाराज, चंडीगढ़ से श्यामानंद महाराज, जगत राज महाराज, मोहन प्रियाचार्य जी महाराज, कृष्ण मणि महाराज, साध्वी मीणा महाराज, साध्वी पूर्णा महाराज, के साथ-साथ गुजरात, दिल्ली, पंजाब, बिहार, महाराष्ट्र से आए संत महात्माओं के साथ प्रणामी समाज के 20 संत- महात्मा उपस्थित थे। झारखंड एवं अन्य राज्यों से आए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति मे फूलों की बारिश एवं राधा कृष्ण के जयकारों के साथ श्री राधा कृष्ण के मंदिर का पट श्रद्धालुओं के लिए खुल गया। उद्घाटन के पूर्व कलश शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में महिलाएं एवं पुरुष परंपरागत वेशभूषा एवं श्री कृष्ण जी के झंडा लेकर शामिल हुए। तथा भक्तों के जयकारों एवं भजन गायक मनीष सोनी के सुमधुर भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। शोभा यात्रा में सद्गुरु सदानंद जी महाराज तथा देशभर से आए सभी संत महात्मा प्राचीन विशिष्ट सुसज्जित वाहनों पर सवार होकर भक्तों का अभिनंदन किया।

# गुरु गोविन्द सिंह जी से प्रेरणा लें ....

गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती



संजय गोस्वामी

संत श्री गुरु गोबिन्द सिंहजी से आज के व्यक्ति प्रेरणा लें क्योंकि आज सभी अपने अपने के स्वार्थ में लगे हैं और सिखों पर विदेश में नेता प्रतिपक्ष गलत बयान देते जो उनके जाने बगैर ही भ्रामकता आ जाती है हमें गुरु से सीखना चाहिए मैं गलत हो सकता हूँ पर गुरु नहीं जैसा सभी को मालूम है श्री गुरूगोबिंद सिंहजी भारत के महान संत और योद्धा दोनों थे वे सभी के प्रति दया के सागर थे क्योंकि जब चमकोर की लड़ाई में मात्र 40सिख वजीर खान के 10लाख सैनिकों से लड़ रहें थे तब गुरूजी ने पांच पांच की टुकड़ी बनाई और जब उनका पुत्र साहिब अजित सिंह दुश्मन से लड़ने जा रहें थे तभी एक सेवादार ने कहा कि गुरूजी ऐ आपका पुत्र है इसे ना भेजें तभी श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी ने कहा क्या आप सब मेरे अपने नहीं हो, गुरू गोबिंद सिंह सिक्खों के दसवें गुरु थे ।

गुरू गोविन्द सिंह की जयंती 6 जनवरी, सोमवार के दिन गुरु गोबिंद सिंह जी की जयंती मनाई जा रही है संत श्री गुरु गोबिन्द सिंहजी से आज के व्यक्ति प्रेरणा लें क्योंकि आज सभी अपने अपने के स्वार्थ में लगे हैं और सिखों पर विदेश में नेता प्रतिपक्ष गलत बयान देते जो उनके जाने बगैर ही भ्रामकता आ जाती है हमें गुरु से सीखना चाहिए मैं गलत हो सकता हूँ पर गुरु नहीं जैसा सभी को मालूम है श्री गुरूगोबिंद सिंहजी भारत के महान संत और योद्धा दोनों थे वे सभी के प्रति दया के सागर थे क्योंकि जब चमकोर की लड़ाई में मात्र 40सिख बजीर खान के 10लाख सैनिकों से लड़ रहें थे तब गुरूजी ने पांच पांच की टुकड़ी बनाई और जब उनका पुत्र साहिब अजित सिंह दुश्मन से लड़ने जा रहें थे तभी एक सेवादार ने कहा कि गुरूजी ऐ आपका पुत्र है इसे ना भेजें तभी श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी ने कहा क्या आप सब मेरे अपने नहीं हो, गुरू गोबिंद सिंह सिक्खों के दसवें गुरु थे । वे एक महा- शूरवीर और तेजस्वी थे। उन्होंने मुगलों के अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाई थी और 'सत श्री अकाल' का नारा दिया था। उन्होंने कायरों को वीर और वीरों को सिंह बना दिया था । काल का अवतार बनकर उन्होंने शत्रुओं के छक्के छुड़ा दिए थे । इस तरह उन्होंने धर्म, जाति और राष्ट्र को नया जीवन दिया था ।गुरु जी का जन्म- गुरु गोबिन्द सिंह जी का जन्म 22 दिसम्बर, सन् 1666 ई० को पटना में हुआ। इनका बचपन का नाम गोबिन्द राय रखा गया । इनके पिता नौवें गुरु श्री तेरा बहादुर जी कुछ समय बाद पंजाब लौट आए थे । परन्तु यह अपनी माता गुजरी जी के साथ आठ साल तक पटना में ही रहे । तीव्र बुद्धि- गोबिन्द राय बचपन से ही स्वाभिमानी और शूरवीर थे । घुड़सवारी करना, हथियार चलाना, साथियों की दो टोलियां बनाकर युद्ध करना तथा शत्रु को जीतने के खेल खेलते थे । वे खेल में अपने साथियों का नेतृत्व करते थे । उनकी बुद्धि बहुत तेज थी । उन्होंने आसानी से हिन्दी, संस्कृत और फारसी भाषा का अच्छा ज्ञान प्राप्त कर लिया था । को बलिदान के लिए प्रेरित करना- उन दिनों औरंगजेब के अत्याचार जोरों पर थे । वह तलवार के जोर से हिन्दुओं को मुसलमान बना रहा था। कश्मीर में भी हिन्दुओं को जबरदस्ती मुसलमान बनाया जा रहा था। भयभीत कश्मीरी ब्राह्मण गुरु तेग बहादुर जी के पास आए । उन्होंने गुरु जी से हिन्दु धर्म की रक्षा के लिए प्रार्थना की । गुरु तेग बहादुर जी ने कहा कि इस समय किसी महापुरुष के बलिदान की आवश्यकता है। पास बैठे बालक गोबिन्द राय ने कहा-पिता जी, आप से बढ़कर महापुरुष और कौन हो सकता है। ' तब गुरु तेग बहादुर जी ने- बलिदान देने का निश्चय कर लिया । वे हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए दिल्ली पहुँच गए और वहाँ धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दे दिया और गुरु तेग बहादुर जी को उनके शहीदी पर उन्हें हिन्द का चादर भी कहा जाता है क्योंकि वे कश्मिरी पंडीतों की रक्षा यानि हिन्दु धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया और उनके साथ दो अन्य शिष्यों ने भी बलिदान दिया जो सचमुच जुल्म के खिलाफ एक मिशाल कायम की। पिता जी की शहीदी के बाद धर्म की रक्षाके लिए गोबिन्द राय 11 नवम्बर, 1675 ई० को गुरु गद्दी पर बैठे। उन्होंने औरंगजेब के अत्याचारों के विरुद्ध आवाज उठाई और हिन्दू धर्म की रक्षा का बीड़ा उठाया । उन्होंने गुरु परम्परा को बदल दिया । अब वे मसन्दों और अपने सेवकों से राजाओं की साज-सज्जा और युद्ध के सामान भेंट में लेने लगे । वे अपने शिष्यों को सैनिक-शिक्षा देते थे ।खालसा पंथ की स्थापना- सन् 1699 में बैशाखी के दिन गुरु गोबिन्द राय जी ने आनन्दपुर साहिब में दरबार सजाया । भरी सभा में उन्होंने बलिदान के लिए पाँच सिरों की मांग की । गुरु की यह माँग सुनकर सारी सभा में सन्नाटा छा गया । फिर एक-एक करके पाँच व्यक्ति अपना बलिदान देने के लिए आगे आए । गुरु जी एक-एक करके उन्हें तम्बू में ले जाते रहे । इस प्रकार उन्होंने पाँच प्यारों का चुनाव किया । फिर उन्हें अमृत छकाया और .स्वयं भी उनसे अमृत छका । इस तरह उन्होंने अन्याय और अत्याचार का विरोध करने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की । उन्होंने अपना नाम



गोबिंद राय से गोबिन्द सिंह रख लिया ।पहाड़ी राजाओं से युद्ध- गुरु जी की बढ़ती हुई सैनिक शक्ति को देखकर कई पहाड़ी राजे उनके शत्रु .बन गए । पाऊंटा दुर्ग के पास भंगानी के स्थान पर फतेह शाह ने गुरु जी पर आक्रमण कर दिया । सिक्ख बड़ी वीरता से लड़े । अन्त में गुरु जी विजयी रहे ।नादौन का युद्ध- जम्पू के सूबेदार मियाँ खाँ ने अपने सेनापति आलिफ खां को पहाड़ी राजा भीमचन्द से कर (टैक्स) लेने के लिए भेजा,कर देने से इकार करने पर आलिफ खाँ ने भीमचन्द पर हमला कर दिया । गुरु जी भीमचन्द की सहायता के लिए पहुंचे । आलिफ खां युद्ध में मारा गया । इसे नादौन का युद्ध कहते हैं आनन्दपुर छोड़ना- औरंगजेब ने गुरु जी की शक्ति समाप्त करने का निश्चय किया । उन्हें लाहौर और सरहिन्द के सूबेदारों को गुरु जी पर आक्रमण करने का हुक्म दिया । पहाड़ी राजा मुगलों के साथ मिल गए , उन सबने कई महीनों तक आनन्दपुर को घेरे रखा । सिक्ख इस लड़ाई से तंग आ चुके थे । औरंगजेब ने गुरु जी को पत्र लिखा किइ वे दुर्ग छोड़ दुंए उन्हें कोई हानि नहीं पहुँचाई जाएगी । गुरु जी ने किला छोड़ दिया पर शत्रु सेना ने विश्वासघात किया । उसने गुरु जी पर आक्रमण कर दिया । गुरु जी को काफी हानि उठानी पड़ी ।चमकौर का युद्ध 1704 में 21, 22, और 23 दिसम्बर को गुरु गोविंद सिंह और मुगलों की सेना के बीच पंजाब के चमकौर में लड़ा गया था। गुरु गोबिंद सिंह जी 20 दिसम्बर की रात आनंद पुर साहिब छोड़ कर 21 दिसम्बर की शाम को चमकौर पहुंचे थे, और उनके पीछे मुगलों की एक विशाल सेना जिसका नेतृत्व वजीर खां कर रहा था, भी 22 दिसम्बर की सुबह तक चमकौर पहुँच गयी थी।23 दिसम्बर को गुरु गोविंद सिंह और मुगलों की सेना के बीच चमकौर में युद्ध लड़ा गया था वजीर खां गुरु गोबिंद सिंह को जीवित या मृत पकड़ना चाहता था। चमकौर के इस युद्ध में गुरु गोबिंद सिंह की सेना में केवल उनके दो बड़े साहिबजादे अजीत सिंह एवं जुझार सिंह और 40 अन्य सिंह थे। इन 43 लोगों ने मिलकर ही वजीर खां की पूरी सेना का विनाश कर दिया था।वजीर खान किसी भी सूरत में गुरु गोविंद सिंह जी को जिंदा या मुर्दा पकड़ना चाहता था क्योंकि औरंगजेब की लाख कोशिशों के बावजूद गुरु गोविंद सिंह मुगलों की अधीनता स्वीकार नहीं कर रहे थे। लेकिन गुरु गोविंद सिंह के दो बेटों सहित 40 सिक्खों ने गुरूजी के आशीर्वाद और अपनी वीरता से वजीर खान को अपने मंसूबो में कामयाब नहीं होने दिया और 10 लाख मुगल सैनिक भी गुरु गोविंद सिंह जी को नहीं पकड़ पाए। यह युद्ध इतिहास में सिक्खों की वीरता और उनकी अपने धर्म के प्रति आस्था के लिए जाना जाता है नवाब वजीर खां ने माता गुजरी और दोनों छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह बहुत अत्याचार किए और धर्म बदलने के लिए कहा। लेकिन इन्होंने ऐसा करने से इनकार कर दिया। उस समय बाबा जोरावर मात्र 7 और बाबा फतेहसिंह 9 साल के थे। गुस्सा होकर वजीर खान ने 26 दिसंबर 1705 को दोनों साहिबजादों को दीवार में जिंदा चुनवा दिया। जब ये बात माता गुजरी को पता चली तो उन्होंने भी अपना शरीर त्याग दिया।गुरु गोबिंद सिंह का जन्म भारत में ऐसे समय में हुआ था जब लोग राजनीतिक रूप से विभाजित, धार्मिक रूप से पतित और आर्थिक रूप से शोषित थे। उन्होंने एक नए वैचारिक युग की शुरूआत की और अपने देश के निष्क्रिय और सुस्त लोगों को जीवन के प्रति एक सशक्त दृष्टिकोण से उत्साहित किया। हिंदू पंजाब में एक राजनीतिक शक्ति नहीं रह गए थे जो मुगलों के अत्याचारी शासन की चपेट में था। हिंदू सौम्य और विनम्र थे, और अपने विश्वास के प्रति कठोर थे और उन्हें अपने आहत सम्मान और मर्दानगी को सही ठहराने के लिए एक बहादुर भावना से ओतप्रोत होना पड़ा। पुरुषोत्तम निझावन के अनुसार, यद्यपि नानक मनुष्य और मनुष्य के बीच के सभी भेदों को मिटा रहे थे, फिर भी उन्होंने स्वयं को भारतीय जड़ों से अलग नहीं किया... जबकि इस्लाम आम तौर पर शुद्धतावादी है, हिंदू धर्म में ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें अत्यधिक तपस्या और आत्म-पीड़ा का अभ्यास किया जाता है। लेकिन दोनों को अस्वीकार करते हुए, नानक सहज योग में चले गए... और बुद्ध की तरह, उन्होंने अपने अनुयायियों के लिए जीवन का एक मजबूत नैतिक और नैतिक कोड निर्धारित किया।1 गुरु नानक और गुरु गोविंद सिंह के अन्य पूर्ववर्तियों ने हिंदुओं की नैतिकता को काफी ऊंचा किया था, लेकिन उन्हें उच्च राजनीतिक आकांक्षाओं के साथ प्रेरित करने और अपने राष्ट्र के लिए लड़ने का काम गुरु गोविंद सिंह के लिए आरक्षित था। उन्हें अपने राष्ट्र को मौजूदा शासन के राजनीतिक अत्याचार और धार्मिक असहिष्णुता के खिलाफ खड़ा करने के लिए तैयार करना था। कनिंघम कहते हैं, गुरु एक दार्शनिक थे, और पूरी तरह से समझते थे कि पुरुषों की कल्पना को कैसे प्रभावित किया जा सकता है। वे मनोविज्ञान के बारे में बहुत कुछ जानते थे। उन्होंने महसूस किया कि हिंदू स्वभाव से बहुत ही सौम्य हैं और उनमें धार्मिक विचार तो हैं, लेकिन राष्ट्रीय भावनाएँ नहीं हैं। उनके लिए राष्ट्र बनाने का एकमात्र तरीका राष्ट्रवाद को अपना धर्म बनाना था। वे जानते थे कि राष्ट्रवाद का पहला तत्व एकता है। उन्होंने धर्म को सार्वभौमिक भाईचारे के रूप में देखा और घोषणा की कि कोई भी व्यक्ति अपने आपको सच्चा सिख नहीं कह सकता, जब तक कि वह जातिगत पूर्वाग्रहों को न छोड़े

इस तरह कुछ ही दिनों में गुरु गोविंद सिंह के चारों बेटों ने देश और धर्म की राह पर चलते हुए अपनी कुर्बानी दे दी। पंजाब के मैदानों की हलचल से दूर होने के बावजूद, पौंटा और आनंदपुर दोनों ही महत्वपूर्ण व्यापार और तीर्थयात्रा मार्गों पर स्थित थे। 19 हिंदू अपने मृतकों के अवशेषों को हरिद्वार में पवित्र नदी गंगा में विसर्जित करने के लिए पौंटा में यमुना पार करते थे, और हिंदू और जैन भक्त नैना देवी और ज्वालामुखी में देवी मंदिरों और कांगड़ा में आदि नाथ मंदिर की तीर्थयात्रा करते समय आनंदपुर से गुजरते थे। ये मार्ग कश्मीर और पंजाब के बीच और इसके माध्यम से दिल्ली और यमुना और गंगा नदियों के बीच के क्षेत्र में व्यापार को भी बढ़ावा देते थेहमारे पास सत्रहवीं शताब्दी की शुरूआत में एक यूरोपीय व्यक्ति द्वारा हरिद्वार से ज्वालामुखी की यात्रा करने का विवरण है, और इस मार्ग से होने वाले अधिकांश व्यापार के अन्य संदर्भ भी हैं। इस प्रकार पौंटा और आनंदपुर के स्थानों ने सिखों को यात्रियों, उनके द्वारा लाए गए सामान और उनके निपटान में अन्य संसाधनों तक आसान पहुँच प्रदान की। पौंटा और आनंदपुर का लेआउट उस समय की सिख चिंताओं को महत्वपूर्ण तरीकों से दर्शाता है। पौंटा में, सिख प्रतिष्ठान एक पहाड़ी की चोटी पर था, जो यमुना नदी को पार करने वाले लोगों का सर्वेक्षण करता था। इस सुविधाजनक स्थान से, वे नदी पर मार्ग को नियंत्रित कर सकते थे, जबकि किसी के लिए भी उच्च ऊंचाई पर स्थित उनके आधार पर हमला करना आसान नहीं था। हमारे पास सिखों द्वारा घाट पर यातायात की निगरानी, प्रवेश और पहुँच के मुद्दों पर निर्णय लेने और सत्ता की इस स्थिति से उत्पन्न चुनौतियों के शुरूआती संदर्भ हैं। ये मुद्दे तब और अधिक ध्यान में आते हैं जब हम आनंदपुर को देखते हैं। गढ़वाल के प्रमुख के खिलाफ अपनी जीत के बाद, क्षेत्र में एक शक्तिशाली व्यक्ति जिसके पूर्वजों ने सदियों तक बनारस पर शासन किया था, गुरु पंजाब की पहाड़ियों में अपने पैतृक अधिकार की सीट पर लौट आए। आनंदपुर की स्थापना 1684 में हुई थी या 1688 में, यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है, लेकिन हम यह निश्चित रूप से जानते हैं कि 1690 के दशक में यह एक संपन्न शहर था। इसे घाटी के पूर्वी छोर पर पहाड़ियों पर बनाया गया था। गुरु के आवासीय क्वार्टर इसके केंद्र में थे। ये पौंटा के दिनों के उनके युद्ध-परीक्षित योद्धाओं के घरों से घिरे थे। भारत ी उच्च स्थान नामक एक स्थान का समकालीन संदर्भ है, जहाँ गुरु ने अपना दरबार लगाया था। पूरी संभावना है कि समुदाय का नाम बदलकर खालसा पंथ रखने की घोषणा यहीं से जारी की गई थी, और चूँकि उस समय से सिखों को अपने बाल (केस) बिना कटे रखने थे, इसलिए उस स्थान पर बने किले को केसगढ़ (बालों का किला) के रूप में जाना जाने लगा।

यह पश्चिमी न्यायपूर्ण युद्ध सिद्धांत में निहित विचारों के समान है। सिखों का यह भी मानना है कि संधियों और युद्ध विराम का सम्मान किया जाना चाहिए, पूजा स्थलों (किसी भी धर्म के) को नुकसान नहीं पहुँचाया जाना चाहिए, और आत्मसमर्पण करने वाले सैनिकों को नुकसान नहीं पहुँचाया जाना चाहिए। न्यायपूर्ण युद्ध सिद्धांत से महत्वपूर्ण अंतर यह है कि सिखों का मानना है कि, यदि कोई युद्ध न्यायपूर्ण है, तो उसे तब भी लड़ा जाना चाहिए, जब उसे जीता न जा सके। सिखों से उत्पीड़न के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई करने की अपेक्षा की जाती है, और सिखों में पूर्ण शांतिवाद की कोई आधुनिक परंपरा नहीं है, हालाँकि सिख धर्मों और राज्यों के बीच मानवाधिकारों और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए कार्रवाई के प्रबल समर्थक हैं। वर्तमान जीवन सबसे आधुनिक शिक्षा की माँग करता है। और मानवीय विज्ञान भी आजकल आमूलचूल परिवर्तन से गुजर रहे हैं, जो खुद को आधुनिक समस्याओं और सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप बदल रहे हैं। यह समझा जाता है कि भारतीय विश्वविद्यालय, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थान हमारे युवाओं और छात्रों को हमारे देश के विकास के एक और चरण के लिए तैयार करने के लिए आगे आ रहे हैं, जो वैश्वीकरण और वैश्विक जीवन के नाम से जाना जाता है। गुरु गोबिंद सिंह का निधन 7 अक्टूबर 1708 को हुआ और उनका अंतिम संस्कार नदिड़ में किया गया, जहां नादिड़ साहिब गुरुद्वारा स्थित है विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकसित बुनियादी ढांचे, नई कार्य नैतिकता और नई उद्यमशीलता की भावना और धन के वितरण की संशोधित सामाजिक नीति के साथ, वास्तव में 21वीं सदी की दहलीज पर, कोई भी देश वैश्विक प्रक्रियाओं से अलग नहीं रह सकता है।

## संपादकीय

### खतरे की घंटी


केंद्रीय भूझजल बोर्ड.ने कहा है, देश के 440 जिलों के भूजल में नाइट्रेट की सांद्रता अनुमेय सीमा से अधिक है। नाइट्रेट संदूषण पर्यावरण व स्वास्थ्य के मद्देनजर गंभीर चिंता का विषय है। भूजल गुणवत्ता के नमूनों में फ्लोराइड़ व आर्सेनिक संदूषण भी सुरक्षित सीमा से अधिक पाया गया। नाइट्रोजन आधारित उर्वरकों व पशु अपशिष्टों का उपयोग करने वाले कृषि क्षेत्रों में मिट्टी की गहराई तक पहुंच जाता है। मानसून से पहले व बाद में पंद्रह हजार से ज्यादा गुणवत्ता मांपने के नमूने लिये गए थे। राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र व मप्र के नमूनों में उच्च संदूषण था, जबकि उप्र, केरल, झारखंड़ व बिहार में कम प्रतिशत था। उच्च नाइट्रेट स्तर शिशुओं में ब्लू बेबी सिंड्रोम जैसी स्वास्थ्य समस्याएं पैदा करता है। फ्लोराइड़ और आर्सेनिक प्रदूषकों के संपर्क में लंबे समय तक रहने वालों की सेहत पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जिसमें कैंसर व त्वचा के गहरे घाव शामिल हैं। राजस्थान व पंजाब के नमूनों में यूरेनियम की मात्रा अधिक पायी गई, जिसके संपर्क से गुर्दे की क्षति हो सकती है। भूजल में ये विषाक्तता रोकने के तत्काल प्रयास किए जाने जरूरी हैं। जल से होने वाले संक्रमणों व कैंसर तथा गुर्दे के गंभीर रोगों की चपेट में आने वालों या इनके चलते अल्पायु में ही मौत की बढ़ती संख्या को देखते हुए सरकार को फौरन चेत जाना चाहिए। अभी भी देश के प्रत्येक नागरिक को शुद्ध जल मुहैया करवाने के प्रति सरकार तनिक भी जागरूक नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार लगभग अस्सी फीसद रोगों का कारण जल है। पर्यावरण प्रदूषण का असर जल पर भी पड़ता है। औद्योगिकीकरण तथा अपशिष्टों का उचित निपटान न होने से भूमि व जल दोनों ही बुरी तरह प्रभावित होते हैं।

## चिंतन-मनन

### माँ है तो सबकुछ है

माँ एक गुरु के रूप में अपनी संतान को संस्कार देती है। माता जीवन का निर्माण करती है, तो पिता उसे उन्नति के शिखर तक ले जाता है। माँ है तो सबकुछ है और यदि माँ नहीं तो कुछ भी नहीं। जो अपनी माँ को प्रसन्न रखता है, वह उसके आशीर्वाद का वरदान भी पाता है। ऐसी परम उपकारी वात्सल्य मूर्ति माँ की आँखों में कभी आँसू नहीं आने देना। जो विनयपूर्वक परमात्मा और सद्गुरु के चरणों में समर्पित हो जाता है, वह सबकुछ पा जाता है। सद्गुरु हमें ज्ञान देते हैं। सद्गुरुरूपी नाविक के साथ धर्मरूपी नौका में बैठकर इंसान संसार सागर को पार कर लेता है। आज व्यक्ति धन-वैभव का अहंकार करता है, परंतु वह अंत में धराशायी हो जाता है। जिसके जीवन में विनय का गुण है, वह ज्ञान प्राप्त कर सकता है। माँ एक गुरु के रूप में अपनी संतान को संस्कार देती है। माता जीवन का निर्माण करती है, तो पिता उसे उन्नति के शिखर तक ले जाता है। माँ है तो सबकुछ है और यदि माँ नहीं तो कुछ भी नहीं।

# नफरत की इंतिहा: कहाँ गईं शीर्ष नेताओं की नसीहतें



राम पुनियानी



अपने गठन के बाद से ही आरएसएस ऐसी अनेक संस्थाओं का निर्माण करता आया है जो हिंदुत्व या हिन्दू राष्ट्रवाद की उसकी विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम करती हैं। हिंदुत्व की अवधारणा आर्य नस्ल, ब्राह्मणवादी मूल्यों और सिन्धु नदी से लेकर समुद्र तक की भूमि के आर्यावर्त होने पर आधारित है। आरएसएस ने जिन संगठनों और संस्थाओं को जन्म दिया है, उनकी संख्या 100 से ज्यादा है। इसके अलावा अनेक ऐसे संगठन हैं जो भले ही औपचारिक रूप से संघ परिवार के सदस्य न हों, मगर वे उसकी विचारधारा में रचे-बसे हैं। इनमें साधु-संतों के अनेक संगठनों व गौरक्षकों के समूहों सहित ऐसे अनेक गिरोह शामिल हैं जो हिन्दू धर्म के नाम पर हिंसा करने के मौकों की तलाश में रहते हैं। अब ऐसे कई संगठन अस्तित्व में आ चुके हैं जो अत्यंत आक्रामक हैं और जो आरएसएस द्वारा उसके अनुयायियों के लिए निर्धारित लक्ष्मणरेखा को पार करने में तनिक भी संकोच नहीं करते।

गौरक्षकों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि गाय के नाम पर मनुष्यों की हत्या स्वीकार्य नहीं है। उनके इस वक्तव्य के कुछ ही घंटे बाद, इसी मुद्दे पर एक मुसलमान को मौत की घाट उतार दिया गया। इसी तर्ज पर, प्रधानमंत्री ने क्रिसमस की पूर्वसंध्या पर कहा कि ह्वप्रेम, सौहार्द और भाईचारा, ईसा मसीह के शिक्षाओं का केन्द्रीय तत्व हैं ह्व उन्होंने लोगों का आव्हान किया कि वे इन मूल्यों को मजबूती दें। इसके कुछ ही दिन बाद, बजरंग दल के सदस्यों और हिन्दू धर्म के अन्य स्व-नियुक्त ठेकेदारों ने अहमदाबाद में सांता क्लॉस के भेष में उपहार बाँट रहे एक व्यक्ति पर हमला किया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में दिखाया गया है कि अहमदाबाद के कांकरिया कार्निवल में सांता क्लॉस की वेशभूषा पहने दो लोगों की गुंडों ने जबरदस्त पिटाई की। यह शायद पहली बार है कि सांता क्लॉस का भेष धरे लोगों पर हमले हो रहे हैं।

इसके पहले कैरोल गायकों पर हमले हो चुके हैं। भाजपा के सत्ता में आने के बाद से राष्ट्रपति भवन में कैरोल गायन की परंपरा बंद कर दी गई है। बजरंग दल हिन्दुओं को क्रिसमस पार्टियों में भाग न लेने की चेतावनियाँ जारी कर चुका है। इस बार क्रिसमस पर ये सब हरकतें कुछ कम क्यों हुईं?

हाल में हमने हर मस्जिद के नीचे मंदिर खोजने के अभियान का आगाज भी देखा है, जो बाबरी मस्जिद को ढहाए जाने की याद दिलाता है। इस तरह के काल्पनिक दावों के ज्वार के बाद आरएसएस के मुखिया मोहन भागवत ने भी कहा कि हमें हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग खोजने के प्रयास बंद करने चाहिए। यह सचमुच आश्चर्यजनक है कि काशी में फव्वारे-जैसे एक ढांचे को शिवलिंग बताया जा रहा है और मस्जिद को मंदिर में बदलने की मांग हो रही है। उत्तरप्रदेश के संभल में ऐसे ही दावों के बाद हिंसा हो चुकी है।

शायद इस सब ने देश की सबसे बड़ी राजनैतिक संस्था के शीर्ष नेता को झकझोर दिया है। या फिर शायद उन्हें यह लग रहा है कि इससे संघ परिवार की छवि खराब होगी। इसलिए उन्होंने एक ऐसा आव्हान किया जो समझदारीपूर्ण लगता है। उन्होंने कहा कि ह्वअयोध्या के राममंदिर का सम्बन्ध आस्था से था और हिन्दू इस मंदिर का निर्माण चाहते थे। मगर सिर्फ नफरत के कारण नए स्थानों के बारे में विवाद खड़े करना अस्वीकार्य है ह्व उन्होंने यह भी जोड़ा कि ह्वकुछ लोग समझते हैं कि नए विवाद खड़े कर वे हिन्दुओं के नेता बन सकते हैं। इसकी इजाजत कैसे दी जा सकती है ह्व

मगर इसके बाद एक चमत्कार हुआ। हिंदुत्व की राजनीति से जुड़े कई संगठनों ने भागवत की इस समझाईश का विरोध किया। हम सब जानते हैं कि आरएसएस में सख्त अनुशासन होता है और उसके सदस्य कभी अपने शीर्ष नेता के आदेशों का उल्लंघन नहीं करते। तो फिर यह कैसे हो रहा है कि दर्जनों सेनाएं और धर्म संसदें भागवत की अपील के खिलाफ बात और काम कर रही हैं?

इससे भी बड़ी बात यह है कि आरएसएस के अनाधिकारिक मुखपत्र ह्वआर्गेनाईजरह्व ने भी अतिवादियों की मांग का समर्थन करते हुए लिखा कि, ह्वमंदिरों की पुनर्स्थापना, हमारी पहचान की खोज है ह्व (द टाइम्स ऑफ इंडिया, दिसम्बर 27, 2024)। उसने यह भी लिखा कि मंदिरों की पुनर्स्थापना का उद्देश्य हमारी राष्ट्रीय पहचान स्थापित करना और सभ्यतागत न्याय हासिल करना है।

क्या नफरत सचमुच इतनी गहरी है कि अनुयायी अपने नेताओं की बात भी नहीं सुन रहे हैं? या क्या नरेन्द्र मोदी जैसे नेता चाहते हैं कि नफरत भड़काने वाली हरकतें होती रहें क्योंकि इनसे उनकी राजनीति को मजबूती मिलती है? अगर ऐसा नहीं है तो हिंसा करने वालों के खिलाफ कार्यवाही क्यों नहीं होती? क्या कारण है कि कानून और व्यवस्था बनाये रखने वाली मशीनरी से लेकर कुछ हद तक न्यायपालिका तक का उन तत्वों के प्रति नर्म रुख है जो नफरत फैलाते हैं और हिंसा करते हैं?

बाबरी मस्जिद को जमीदोज करने वालों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। गाय और गौमांस के नाम पर लिंचिंग करने वाले खुले घूम रहे हैं। लव-जिहाद के नाम पर हत्याएं और हमले करने वालों का बाल भी बांका नहीं हुआ है। जाहिर है कि ऐसे तत्वों को यह पता है कि वे आसानी से कानून तोड़ सकते हैं। वे जानते हैं कि कानून को तोड़मरोड़ कर उनका बचाव किया जाएगा।

ह्वआगेर्नाइजरह्व द्वारा भागवत का विरोध मन में एक जिज्ञासा पैदा करता है। क्या आरएसएस विभाजित हो गया है? यह कैसे हो रहा है कि भागवत शांति और सौहार्द की बात कर रहे हैं और ह्वआगेर्नाइजरह्व के कर्ताधर्ता चाहते हैं कि नफरत और हिंसा की राह पर तेजी से आगे बढ़ा जाए?

एक और पहलू को समझने की जरुरत है। जब इस तरह की सोच को राजनैतिक लाभ के लिए बढ़ावा दिया जाता है और इससे चुनावों में फायदा होता है तो शुरूआत में तो नेताओं को खुशी होती है। मगर फिर, जो बीज नेताओं ने बोये होते हैं, उनसे कई नए तत्व ऊग आते हैं और जैसा कि भागवत ने कहा, उनमें से कुछ राजनैतिक पद और प्रभाव हासिल करने की जद्दोजहद में जुट जाते हैं। हम सबको याद है कि जिस समय बाबरी मस्जिद गिराई जा रही थी, वरिष्ठ आरएसएस नेता के। सुदर्शन, जो आगे चल कर आरएसएस के मुखिया बने, मंच पर थे। इस अपराध की किसी को कोई सजा नहीं मिली। बाबरी मस्जिद के ढहाने वालों को निरपराध घोषित कर दिया गया और यह फैसला देने वाले जज को रिटायरमेंट के बाद एक महत्वपूर्ण पद मिला। एक पुरानी कहावत है कि ह्वजैसे बोओगे, वैसा काटोगे ह्व बाबरी मस्जिद की पूरी कथा से यह साफ है कि मंदिरों को तोड़ने के झूठे नैरेटिव फैलाने के अलावा, मुसलमानों के बारे में अनेक मिथक भी फैलाए गए। नतीजा हम सबके सामने है। आरएसएस के मुखिया की बात अब उनके ही समर्थक और अनुयायी सुनने को तैयार नहीं हैं। इसके अलावा, ईसाईयों के बारे में भी दशकों से यह प्रचार किया जा रहा है कि वे जोर-जबरदस्ती, धोखेबाजी और लोभ-लालच के जरिये धर्मपरिवर्तन करवा रहे हैं। मोदी, भागवत और उनके जैसे अन्यों को यह समझ में आ रहा होगा कि जिन्न को बोतल से निकलना आसान है। उसे फिर से बोतल में बंद करना मुश्किल है।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया। लेखक आईआईटी मुंबई में पढ़ाते थे और सन 2007 के नेशनल कम्यूनल हामोर्नी एवार्ड से सम्मानित हैं)

# निर्माण के दौरान ही टूटने लगी है खूंटी- सिमडेगा सड़क, विधायक ने गुणवत्ता पर उठाया सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**खूंटी :** जिले की सबसे प्रमुख सड़कों में शुमार खूंटी-सिमडेगा पथ के निर्माण की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लग रहे हैं। निर्माण के दौरान ही दर्जनों जगह सड़क टूटने लगी है। सड़क की गुणवत्ता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने रविवार को पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को फोन कर सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर ध्यान देने का निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि लगभग 53 करोड़ की लागत से खूंटी से कोलेबिरा तक सड़क के मजबूतीकरण का कार्य किया जा रहा है, लेकिन अभी से ही सड़क टूट रही है। डांड़टोली से डोड़मा तक जगह-जगह सड़क टूट गई है। सड़क पर कई जगहों पर सिर्फ पत्थर के चिप्स ही नजर आते है। इसके कारण दो पहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे है। इस संबंध में पूछे जाने पर विभाग के कनीय अभियंता अमित कुमार ने कहा कि कभी-कभी अलकतरा के ढंडा होने से स्लिपेज हो जाता है। अधिक छाया पड़ने या बारिश होने पर भी निर्माण के दौरान भी सड़क टूट जाती है। लगभग पांच-सात साल पहले शिवालया नामक एजेंसी के जरिये खूंटी-सिमडेगा पथ का निर्माण कराया गया था। उसके निर्माण की गुणवत्ता की चर्चा अब भी क्षेत्र के लोग करते हैं, वहीं दूसरी ओर इस समय सड़क के मजबूतीकरण के दौरान सड़क के टूटने पर इसकी गुणवत्ता पर सवाल उठना लाजिमी है। इस संबंध संवेदक का पक्ष लेने के लिए उनके मोबाइल पर फोन किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसिव नहीं किया। सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर नाराजगी जताते हुए विधायक सुदीप गुडिया ने कहा कि गुणवत्ता का बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोई भी गड़बड़ी बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में विकास काम गड्ढे बन गये हैं, जो दुर्घटना को आमंत्रित कर रहे हैं। सड़क बनने का साथ टूटती जा रही है। कई जगहों पर सड़क की पिच उखड़ गयी है, जिस पर वाहन चलाना जोखिम भरा है।

## सरकारी शराब की दुकान पर अपराधियों ने की फायरिंग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चतरा :** झारखंड-बिहार के सीमावर्ती क्षेत्र हंटरगंज प्रखंड में अपराधी संगठित होकर घटना का अंजाम दे रहे हैं। बिहार में शराबबंदी के कारण देशी और विदेशी शराब का तस्करी यहां धड़ले से हो रही है। यही नहीं नकली शराब का भी बिक्री जोरों पर है। महुआ शराब के भट्ठियां तो जंगलों में उद्योग धंधे का रूप ले चुका है। हंटरगंज थाना के सोहाद गांव स्थित सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान के बोर्ड पर अज्ञात अपराधियों के जरिये सात राउंड गोली चलाया गया। रात्रि होने के कारण शराब दुकान बंद थी। गोली से किसी की हताश होने की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी रविवार को पुलिस को दी गई है। गोली चलाने के बाद अपराधी खोखा अपने साथ लेकर चले गए। शराब दुकान के कर्मचारियों के जरिये इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर घटना से संबंधित शराब दुकान के कर्मचारी एवं ग्रामीणों से फायरिंग की जानकारी ली। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं गार्ड के जरिये बताया गया कि कुछ अपराधी आए और बिना बताए शराब दुकान के बॉर्ड पर गोली चला दिए और उसके बाद वे सभी हंटरगंज की ओर चले गए। वहीं शराब दुकान में सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा हुआ है। इससे अपराधी कभी भी एक बड़ी घटना को अंजाम दे सकते हैं। अपराधियों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से फायरिंग की है।

## भारतीय जनता पार्टी कैंप लगाकर सदस्यता अभियान चलाएगी : नरेश साहू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** भारतीय जनता पार्टी रांची जिला ग्रामीण ओबीसी मोर्चा का बैठक वृंदावन होटल औरमांझी में संपन्न हुआ इसमें सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा हुआ। जो हम लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या 14 जनवरी से सदस्य बनाना है। जगह-जगह स्टॉल के माध्यम से भी कैंप लगाकर सदस्य बनाना है। इसकी जानकारी हम सभी को मिला बैठक की अध्यक्षता रांची जिला ग्रामीण ओबीसी के अध्यक्ष नरेश साहू जी द्वारा किया गया। इसमें मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभारी दिलीप स्वर्णकार जी, रांची ग्रामीण अध्यक्ष विनय कुमार धीरज जी,जिला संयोजक प्रीतम कुमार साहू जी, मानकी राजेंद्र शाही, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो जी द्वारा जानकारी प्राप्त हुआ, जिसका संचालन मंत्री चतुर साहू, जी किये, कोषाध्यक्ष रविंद्र कुमार वर्मा, अभिषेक चौहान, अखिलेश यादव आशीष साहू, कुलदीप साहू, प्रदीप कुमार, अनगडा मंडल अध्यक्ष हरिहर महतो औरमांझी मंडल अध्यक्ष दिलीप साहू, आलोक साहू, सुनील महतो, संजय साहू, एवं सभी कार्यकर्ता गण शामिल हुए।

## श्री राम पावर प्लांट के खिलाफ ग्रामीणों ने की सभा, प्रदूषण को लेकर नाराजगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत श्री राम पावर लिमिटेड फैक्ट्री से उत्पन्न समस्याओं से प्रभावित कुजू पूर्वी पंचायत और आस-पास के ग्रामीणों के जरिये तरवाटांड़ मैदान में रविवार को आम सभा किया गया। सभा की अध्यक्षता पारो देवी और संचालन शबाना आजमी ने किया। बैठक में 12 सूत्री मांगों पर विचार विमर्श किया गया। इसमें वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण पर रोक लगाने, पावर प्लांट से विद्युत आपूर्ति, स्थानीय बेरोजगारों को योग्यता अनुसार 70 प्रतिशत रोजगार मुहैया करवाना, प्रभावित पंचायत में विकास कार्य साथ ही साथ कार्य के अनुसार ट्रेनिंग की व्यवस्था करने, महीना में कम से कम एक बार चिकित्सा शिविर लगाना, शिक्षा के क्षेत्र में विकास के कार्य करना, पंचायत में एंबुलेंस देना, श्रीराम पावर प्राइवेट लिमिटेड से संबंधित गाड़ियों के लिए पार्किंग व्यवस्था करना, फैक्ट्री के आसपास पौधरोपण करना, आरा कांटा से नया मोड़ तक तीन टाइम पानी छिड़काव करना, फैक्ट्री से प्रभावित क्षेत्र का फसल के नुकसान के बदले में उचित मुआवजा देना, फैक्ट्री में कार्य कर रहे मजदूरों का उचित मजदूरी देने मांग किया गया। बैठक में अंचला देवी, पुष्पा देवी, प्यारी देवी, गीत देवी, पानो देवी, मान्य देवी, पारो देवी, अहिल्या देवी, संजू कुमारी, अनिता कुमारी, अनु कुमार, फुल कुमारी देवी, संजू देवी, बसंती देवी, रेणु देवी, पिंकी देवी, प्रेम कुमार, गुलाम सरवर, अशोक कुमार, कुलदीप महतो, दिलीप महतो, गणेश महतो, पंचित महतो, फिरंगी महतो, बादल कुमार, शंभूलाल ठाकुर आदि शामिल थे।

## सेवा भारती ने नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का किया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**लोहरदगा :** सेवा भारती के जरिए चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सहसचिव संजय चौधरी ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 51 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी,वजन,हार्ट बीट,ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया।सेवा भारती के जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की जीव सेवा ही नारायण सेवा है, एक जून 2022 से लगातार यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर चल रही है । शिविर में काफी लोग अपना इलाज करा कर स्वास्थ हुए हैं और हो भी रहे हैं। चेकअप कराते रहने से समय पर कई बीमारियों को दूर किया जा सकता है। बहुत से लोग जांच करवाने में घबराते हैं,घबराएं नहीं ना ही जांच करवाने में कोई संकोच करें।डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि बहुत से लोगों को अपने स्वास्थ्य संबंधित बीमारियों की जानकारी नहीं रहती थी पर यहां अपना चेकअप करा कर कई बीमारियों की जानकारी मिल रही है। उन्होंने कहा कि जिसका लोग इलाज करा रहे हैं, बदलते मौसम के शुरूआत पर कई बीमारियां होने की संभावना भी होने लगती है,उसके लिए खान-पान सही रखें।

## पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष बने मंटू यादव और सचिव अनंत कुमार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** पुलिस एसोसिएशन शाखा रामगढ़ का चुनाव रविवार को झारखंड पुलिस एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह की देखरेख में पुलिस केंद्र रामगढ़ में संपन्न हुआ। चुनाव पर्यवेक्षक बोकारो से क्षेत्रीय मंत्री वाल्मीकि पाठक, अध्यक्ष सुनील उरांव, उपाध्यक्ष मनोज कुमार दास, सचिव अनिल कुमार सिंह, संगठन सचिव नौशाद अली, कोषाध्यक्ष भीमसेन प्रसाद की देखरेख में चुनाव कराया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से पुलिस एसोसिएशन शाखा रामगढ़ के पदाधिकारी का निर्विरोध चयन किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय अध्यक्ष ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विजय प्रमाण पत्र और बुके देकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान निर्विरोध अध्यक्ष मंटू यादव, उपाध्यक्ष सन्नी कच्छप, सचिव अनंत कुमार सिंह, संयुक्त सचिव परीक्षित कुमार महतो और कोषाध्यक्ष मो शाहनवाज खां बनाये गए। मौके पर वर्तमान पुलिस एसोसिएशन शाखा रामगढ़ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी ने चुनाव पदाधिकारी और निवर्तमान पदाधिकारी अध्यक्ष विपिन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष भूतनाथ सिंह मुंडा, सचिव उमेश कुमार शर्मा, संयुक्त सचिव शंभू दास, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार राय को डायरी देकर स्वागत किया। प्रांतीय अध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने कहा कि निर्विरोध चुनाव से संगठन का मान सम्मान बढ़ा है। शाखा के नए अध्यक्ष मंटू यादव से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने पिछले जिले में भी संगठन के लिए काफी काम किया है। पिछले कई कार्यकाल में क्लब और स्थाई शाखा कार्यालय को लेकर बेहतर कदम नहीं उठाया जा सके हैं। लेकिन इस बार उम्मीद है कि पुलिस क्लब का निर्माण अवश्य होगा। साथ ही शाखा का स्थाई कार्यालय भी यहां बन जाएगा। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मंटू यादव ने कहा कि बेहतर पुलिसिंग सेवा देना हमारा कर्तव्य है। साथ ही कर्तव्यनिष्ठ और निष्ठावान तरीके से हर एक सदस्य और पुलिसकर्मी की समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। पुलिस वेलफेयर के प्रति और भी काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस क्लब के निर्माण में तत्काल पहल की जाएगी और आने वाले समय में पुलिस पदाधिकारी को बेहतर सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर वरीय पदाधिकारी के रूप में इंस्पेक्टर अजय कुमार साहु, इंस्पेक्टर रजत कुमार, इंस्पेक्टर गजेन्द्र कुमार पाण्डेय, इंस्पेक्टर नवीन प्रकाश पाण्डेय और इंस्पेक्टर कृष्णा कुमार उपस्थित थे। चुनाव पर्यवेक्षक एवं निविरोध चुने गये पुलिस एसोसिएशन शाखा, रामगढ़ के पदाधिकारियों के जरिये एसपी अजय कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की गई। एसपी ने नव निर्वाचित पुलिस एसोसिएशन शाखा, रामगढ़ के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए रामगढ़ जिला के पुलिस पदाधिकारियों के कल्याण के लिए कार्य करने को कहा ।साथ ही कल्याण से संबंधित वैसे मुद्दों को जिसका निराकरण पुलिस अधीक्ष के जरिये किया जाना चाहिए उसे तत्काल अवगत कराने बात कही।

## एक नजर

### वृद्ध महिला का शव मिला, हत्या का आरोप

**कोडरमा :** जिले के मरकच्चो थाना क्षेत्र के मध्य पंचायत स्थित दरगाह मुहल्ला के पीछे पूरब दिशा खेत में बने कुंए से रविवार को एक वृद्ध महिला का शव मरकच्चो पुलिस ने बरामद किया है। शव की पहचान मरकच्चो मध्य पंचायत के दासनगर निवासी स्व. हीरा दास की पत्नी मो गौरवा (86) के रूप में की गई है। इस संबंध में हीरा दास के भतीजा कृष्णा दास के जरिये गुमशुदगी का मामला मरकच्चो थाना में शनिवार को दी गई थी। ग्रामीणों के जरिये इसकी सूचना मरकच्चो थाना को दी गई। सूचना पाकर मरकच्चो थाना के एसआई अभिमन्यु कुमार और एएसआई बलिराम सिंह घटनास्थल पर पहुंच कर ग्रामीणों की मदद से शव को कुंआ से बाहर निकला गया एवं पोस्टमार्टम के लिए कोडरमा सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं घटना को लेकर मृतक गौरवा देवी की पुत्री कलावती देवी, मेघनी देवी एवं कमलेश देवी ने एक आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा गया है कि मेरी मां को जान से मारकर कुंए में डाल दिया गया है। उन्होंने गोतिया यमुनी देवी पति बिरजू दास और उसका बेटा कृष्णा दास पर गम्भीर आरोप लगाया है।

### बजरंग दल के शौर्य सह साहसिक यात्रा में उमड़ी भीड़

**गुमला :** रविवार को शहर में विहिप और बजरंग दल की ओर से शौर्य एवं साहसिक यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में हजारों की संख्या में राम भक्त शामिल हुए । यात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी शामिल हुई। जिले के कोने-कोने से आये कार्यकर्ता केसरिया पताकाएं लहराते हुए जयश्री राम के नारे लगा रहें थे। वहीं डीजे के धून पर युवक-युवतियां थिरकते हुए नजर आयें। इस यात्रा को लेकर शहर के अधिकांश व्यवसायिक प्रतिष्ठान और दुकाने बंद रही। वहीं पूरे शहर को केसरिया पताकों से पाट दिया गया था। यात्रा में जनजातीय समाज के लोग तीर-धनुष और परम्परागत शस्त्र पकड़े हुए थे। वहीं श्री राम भक्त हनुमान का स्वांग रचे युवक आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। बजरंग दल की शौर्य साहसिक यात्रा नगर के लिप्टिस बगीचा लक्ष्मण नगर से शुरू हुई। इसके बाद यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों का परिभ्रमण करते हुए दुंदुरिया बस डिपो मैदान में पहुंच कर विसर्जित हो गई। इसके बाद वहां मंची कार्यक्रम और भंडारे का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रांतीय मंत्री मिथिलेश्वर मिश्रा, प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो, अजय सिंह, राणा मनीष बाबू, मुकेश सिंह,संतोष यादव, रविंद्र सिंह, समलेश शर्मा, अमित कुमार, अनुप लाल, विपुल गुप्ता सहित अन्य लोग शामिल थे।

### दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**पटमदा :** माचा को 10 विकेट से हराकर कितापाठ बना चैंपियन : पटमदा प्रखंड के झुंझका तालटांड़ मैदान में 4 और 5 जनवरी को जेएससी, झुंझका की ओर से दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बोड़ाम- पटमदा प्रखंड के 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच माचा क्रिकेट टीम और कितापाठ के बीच खेला गया जिसमें माचा क्रिकेट टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 2 ओवर में 2 विकेट खो कर 42 रन बनाकर किताापाठ क्रिकेट टीम को 2 ओवर में 43 रन का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी किताापाठ क्रिकेट टीम के ओपनर बल्लेबाज अरविंद सिंह ने 9 गेंद पर 6 छक्के और 1 चौके की मदद से शानदार 41 रन की नाबाद की पारी खेल कर अपनी टीम को 1.3 ओवर में 43 रन बनाकर जीत दिला दी। इस तरह फाइनल मुकाबला 10 विकेट से जीत कर किताापाठ क्रिकेट टीम चैंपियन बना।

## संक्षिप्त खबरें

### सदर अस्पताल पहुंचे उपायुक्त, घायलों के बेहतर इलाज का दिया निर्देश



**खूंटी :** सड़क दुर्घटना में घायलों को देखने और स्थिति का जायज लेने के लिए उपायुक्त लाकेश मिश्रा रविवार को सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से बातचीत की और सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी और अन्य चिकित्सकों को को घायलों के बेहतर इलाज के लिए आवश्यक निर्देश दिए। सिविल सर्जन ने बताया कि चिकित्सकों की टीम के जरिये सभी घायलों का बेहतर इलाज किया जा रहा है। उन्होंने बताया गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रांची कर दिया गया है।

### बिस्कोमान के अध्यक्ष के होने वाले चुनाव को लेकर हुई बैठक



**लोहरदगा :** लोहरदगा सर्किट हाउस में आगामी 16 जनवरी को बिहार बिस्कोमान के अध्यक्ष का चुनाव होना है। इस संबंध में एक बैठक का आयोजन वर्तमान बिस्कोमान अध्यक्षत डॉ सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में रविवार को हुई। इस बैठक में लोहरदगा के सांसद सुखदेव भगत, बेरमो विधायक अनूप कुमार सिंह सहित बिहार के 12 विधायक उपस्थित थे। बैठक प्रारंभ होने से पूर्व अध्यक्ष ने सांसद सुखदेव भगत का स्वागत किया। इस बैठक में लोहरदगा ,गुमला, लातेहार, सिमडेगा एवं गढ़वा जिले से चुने गए प्रतिनिधि उपस्थित थे जिन्हें वोट देने का अधिकार है। बैठक को संबोधित करते हुए सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि झारखंड के प्रतिनिधियों को ऋण चुकाने का एक अच्छा अवसर मिला है। 2012 में विरोधी पार्टी के लोग ने कहा था कि झारखंड के लोग बिहार बिस्कोमान के चुनाव में भाग नहीं लेंगे। वर्तमान अध्यक्ष ने केस लड़कर झारखंड के प्रतिनिधियों को वोट देने का अधिकार दिलाया था। भगत ने कहा कि वर्तमान अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह कर्मवीर है। जब वे अध्यक्ष बने थे तो बिस्कोमान में मात्र 16 हजार रुपया था तथा 300 करोड़ का लायबिलिटी था उन्होंने अपने कर्म के बदौलत 300 करोड़ का लायबिलिटी समाप्त करवाया और अभी बिस्कोमान में 100 करोड़ की राशि उपलब्ध है। झारखंड के प्रतिनिधि शत प्रतिशत डॉक्टर सुनील सिंह को वोट देंगे और वे उनके चुनाव में पूरा सहयोग करेंगे। बेरमो विधायक अनूप सिंह ने कहा कि डॉक्टर सुनील कुमार सिंह का अध्यक्ष बनना तय है। उनके जीतने के बाद झारखंड के लोगों को प्रतिनिधि बनवाएंगे यह उनका जिम्मेदारी है। बैठक से पूर्व अध्यक्ष एवं सभी 12 विधायक लोहरदगा लोकसभा के सांसद सुखदेव भगत के आवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की और उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। बैठक में विधायक मुकेश रौशन, विधायक विनय यादव, विधायक डब्लू सिंह, विधायक उदय यादव, विधायक छोटेलाल यादव, रमेश चौबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### बढ़ती टंड और शीतलहरी के बीच उपायुक्त ने कंबल का किया वितरण



**पलामू :** जिले के डीसी शशि रंजन ने शनिवार रात और रविवार सुबह बढ़ती ठंड एवं शीतलहरी के बीच मेदिनीनगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने रेलवे स्टेशन परिसर, अम्बेडकर पार्क, बाजार के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इस क्रम में उन्होंने सड़क पर दोना-पत्ता बेचने वालों संग संवाद भी स्थापित किया। दातुन, दोना-पत्ता बेचने वालों के बीच डीसी ने 30 से अधिक कंबल का वितरण किया। उपायुक्त ने नगर निगम के जरिये संचालित सरकारी बस डिपो स्थित आश्रय गृह का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बेड, कंबलों की संख्या, रूम हीटर, शौचालय आदि का जायजा लिया। नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने उपायुक्त को आश्रय गृह के विषय पर विभिन्न जानकारी दी। उपायुक्त ने नगर आयुक्त को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि इस ठंड में जरुरतमंदों को आश्रय गृह में किसी तरह का कोई समस्या न आये। स्टेशन परिसर में असहाय और जरूतमंदो के बीच कंबल वितरण के पश्चात शहर में अलाव की व्यवस्था का अवलोकन करने के उद्देश्य से उपायुक्त स्टेशन रोड से पैदल ही अपने आवास पहुंचे। इस दौरान वे बेलवाटिका, नावा टोली एवं सदीक चौक सहित अन्य स्थानों से होते हुए आवास पहुंचे। इस क्रम में उन्होंने सभी स्थानों पर कंबल वितरण किया। कई शहरवासियों से संवाद स्थापित किया। इस पूरे निरीक्षण कार्यक्रम में नगर आयुक्त, सहायक नगर आयुक्त, सिटी मैनेजर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कार और बस में टक्कर के बाद यात्री बस पलटी, 22 लोग घायल

**खूंटी :** खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर तोरपा थाना क्षेत्र के चंद्रपुर मोड़ के पास रविवार को सुबह लगभग नौ बजे कार और यात्री बस के बीच हुई टक्कर के बाद बस के पलट जाने से 22 लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। बस पर सवार एक व्यक्ति का हाथ कटकर बस में ही रह गया। सभी घायलों का तोरपा रेफरल अस्पताल में प्रारंभिक इलाज के बाद सभी को सदर अस्पताल खूंटी रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार फिजाएंड फिजा नामक यात्री बस तपकारा से रांची जा रही थी। चंद्रपुर मोड़ के पास बस एक कार टकरा कर पलट गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और फोन कर खूंटी और तोरपा की सभी एंबुलेंस को बुलाकर घायलों को अस्पताल भेजा। बाद में खुद रेफरल अस्पताल पहुंचे और घयालों को अस्पताल भेजने में मदद की। दुर्घटना में कमड़ा निवासी राहिल भेंगरा और अनिमा भेंगरा, रनिया निवासी राहिल एंजेला टूटी, शांति नगर तोरपा निवासी निमुती टोपनो, सुनीता बारला खुदीवीर, रांची निवासी, शेख राजू, तपकरा निवासी साहिन खातून जैना मोड़ अकबर अंसारी, संतोषी टोपनो, संगीता गुड़िया, विनय आईंद, शांति सोय, नियरजन बरजो, शिवानी हेमरोम, गटुहातू, छोटन आईंद उयूर गुड़िया, कोनुएंट गुड़िया तपकरा, दीपक कुमार, साहिल अंसारी और शाहबाज अंसारी शामिल हैं। रेफरल अस्पताल में नहीं था कोई डॉक्टर, आयुष चिकित्सक ने किया इलाज रेफरल अस्पताल में बद इंतजामी कोई नई बात नहीं है, पर उस समय स्थिति और तकलीफ देह हो जाती है, जब कोई दुर्घटना हो जाती है और इलाज के लिए अस्पताल में कोई चिकित्सक न मिले।

# वर्तमान समय में सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के लिए बड़ा खतरा है : डॉ. भारती कश्यप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** वीमेन डॉक्टर्स विंग आई. एम. ए. झारखण्ड, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखण्ड, साहिबगंज जिला प्रशासन एवं साहिबगंज वन विभाग के संयुक्त तत्वधान में आज नया सदर अस्पताल परिसर, साहिबगंज में सुबह 9 बजे से मेगा महिला स्वास्थ्य कैंप और दृष्टि सुरक्षा अभियान का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन उपायुक्त हेमंत सती, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, पूर्व राष्ट्रीय सह अध्यक्ष, विमेन डॉक्टर्स विंग, आई.एम.ए, प्रदेश अध्यक्ष, विमेन डॉक्टर्स विंग, आई.एम.ए झारखंड डॉ भारती कश्यप, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, आईएमए अध्यक्ष, साहिबगंज डॉ. विजय कुमार एवं सिविल सर्जन डॉ. प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस महोत्सव में सर्वाइकल कैंसर जांच, नेत्र जांच, मलेरिया एवं फाइलेरिया की जांच, एच.आई.वी. एंव सिफलीस की जाँच, कालाजार की जाँच, उच्च रक्तचाप की जांच, टी.वी. की जांच, सिकलसेल की जांच, मधुमेह रोग की जांच, प्रसव पूर्व जाँच, वरिष्ठ नागरिक की जांच, हिमोग्लोबिन की जांच, टीकाकरण, परिवार नियोजन सबंधित सलाह दिया गया। साथ ही निःशुल्क दवाई का वितरण भी किया गया



- स्वास्थ्य हुल दिवस मेले में 3289 मरीजों के स्वास्थ्य की हुई जांच
- मेगा महिला स्वास्थ्य कैंप में 440 महिलाओं की जांच की गई

**उपायुक्त हेमंत सती ने अपने संबोधन में कहा**

जिले के सभी लोग इस कार्यक्रम का जरूर लाभ उठाएं। यहां पर लगे विभिन्न प्रकार के मेडिकल स्टॉल पर जाकर वहाँ उपस्थित चिकित्सकों को अपनी समस्या से अवगत कराऐं ताकि आपकी समस्या का जल्द से जल्द निदान हो सके। डॉ. भारती कश्यप जिनके अथक प्रयास से यह कार्यक्रम आयोजित हुआ हमारा प्रयास रहेगा कि यह कार्यक्रम का लाभ जिले के अंतिम व्यक्ति तक मिले। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सर्वाइकल कैंसर आम जनों के लिए बहुत खतरा है, इसका समय पर ईलाज होना बहुत जरूरी है। इस कार्यक्रम के माध्यम से यहां उपस्थित डॉक्टर से सलाह लेकर उपचार संभव है। इस कार्यक्रम में 16 एवं 20 तारीख को आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा ताकि शत प्रतिशत लोगों स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। उप विकास आयुक्त ने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में होने वाले कैंसर का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। जागरूकता की कमी, नियमित स्क्रीनिंग की अनुपलब्धता और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की कमी इसके प्रमुख कारण हैं। सर्वाइकल कैंसर से बचाव और इलाज संभव है, यदि समय पर इसके लक्षण पहचाने जाएं और सही कदम उठाए जाएं। नियमित स्वास्थ्य जांच के माध्यम से इस बीमारी को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है।

## एक नजर

### जेएससीए अंडर-14 क्रिकेट कैंप के लिए जुनैद रांची रवाना



**साहिबगंज:** जिला के उभरते जूनियर क्रिकेटर मो जुनैद परवेज का चयन रांची में 6 जनवरी से 13 जनवरी तक आयोजित जेएससीए अंडर-14 कैंप के लिए हुआ है। कैंप में शामिल होने के लिए जुनैद रविवार को वनांचल एक्सप्रेस से रांची के लिए रवाना हो गए। जुनैद 7वीं बार राज्य स्तरीय कैंप का हिस्सा बन अपने हुनर को निखारेंगे। जेएससीए डिस्ट्रिक्ट सब कमिटी चेयरमैन चंदेश्वर प्रसाद सिन्हा उर्फ बोदी सिन्हा, जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, मो अशफाक आलम, सतीश सिन्हा, राकेश गुप्ता, अमित तिवारी, सुरेश साह, प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा, राकेश रोशन, चंदन, शानू, सुधीर राणा, जिला के सभी खेल प्रेमी सहित अन्य ने जुनैद को शुभकामना देकर रवाना किया।

### 19 जनवरी को होगी चौकीदारी नियुक्ति की परीक्षा

**साहिबगंज:** जिला में चौकीदारों की नियुक्ति को लेकर विशेष परीक्षा का आयोजन होगा। इसे 19 जनवरी को आयोजित किया जा सकता है। जहां परीक्षा को लेकर जिला के कुछ स्कूलों को केंद्र बनाया जाएगा। जिसके लिए जिला शिक्षा विभाग से परीक्षा केंद्र बनाए जाने को लेकर संभावित स्कूलों की सूची व वहां उपलब्ध संसाधन आदि का ब्यौरा उपायुक्त ने मांगा है। जिला शिक्षा विभाग ने केंद्र बनाने को लेकर एवं संबंधित स्कूलों में बैठने की क्षमता आदि को लेकर सूची बनाकर उपायुक्त को सौंपा है। करीब 15 केंद्र बनाए जा सकते हैं, चौकीदार परीक्षा में करीब 6 हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे।


### धान को लेकर सगे भाइयों में मारपीट एक घायल

**साहिबगंज/कोटालपोखर:** थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहपुर गांव में शनिवार की रात 8 बजे बड़े भाई राजा साहा और छोटे भाई सोहन साहा के बीच धान के बंटवारा को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों ने आपस में मारपीट भी कर लिया। जिसमें बड़े भाई ने लाठी से छोटे भाई के सिर पर प्रहार कर लहू लुहान कर दिया। लड़ाई देख छोटे भाई की पत्नी ने गांव के बुजुर्ग को घटनास्थल पर बुलाकर लाई। वही ग्रामीणों ने दोनों भाई को समझा बूझकर मामला शांत कराया तथा गांव में पंचायती के माध्यम से विवाद का निपटारा करने की बात कह कर घायल को स्थानीय चिकित्सक के पास ले गए। जहां उनका इलाज चल रहा है।

### सर्वाइकल कैंसर व नेत्र जांच के लिए बोरियो प्रखंड से 300 लोग रवाना

**साहिबगंज/बोरियो:** स्वास्थ्य हुल महोत्सव के तहत सर्वाइकल कैंसर एवं नेत्र जांच के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज में आज रविवार को लगने वाले मेगा जांच शिविर हेतु बोरियो प्रखंड से कुल 300 रोगी को सीएससी से प्रभारी डॉक्टर सलखु चंद्र हांसदा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर बीपीएम विष्णु भगत, एटीएस मनोहर पंडित, एएनएम रिंकू कुमारी, सलिता कुमारी आदि मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के पांचवें दिन ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान चला



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज:** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के पांचवे दिन के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी मिथिलेश कुमार चौधरी के नेतृत्व में साहिबगंज ज़िले के सभी थाना, चौक चौराहे पर ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान चलाया गया। साहिबगंज जिले के सभी थाना में ड्रिंक एंड ड्राइव अभियान में सभी वाहन चालकों, 2 पहिया, 4 पहिया, ट्रक अथवा बस ड्राइवरों का अल्कोहल ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से शराब सेवन तथा नशे के हालत में वाहन चलाने को लेकर जांच अभियान चलाया गया। बताया गया कि शराब एवं नशे के हालत में वाहन चलाने पर मोटर वाहन अधिनियम 185 के तहत 10000/ रुपए का जुर्माना या 6 महीने का जेल का प्रावधान है। साथ ही उलंघन करने वाले चालको पर कार्यवाही भी किया गया। सभी वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के नियमों को पालन करने के प्रति जागरूक किया गया एवं पंपलेट, बुकलेट एवं हैंडबील वितरण किया गया ताकि सड़क दुर्घटनाओं मे कमी हो सके।

## भीम हत्याकांड में फरार मास्टर माइंड गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सिटी पुलिस ने रविवार को भीम सिंह हत्याकांड के मास्टर माइंड अजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। दो वर्षों से फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी से पुलिस अनुसंधान की गति में तेजी आएगी। साथ ही हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने में मदद मिलेगी। बताता चलूं कि वर्ष 2022 दिसंबर के अंत में चास शिव शक्ति कालानी निवासी युवक भीम सिंह उर्फ भीम यादव को सिटी थाना क्षेत्र के राम मंदिर मार्केट के पास बुलाकर शराब का सेवन किया गया। इसके बाद उसके साथ जमकर मारपीट की गई। जिससे वो अधमरा हो गया था। फिर उसे एक कार से अगवा कर धनबाद टाटा हाईवे के जरिए पश्चिम बंगाल के पुरुलिया ले जाया गया। कार में ही पीट पीटकर उसे मौत के घाट उतार दिया गया। फिर शव को




पुरुलिया में फेंक कर सबूत व पहचान मिटाने के लिए आग के हवाले कर दिया था। इधर भीम के परिजनों के सूचना पर सिटी पुलिस अपहरण का प्राथमिकी दर्ज कर उसके तलाश में जुटी थी। इसी बीच सात जनवरी 2023 को पुरुलिया पुलिस की सूचना पर अपहत भीम के अधजले शव को बरामद कर बोकारो लाया गया। तत्कालीन सिटी इंस्पेक्टर महेश प्रसाद ने अपहरण व हत्या का प्राथमिकी दर्ज करते हुए जयराम, विजय, लाला, राकेश को कुछ कुछ अंतराल पर गिरफ्तार कर जेल भेजा था। परंतु कांड का मास्टर माइंड पुलिस की आंखों में धूल झोंककर फरार चल रहा था। अब हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने व आरोपियों को उनके अंजाम तक पहुंचाने में पुलिस को मदद मिलेगी।

## नवल कुमार तांती हत्याकांड में पुलिस ने तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** पुराने जमीनी विवाद में बीते दिनों अंचल कार्यालय साहिबगंज महिला समिति के निकट गोड़ाबाड़ी हटिया चौक के समीप अपराधियों ने दिनदहाड़े फूल डेकोरेशन करने वाले युवक गुल्ली भट्ठा पांचमोड़ के रहने वाला नवल कुमार तांती को गोली मारकर हत्या कर दी। एसपी कार्यालय प्रकोष्ठ में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में मृतक के भाई गौतम कुमार तांती, स्वर्ग दिलीप तांती, साकिन गुल्ली भट्ठा पांचमोड़ जिला साहिबगंज के आवेदन के आधार पर जिरवाबाड़ी थाना कांड संख्या 6/25 दिनांक 4 जनवरी 2025 धारा 103(01)/238/3(05) बी.एन.एस. एवं 27 आर्म्स एक्ट



कांड दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह साहिबगंज के द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की के नेतृत्व में घटना में शामिल अपराधियों एवं कांड का उद्भेदन हेतु छापामारी टीम का गठन किया गया। गठित छापामारी टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल मो तबरेज, महेश तांती, एवं विश्वजीत कुमार उर्फ शिवम कुमार को गिरफ्तार किया गया। मो तबरेज, महेश तांती एवं विश्वजीत कुमार उर्फ शिवम कुमार से पूछताछ में इस घटना में अपनी संलिप्ता को स्वीकार किया। मो तबरेज एवं महेश तांती दोनों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक अवैध देशी कट्टा एवं एक जिंदा गोली को गोड़ाबाड़ी हटिया कब्रिस्तान के पास से बरामद किया गया है। इस घटना के पूछताछ के क्रम में अभियुक्तों के द्वारा बताया गया कि महेश तांती का मृतक नवल कुमार तांती एवं उनके मित्र के साथ पुराना जमीन विवाद था। जिस विवाद के कारण महेश तांती के द्वारा अपने साथी मो तबरेज को इस घटना को कार्य करने का जिम्मा दिया गया था। वही छापामारी दल में शामिल किशोर तिर्की अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी साहिबगंज, अमित कुमार गुप्ता पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी नगर थाना, पुअनि पंकज कुमार दुबे थाना प्रभारी जिरवाबाड़ी, पुअनि लव कुमार जिरवाबाड़ी, रिजर्व गार्ड जिरवाबाड़ी एवं टाइगर मोबाइल का जवान शामिल थे।

### उपायुक्त की पहल पर 95 वर्षीय गंगा मनी को मिला परिवार का साथ

**बोकारो** : रविवार को कसमार प्रखंड के जामकुदर निवासी 95 वर्षीय गंगामनी देव्या का भरा पूरा परिवार होने के बाद भी असहाय बेड पर पड़ी रहने का मामला प्रकाश में आने पर उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव ने मामले में त्वरित संज्ञान लेते हुए अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बेरमो श्री मुकेश मछुआ एवं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी डा. सुमन गुप्ता को परिजनों से संपर्क कर सकारात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। उपायुक्त के पहल पर रविवार को 95 वर्षीय गंगामनी देव्या के पुत्र श्री वकील दे. ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कसमार पहुँच माँ को अपने साथ घर ले गया। उन्होंने मामले में अपने भूल को स्वीकार करते हुए प्रशासन को अपनी माँ का देखभाल - ख्याल रखने का भरोसा दिया है। जानकारी हो कि, 95 वर्षीय गंगामनी देव्या के दो बेटे समेत परिवार में 8 सदस्य हैं, लेकिन इनकी देखभाल नहीं करते। 40 साल पहले पति का निधन हो चुका है, दोनों बेटे बाहर रहते हैं।

## पूर्व सांसद सुनील महतो की समाधि स्थल से निकली डहरे टुसू यात्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सरायकेला :** छोटानागपुर कुड़मी कला संस्कृति मंच के बैनर तले, रविवार 5 जनवरी को शहीद सुनील महतो समाधि स्थल छोटा गम्हरिया से आमबगान मैदान साकची तक 16 किलोमीटर लंबी डहरे टुसू यात्रा निकाली गई। यह यात्रा शहीद सुनील महतो के माता खादो देवी के अगुवाई में आयोजित की गई थी। यात्रा में लाखों की संख्या में महिला-पुरुष पारंपरिक वाज यंत्र, चोड़ल, ढोल-नगाड़े, डीजे के साथ शामिल हुए और सांस्कृतिक धारा में बहते हुए यात्रा की शुरूआत सुबह 9 बजे



हुई। यात्रा का समापन संध्या 6 बजे आमबगान मैदान साकची में हुआ। छोटानागपुर कुड़मी कला संस्कृति मंच के संस्थापक एवं अध्यक्ष अनूप कुमार महतो ने इस यात्रा का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि छोटानागपुर पठार के पारंपरिक त्योहार अब शहरों में विलुप्त होने की कगार पर हैं। उन्होंने इस यात्रा के माध्यम से इन सांस्कृतिक धरोहरों को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता को बल दिया। अनूप कुमार महतो ने आगे कहा कि शहीद सुनील महतो और शहीद निर्मल महतो की हत्या का मामला ठक्अ/उइक जांच के दायरे में लाया जाए, कुड़मी समुदाय को पूर्ण एसटी सूची में शामिल किया जाए, और कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि छोटानागपुर पठार की संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी घोषणा की कि डहरे टुसू यात्रा हर साल के पहले रविवार को आयोजित की जाएगी और 2026 में यह यात्रा 4 जनवरी को निकाली जाएगी। इस यात्रा के माध्यम से कुड़मी समुदाय अपने सांस्कृतिक धरोहरों को शहर के बीचों-बीच जीवित रखेगा और अपनी मांगों को लेकर सरकार के समक्ष अपने मुद्दे उठाएगा। इस यात्रा में क्षेत्रीय कुड़मी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला क्रिकेट लीग कम नॉक आउट टूर्नामेंट में वल्चर्स क्रिकेट क्लब ने 25 रन से दर्ज की जीत



**साहिबगंज:** जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट में रविवार को वल्चर्स क्रिकेट क्लब बनाम कंबाइंड इलेवन वन के बीच मैच खेला गया। कंबाइंड इलेवन वन ने टॉस जीत पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। वल्चर्स क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 32.5 ओवर में 203 रन बना कर ऑल आउट हो गई। संतोष राज ने 41, अरशद आलम ने 32, अमित कुमार ने 15, आशीष रंजन ने 16, अभिषेक कुमार ने 18, विवेकानंद ने 19 व प्रणव प्रकाश ने 12 रनों की पारी खेली। कंबाइंड इलेवन वन के गेंदबाज सोनू उरांव ने 4, अमित ने 2, हसीबुल, अमित व शहादत ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी कंबाइंड इलेवन वन की टीम 33.4 ओवर में 178 रन बना कर ऑल आउट हो गई। जमील अख्तर ने 17, अमित बड़ाई ने 20, अमित राज ने 20, सोनू उरांव ने 26, फैज ने 14 व तौकीर अनवर ने 28 रनों की पारी खेली। वल्चर्स के गेंदबाज विवेकानंद ने 3, प्रणव व राजकुमार ने 2-2 व मुजाहिद व अमित ने 1-1 विकेट लिया। वल्चर्स क्रिकेट क्लब ने 25 रनों से जीत दर्ज की। वल्चर्स के खिलाड़ी विवेकानंद को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया। मुख्यातिथि मछुआ सोसाइटी अध्यक्ष अशोक चौधरी ने विवेकानंद को मैन ऑफ दी मैच की ट्रॉफी से पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग राकेश कुमार रोशन व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा एवं स्कोरिंग केएस सौरभ ने किया। मौके पर जिला क्रिकेट संघ सचिव अंकुर सिन्हा, टूनार्मेंट इंचार्ज मो अशफाक आलम, चंदन कुमार, आदित्य, सागर सुमन, मो जुनैद व अन्य मौजूद थे।

### प्रीमियर लीग सीजन 2 क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



**बरहरवा:** प्रखंड अंतर्गत अबराटोला क्रिकेट प्रीमियर लीग सीजन 2 के तत्वाधान में चल रहे सीनियर क्रिकेट टूनार्मेंट लीग रविवार को इलामी बनाम सातगाछी के बीच पहला मैच खेला गया। क्रिकेट लीग का उद्घाटन पाकुड़ विधायक प्रतिनिधि शाह जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान,अशोक दास एवं बरारी पंचायत के मुखिया सुभान हेंब्रम ने फीता काटकर किया। सातगाछी टीम ने पहले टॉस जीत कर गेंदबाजी करने का फैसला लिया जिसमें 5 विकेट शेष पर जीत हासिल की। दूसरा मैच चंदौड़ बनाम रामनगर के बीच खेला गया। जिसमें रामनगर टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया जिसमें 8 विकेट से जीत हासिल की,तीसरा मैच आबराटोला बनाम कंकजोल के बीच हुआ, जिसमें कंकजोल की टीम टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया मैच मे अबराटोला टीम ने 26 रनों से जीत दर्ज की ।आखिरी मैच दरियापुर बनाम हरिहरा के बीच हुआ जिसमें टॉस जीतकर हरिहरा टीम ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और हरिहरा टीम ने 6 विकेट से जीत हासिल। मौके पर खेल के संचालक नसीरूल शेख, अब्दुल बासिर, मोतिउर रहमान, तमिजुद्दीन शेख, समीर शेख, कासिम शेख सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। टूनार्मेंट के संचालक समीरुल शेख ने बताया कि सेमी फाइनल मैच सोमवार को आबराटोला बनाम हरिहरा और सातगाछी बनाम रामनगर के बीच खेला जाएगा साथ ही फाइनल मैच भी।

### चांडिल के झामुमो कार्यकर्ताओं का सम्मलेन सह मिलन समारोह आयोजित





**चांडिल** : डैम रिसोर्ट परिसर में रविवार को झामुमो चांडिल प्रखंड के कार्यकर्ता सम्मलेन सह मिलम समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथी के तौर पर विधायक सविता महतो शामिल हुए। इस दौरान विधायक नें सभी कार्यकर्ताओ को नव वर्ष का बधाई दिए। वही मिलन समारोह में चांडिल प्रखंड के सभी पंचायत के अध्यक्ष व सचिव के साथ सभी कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान झामुमो कार्यकर्ताओ में काफी उत्साह दिखा। इस दौरान सभी पंचायत के कार्यकर्ताओ नें विधायक को अपने अपने पंचायत क्षेत्र के समस्याओ से अवगत कराया। विधायक नें सभी समस्या का जल्द समाधान करने की बात कही। विधायक नें कहा इस तरह मिलन समारोह बाकी बचे सभी प्रखंड क्षेत्र में आयोजित होगी। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य पिंकी लायेक, झामुमो केंद्रीय सदस्य सचिव गणेश चौधरी, जिला अध्यक्ष डा सुभेंदु महतो, झामुमो नेता कार्तिक महतो, ओम लायेक, सचिन महतो, केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, चारु चांद किस्कु, सुधीर किस्कु, काबलु महतो, समीर महतो, विधायक के बेटी स्नेहा महतो, बिजली माझीयान, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, सरवर आलम, मो नौशाद, धरमु गोप, माधव सिंह मानकी, मनमन सिंह, शेख फरीद, हीरा लाल महतो, अर्जुन सिंह मुंडा, सुदामा हेम्ब्रम, राहुल वर्मा, बैद्यनाथ टुडू, आशीष मंडल, दिलीप किस्कु, राजू किस्कु, समर भुईया, हरेन सिंह, श्रीकांत महतो, मोहन कर्मकार, अरुण टुडू, समेत हजारों महिला पुरुष झामुमो कार्यकर्त उपस्थित थे।

# पटना में क्लास 8 तक के सभी स्कूल बंद

## 12 जनवरी से चलेंगी क्लासेज, बिहार में कोहरे का अलर्ट, 5 जोड़ी फ्लाइट्स कैंसिल, 15 ट्रेनें लेट





**पटना।** देश के पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी का असर बिहार में भी दिख रहा है। पिछले 4 दिनों से प्रदेश में ठंड बढ़ गई है। ठंड की वजह से पटना में 2 लोगों की मौत हो गई। इनमें एक की पहचान नौबतपुर के पुरुषोत्तमपुर मोहल्ले में बतरनी देवी (63) के रूप में हुई है। जबकि एक की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। कड़ाके की ठंड को देखते हुए पटना डीएम चंद्रशेखर सिंह क्लास वन से 8वीं तक के सभी स्कूल 11 जनवरी तक बंद रखने का निर्देश दिया है। इस दौरान स्कूल में बच्चे नहीं आएंगे, लेकिन शिक्षक अपने समय पर आएंगे। 8वीं से ऊपर के क्लास सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक चलेंगे। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 3 घंटों में अरवल, औरंगाबाद, बेगुसराय, भोजपुर, बक्सर, गया, जहानाबाद, कैमूर (भभुआ), नालंदा, नवादा, पटना, रोहतास, शेखपुरा में कई जगहों पर घना कोहरा छाने की संभावना है। कोहरे की वजह से पटना एयरपोर्ट पर 100 मीटर से कम विजिबिलिटी होने की वजह से विमानों के ऑपरेशन पर असर पड़ा रहा है। शनिवार को दिल्ली की तीन, मुंबई और बेंगलुरु की एक-एक जोड़ी फ्लाइट्स को कैंसिल हो गई। वहीं, राजधानी समेत 14 ट्रेनें लेट चल रही हैं। मौसम विभाग ने 7 जिलों में कोहरे को लेकर ऑरेंज और 31 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, पिछले 24 घंटे में बांका सबसे ठंडा जिला रहा। यहां का न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जबकि वहीं, नौबतपुर के पुरुषोत्तमपुर मोहल्ले में बतरनी देवी (63) की मौत ठंड लगने से हो गई। शनिवार को पटना का अधिकतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.7 डिग्री सेल्सियस रहा। शेखपुरा में शनिवार को बरबीघा प्रखंड के प्लस टू उच्च विद्यालय कुटौत में ठंड लगने से एक दर्जन छात्राएं बेहोश हो गई थी। वहीं, एक शिक्षिका भी बेहोश हो गई। घटना के बाद स्कूल में अफरा तफरी मच गई। बेहोश हुई छात्राओं और शिक्षिका को रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इसमें 8 छात्राओं को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। 4 छात्राओं का इलाज अब भी चल रहा है। वहीं सारण के मांझी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कलान में दौड़ रहीं एक दर्जन छात्राएं सड़क पर गिरकर बेहोश हो गईं। प्रतियोगिता के वक्त शीतलहर चल रही थी। 8वीं की छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### एसडीएम ने शहर में अलाव का लिया जायजा

**कैमूर ।** बढ़ते ठंड को देख मोहनिया एसडीएम राकेश कुमार सिंह ने मध्य रात्रि शहर में जल रहे अलाव व्यवस्था का जायजा लेने निकले। इस दौरान उनके साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी और कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत मौजूद रहे। शहर दौरे के दौरान उन्होंने पाया कि सात जगह पर अलाव जलाई जा रही है। लेकिन लकडियां कुछ कम है, जिसको देखते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि अनुमंडल अस्पताल मोहनिया, रेलवे स्टेशन मोहनिया और चौक चौराहों पर पर्याप्त जलावन के लिए लकड़ी की व्यवस्था कराया जाए। साथ ही ठंड से कांप रहे लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। एसडीएम राकेश कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बढ़ते हुए ठंड को देखते हुए मोहनिया शहर में अलाव जलाया जा रहा है कि नहीं इसका निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया की सात जगह पर अलाव जलाया जा रहा है। इस दौरान जो भी रास्ते में ठंड से कांपते हुए जरूरतमंद मिले उनके बीच कंबल का वितरण किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील है की ठंड में पर्याप्त उनी कपड़ा पहन कर ही घरों से बाहर निकले, जिससे की ठंड से बचा जा सके।

## ब्लैकमेल करने लगा बॉयफ्रेंड, दूसरे प्रेमी संग मिलकर मार डाला



**गोपालगंज।** में पुलिस ने गुरुवार को गोपालपुर थाना क्षेत्र के पचमवा गांव के बाहर सड़क किनारे एक युवक का शव बरामद किया था। पुलिस ने शुक्रवार को इस हत्या मामले का खुलासा किया है। साथ ही मृतक की प्रेमिका और उसके एक प्रेमी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान पचमवा गांव निवासी सहाना खातून और हरिउल्लाह मियां के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के पास से हत्या में इस्तेमाल की गई रस्सी और मृतक का मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है। मृतक की पहचान पचमवा गांव निवासी राजेंद्र साह के बेटे गोविंद कुमार गोंड(17) के रूप में हुई थी। मामले में सदर एसडीपीओ प्रांजल ने बताया कि 'मृतक गोविंद का एक विवाहित महिला के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। उसने महिला की कुछ अश्लील वीडियो बना लिए थे और उसे ब्लैकमेल किया करता था। वहीं, महिला का गांव के एक अन्य युवक से भी प्रेम-प्रसंग था।' 'आरोपी महिला की 6 साल पहले शादी हुई थी। शादी के बाद वह दिल्ली अपने पति के साथ रहती थी,

## प्रमंडल बनाने के लिए होगी पदयात्रा


### डीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल, कहा- बिहार में सबसे अधिक राजस्व देता है हमारा जिला



**बेगूसराय।** बिहार की औद्योगिक राजधानी बेगूसराय को प्रमंडल बनाने की मांग ने तूल पकड़ लिया है। प्रमंडल बनाने के लिए 'प्रमंडल बनाओ अभियान' समिति की ओर से 12 जनवरी को भव्य पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। पदयात्रा जी.डी. कॉलेज 11 बजे से निकल कर गांधी स्टेडियम तक जाएगी। इस पदयात्रा को सफल बनाने के लिए समिति के सदस्यों ने डीएम तुषार सिंगला से मिलकर पदयात्रा की संपूर्ण जानकारी दी और सुरक्षा व्यवस्था का मांग किया है। बेगूसराय प्रमंडल बनाने की मांग का समर्थन एवं सहयोग करने का अनुरोध भी किया। डीएम ने इसमें पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। समिति के सदस्यों ने बताया कि पदयात्रा में बेगूसराय एवं खगड़िया के सांसद, सभी विधायक, सभी विधान परिषद सदस्य एवं बेगूसराय के सभी स्थानीय जनप्रतिनिधि को आमंत्रित किया गया है। लगभग सभी का सहमति प्राप्त हो रहा है, पदयात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भी सहमति दी है। प्रमंडल बनने से प्रमंडल स्तरीय कार्यालय खुलेंगे प्रमंडल बनाओ अभियान समिति के संयोजक दिलीप कुमार सिन्हा ने बताया की पदयात्रा द्वारा सरकार से मांग सरकार तक पहुंचाया जाएगा कि बेगूसराय को जल्द प्रमंडल बनाएं। बेगूसराय, बिहार में सबसे अधिक राजस्व देने वाला जिला है। बिहार के मध्य में है, प्रमंडल बनने से प्रमंडलीय स्तर का कार्यालय खुलेंगे। बिहार बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय, विश्वविद्यालय, एयरपोर्ट, एम्स, मेडिकल कॉलेज, कृषि महाविद्यालय, मैनेजमेंट कॉलेज एवं पर्यटन आदि खुलने की संभावनाएं बढ़ जाएगी, जिससे रोजगार के अवसर मिलेंगे। मौके पर पूर्व मेयर आलोक कुमार अग्रवाल, को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष नरेंद्र प्रसाद सिंह, अधिवक्ता समीर शेखर, डॉ. वीरेंद्र कुमार कुमार, इंद्रजीत कुमार राय, नीरज कुमार राय, मार्क्समैन के निदेशक कल्याण जी एवं कमल किशोर सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## युवक पर धारदार हथियार से किया हमला

### इतना चाकू मारा कि निकालनी पड़ी किडनी, सिली गई आंत, पीड़ित बोला- अंधेरा था, अल्लाह जाने किसने मारा



**बेगूसराय।** मैं दिल्ली में काम करता हूं। एक जनवरी को दिल्ली से घर आया था। मेरे दोस्तों ने कहा कि चलो खर्चा करो, दारू पिलाओ। फिर मेरे दोस्त मुझे लेकर पचंबा मार्केट आ गए। वहां मैंने दोस्तों से कहा कि मेरे पास पैसे नहीं है। इतना कहने के बाद दोनों दोस्त चले गए। उनके जाते ही थोड़ी देर में किसी ने चाकू से ताबड़तोड़ मेरे पेट में हमला कर दिया। मैं दर्द से चिल्लाने लगा और अंधेरा होने की वजह से किसने हमला किया, ये देख नहीं पाया। ये बातें बेगूसराय के पचंबा के रहने वाले 25 साल के मोहम्मद आमिर सोहेल उर्फ मोनू ने कही। परिजन जब घायल को अस्पताल लेकर गए, तो पता चला कि चाकू के हमले से मोनू की एक किडनी क्षतिग्रस्त हो गई है और आंतें भी कट गई हैं। इसके बाद डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर क्षतिग्रस्त किडनी को निकाल दिया और आंतों की सिलाई कर दी। फिलहाल, घायल को इलाज के लिए वार्ड में रखा गया है। घटना पचंबा थाना क्षेत्र के सिंघौल गांव की है। अस्पताल में एडमिट लरूआरा गांव के रहने वाले मोनू ने बताया कि वो दिल्ली में स्टील का काम करता है। हमले को किसने और क्यों अंजाम दिया, ये अल्लाह जाने। उसने कहा कि हमले के बाद उसने परिजन को जानकारी दी, जिसके बाद उसे सदर अस्पताल में एडमिट कराया गया, जहां से उसकी हालत को गंभीर देखते हुए प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। इधर, गांव में चर्चा है कि करीब 1 साल पहले मोनू की शादी समस्तीपुर में मोहद्दीनगर के आसपास हुई थी। लेकिन गांव में ही इसका किसी से प्रेम संबंध चल रहा था। शादी के बाद वो दिल्ली चला गया था और 1 जनवरी को गांव आया था। गांव आते ही महिला के परिजनों ने दोनों को आपत्तिजनक हालत में देख लिया इसके बाद धोखे से उसे बुलाकर जान से मारने की कोशिश की गई। घटना को लेकर क्या बोली पुलिस? घटना के संबंध में एसपी मनीष ने बताया कि सूचना मिलते ही सिंघौल थानाध्यक्ष अमित कुमार मौके पर पहुंचे, मामले की जांच-पड़ताल की गई। स्थानीय लोगों ने पूछताछ करने पर पता चला कि आपसी विवाद के बाद कुछ लड़कों ने हमला कर मोनू को घायल कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों एवं परिजन की मदद से घायल को अस्पताल में एडमिट कराया गया। एसपी ने कहा कि घटना को गंभीरता से लेते हुए मैंने खुद घटनास्थल का दौरा किया है।

## दुखद: ताश खेलने के विवाद में युवक को मारी गोली, मौत



**समस्तीपुर।** के बिथान थाना क्षेत्र के सिहमा गांव में शनिवार शाम एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान गांव के राजेश्वर यादव के बेटे धर्मेंद्र कुमार उर्फ बिट्टू (25) के रूप में की गई है। घटना की सूचना पर रोसड़ा की DSP सोनल कुमारी के नेतृत्व में पुलिस की टीम मौके पर कैंप कर रही है। घटना को लेकर पुलिस को लोगों के भी विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीण शव को उठाने नहीं दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि पहले मौके पर वरीय पुलिस पदाधिकारी को बुलाया जाए। धर्मेंद्र अपने घर से करीब 50 मीटर की दूरी पर ताश खेल रहे लोगों के पास खड़ा था। इसी दौरान ताश खेलने को लेकर उसका विवाद हो गया। पाटीदार के ही कुंदन कुमार नामक युवक ने उसे नजदीक से गले के पास गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की बहन मनीषा का कहना है कि चंद्रावली का भतीजा कुंदन से पिछले एक साल से उनके भाई का विवाद चल रहा था। पाटीदारी विवाद को लेकर झूठा केस में भी फंसाया जा रहा था। बराबर ही मोबाइल पर मैसेज देकर तरह-तरह से धमकी भी दी जाती थी। शाम में घटना को अंजाम देने के बाद भाग रहे कुंदन ने उसे बताया कि तुम्हारे भाई को गोली मार दी है।

## संक्षिप्त डायरी

### शादी के 40 साल बाद भारतीय बनीं बांग्लादेशी सुमित्रा



**आरा।** की सुमित्रा प्रसाद उर्फ रानी साहा को 40 साल के बाद नागरिकता संशोधन अधिनियम (उअअ) के तहत भारतीय नागरिकता मिली है। वह शहर के चित्र टोली रोड में वीजा लेकर रह रही थीं, लेकिन अब उनको भारतीय नागरिकता मिल चुकी है। बिहार में उअअ के तहत मिली नागरिकता का ये पहला मामला है। महिला की सबसे छोटी बेटी ऐश्वर्या प्रसाद ने नवंबर 2024 में उअअ के तहत आवेदन दिया था। दो महीने के अंदर ही बेटी की कोशिश के बाद मां को भारत की नागरिकता मिल गई। जिसको लेकर परिवार में खुशी का माहौल है।महिला सुमित्रा प्रसाद उर्फ रानी साहा ने भास्कर से बातचीत में बताया कि 'जब वह पांच साल की थी तब 1970 में अपनी बुआ के घर बांग्लादेश गई। साल 1971 में बांग्लादेश-पाकिस्तान का विभाजन हो गया। मैंने वहां 10वीं तक पढ़ाई की। उस दौरान बांग्लादेश के राजशाही नामक जगह पर रहती थी, वहां की स्थिति बहुत खराब थी। हिंदुओं को वहां पर कोई देखना पसंद नहीं करता था। हिंदुओं को हमेशा खराब नजरों से देखा जाता था। मैं वहां से 1985 में भारत आ गई, जिसके बाद कभी बांग्लादेश लौट कर नहीं गई, लेकिन उनको भारत में ही वीजा लेकर रहना होता था।'सुमित्रा ने बताया कि 'उनके पिता के पास इतना पैसा नहीं था कि वो अपने परिवार का भरण पोषण कर सके। पिता मदन गोपाल चौधरी को दो बेटी सुमित्रा प्रसाद, कृष्णा रानी साहा और दो बेटे विजय प्रसाद, नरेश प्रसाद थे। छह लोगों का खर्च मदन गोपाल नहीं उठा पा रहे थे। इसी बीच मदन गोपाल चौधरी की तबीयत भी खराब हो गई, जिस वजह से सुमित्रा अपनी बुआ के घर 1970 में चली गई।' सुमित्रा रानी साहा ने बताया कि 'जब वह भारत लौटी तो उनकी उम्र 20 साल थी। भारत लौटने के बाद वो कटिहार में अपने पिता के पास गई। फिर 10 मार्च 1985 को आरा शहर के चित्र टोली रोड में उनकी शादी परमेश्वर प्रसाद से हुई। उसके बाद से ही सुमित्रा आरा में अपने परिवार के साथ रहने लगी। आरा में ही पति होम अप्लायंस की दुकान चलाते थे।'

### मोबाइल शॉप से 15 लाख की चोरी





**समस्तीपुर।** के पटोरी थाना क्षेत्र के कवि चौक के पास चोरों ने दूसरे दिन भी चोरी की है। कवि चौक स्थित अमन इंटरप्राइजेज नामक मोबाइल दुकान का शटर उठाकर करीब 15 लाख रुपए का मोबाइल चोर ले गए। घटना की सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दुकानदार का कहना है कि रात में वह अपनी दुकानों का सभी शटर गिराकर उसे लॉक कर घर चले गए थे। दिन के करीब 10 बजे वह दुकान खोलने पहुंचे तो देखा कि दुकान का शटर नीचे से उठा हुआ है। जब शटर उठाकर उसने अंदर प्रवेश किया तो मोबाइल का विभिन्न बॉक्स खुला हुआ था, रैपर जहां-तहां पड़ा हुआ था। उसके अंदर रखा मोबाइल गायब था। चोरी की गई मोबाइल की कीमत करीब 15 लाख रुपए से अधिक की होगी। बाद में उन्होंने मामले की जानकारी अपने मालिक को दी। जब दुकान के मालिक मौके पर पहुंचे तो पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला जा रहा है। 6 चोरों ने इस चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पटोरी के डीएसपी बीके मेधावी ने बताया कि मोबाइल दुकान में चोरी की घटना हुई है। दुकानदार द्वारा करीब 15 लाख रुपए मूल्य की मोबाइल चोरी की बात बताई गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। दो दिनों से लगातार हो रही चोरी की घटना के सवाल पर उन्होंने कहा कि पुलिस की एक टीम को इस कार्य में लगाया गया है जल्दी ही मामले का खुलासा हो जाएगा।

### दुकान में लगी आग को बुझाने में लगा करंट

**समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के उजियारपुर थाना क्षेत्र के गाववपुर वार्ड 6 मोहल्ला में किराना और डेकोरेशन दुकान में शनिवार सुबह अचानक आग लग गई। आग बुझाने के प्रयास में चपेट में आने से दुकानदार के पिता की करंट लगने से और झुलस कर मौत हो गई। मृतक की पहचान उजियारपुर थाना क्षेत्र के गांवपुर वार्ड 6 के हरे कृष्ण सिंह के रूप में हुई है। उधर, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना के संबंध में मृतक के बेटे राम विनय कुमार ने बताया कि उनके किराना दुकान में आग लगी हुई थी। उनके पिता हरे कृष्ण सिंह उसी रास्ते जा रहे थे। उन्होंने आग देखा, तो शोर मचाया और फिर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दुकान से सामान निकालने लगे। उन्होंने बताया कि दुकान के अंदर एक स्कूटी भी खड़ी थी। उनके पिता स्कूटी निकालने के लिए जैसे ही अंदर गए, अंदर का सामान उनके शरीर पर गिर पड़ा। इस दौरान कहीं से बिजली की तार टूट गई, जिससे लोहा के गेट में करंट आ गया। मेरे पिता इसी लोहे के गेट में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गए।

## 'बेवजह बुजुर्गों और बच्चों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज




**दरभंगा।** में शनिवार को 2 आरोपियों को पकड़ने गई लहेरियासराय थाने की पुलिस टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया। पुलिस कर्मियों पर लाठी-डंडे चलाए गए। पत्थर फेंके गए। हथियार छीनने की भी कोशिश की गई। पुलिस वालों ने भागकर अपनी जान बचाई। पुलिस पर पथराव की वजह जानने के लिए सैदनगर के अभंडा कॉलोनी के लोगों से बात की। लोगों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 'बेवजह बुजुर्गों के साथ साथ बच्चों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। पुलिस की पिटाई से 40 साल के एक दिव्यांग की मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस पर पथराव शुरू किया।' ग्रामीणों ने बताया कि 'जिस आरोपी को गिरफ्तार करना था, उसे गिरफ्तार करती। लेकिन, निर्दोष लोगों पर लाठियां क्यों चलाई।' वहीं, लहेरियासराय थाने की पुलिस ने बताया कि 'अभंडा कॉलोनी में जितेंद्र यादव नामक आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंचे और आरोपी को गिरफ्तार किया। इसके बाद ग्रामीणों ने जबरन पुलिस के कब्जे से आरोपी को छुड़ाया तो पुलिस ने विरोध किया। फिर ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर पथराव किया, जिसमें 3 पुलिसकर्मी घायल हो गए।' ग्रामीणों का आरोप है कि 'पुलिस की ओर से किए गए लाठीचार्ज के बाद भगदड़ की स्थिति बन गई।

## 'राहुल गांधी–तेजस्वी यादव बी.पी.एस.सी अभ्यर्थियों को लीड करें, मैं पीछे चलूंगा



**पटना।** बी.पी.एस.सी अभ्यर्थियों के समर्थन में पटना के गांधी मैदान में बैठे जनसुराज के संयोजन प्रशांत किशोर के आमरण अनशन का आज चौथा दिन है। रविवार सुबह की शुरूआत गांधी के भजन 'रघु पति राघव राजा राम' से हुई। इस बीच उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें तेजस्वी ने पीके को एक्टर बताया था और पूछा था कि उनका प्रोड्यूसर कौन है। पीके ने रविवार को कहा, 'तेजस्वी यादव यहां अनशन पर आ जाएं, वो इसका नेतृत्व करें। हम उनके पीछे चलने के लिए तैयार हैं। तेजस्वी यादव के पास 75 विधायक हैं, वो नेता प्रतिपक्ष हैं। वो चाहेंगे तो 5 लाख लोग गांधी मैदान में जाकर अनशन करेंगे।' दरअसल, शनिवार को पीके के अनशन पर तेजस्वी ने कहा था, 'वैनिट वैन में एक्टर जाते हैं। इसके पीछे का प्रोड्यूशर और डायरेक्टर कौन है। सबको पता है।' साथ ही उन्होंने पीके से सवाल किया, 'नीतीश कुमार ने कहा था कि अमित शाह के कहने पर प्रशांत किशोर को जेडीयू में शामिल किया गया था। प्रशांत किशोर को बताना चाहिए कि इसके पीछे की वजह क्या थी?' प्रशांत किशोर ने कहा कि तेजस्वी यादव के पास 75 विधायक हैं। वो छात्रों को लीड करें। मैं उनके पीछे चलने को तैयार हूं। पीके से जब पूछा गया कि बीजेपी वाले लीड करना चाहे तो। इस पर पीके ने कहा कि बीजेपी वाले अपनी लाठी का जवाब नहीं दे पाए, वह हम लोगों की बात क्या करेंगे। अगर वह भी आ जाए तो उनका भी स्वागत है। प्रशांत किशोर ने मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी अगर यहां आकर अनशन पर बैठते हैं तो हम उनके नेतृत्व के लिए तैयार हैं। वह लोग तो हमसे बहुत बड़े हैं। उनके 100 सांसद हैं। पीके ने नीतीश पर कसा तंज, कहा- जिसने 20 साल लोगों की बात नहीं सुनी, वो 4 दिन में कैसे झुकेंगे पीके ने इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी तंज कसा और कहा, 'जिसे पिछले 20 साल से लोगों की बात नहीं सुनने की आदत है, वे 4 दिन में लोगों के सामने कैसे झुकेंगे।' उन्होंने कहा, 'जब तक बिहार की जनता नहीं जागेगी, तब तक कोई सुधार नहीं होगा। इन लोगों को समझना होगा कि जनता की ताकत से बड़ी कोई ताकत नहीं है। यह तभी होगा जब लोग जागेंगे और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए आगे आएंगे। लोगों को धर्म, जाति और 5 किलो अनाज से ऊपर सोचना होगा और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के बारे में सोचना होगा।' प्रशांत किशोर ने कहा कि सभी ने निर्णय लिया है कि 'हम लोग एकजुट होकर लड़ेंगे, कोई अलग-अलग नहीं लड़ेगा। सभी कैंडिडेट्स ने मिलकर एक संगठन बनाया है, युवा सत्याग्रह समिति। अब यह किसी पार्टी राजद, जदयू, भाजपा, प्रशांत किशोर का अभियान नहीं है वह सिर्फ छात्रों का अभियान है। इस पूरे समिति में 51 सदस्य होंगे। ऐसे में अगर आप प्रशांत किशोर को गिरफ्तार भी कर लीजिएगा तो भी यह 51 साथी यहां पर डटे रहेंगे और अनशन जारी रहेगा।' 13 दिसंबर को 912 सेंटर्स पर BPSC 70वीं की पीटी हुई थी। पटना के बापू परीक्षा परिसर में अभ्यर्थियों ने प्रश्न पत्र लेट मिलने समेत अन्य आरोप लगाएं। इसके बाद बवाल बढ़ गया। 4 जनवरी को बापू परीक्षा परिसर में बीपीएससी 70वीं की पीटी की कैंसिल की गई परीक्षा ली गई। यह परीक्षा 22 केन्द्रों पर हुई। परीक्षा के दौरान ही बीपीएससी ने ऐलान किया कि जनवरी के अंतिम सप्ताह में पीटी का रिजल्ट आएगा और मेन्स की परीक्षा अप्रैल में होगी।



# रामायण कोई कहानी नहीं इतिहास है

रामायण एक आध्यात्म से जुड़ा इतिहास है इसमें भारतीय संस्कृति के अद्भुत गुण देखने को मिलते हैं और कहीं-कहीं आश्चर्यचकित कर देने वाली घटनाओं का वर्णन किया गया है।

रामायण में वर्णित रावण द्वारा श्रीलंका जाते समय पुष्पक विमान का मार्ग, उस मार्ग में कौन सा वैज्ञानिक रहस्य छिपा है। रावण ने पंचवटी (नासिक, महाराष्ट्र) से सीता का अपहरण किया और हम्पी (कर्नाटक), लेपाक्षी (आंध्र प्रदेश) के माध्यम से श्रीलंका पहुंचा। आश्चर्य होता है जब हम आधुनिक तकनीक से देखते हैं कि नासिक, हम्पी, लेपाक्षी और श्रीलंका एक सीधी रेखा में हैं। यह पंचवटी से श्रीलंका तक का सबसे छोटा मार्ग है। अब आप सोचते हैं कि उस समय कोई ब्वधद्द्वाद्र मैप नहीं था जो सबसे छोटा रास्ता बताता हो। फिर, उस समय यह कैसे पता चला कि सबसे छोटा और सीधा मार्ग कौन सा है? या भारत के विरोधियों की संतुष्टि के लिए भी, मान लें कि रामायण केवल एक महाकाव्य है, जिसे वाल्मीकि ने लिखा था, तो मुझे बताएं कि उस समय भी कोई मानचित्र नहीं था, वाल्मीकि, जिन्होंने रामायण लिखा था, कैसे आए थे? पता है कि पंचवटी से श्रीलंका शॉर्ट कट है? वाल्मीकि ने सीता हरण के लिए केवल उन्हीं स्थानों का उल्लेख किया है, जो पुष्पक विमान का सबसे छोटा और सबसे सीधा मार्ग था। यह ठीक उसी तरह है जैसे 500 साल पहले गोस्वामी तुलसीदास जी को पता था कि पृथ्वी से सूर्य की दूरी कितनी है? (जुग सहस्त्र योजन पर भानु= 152 मिलियन किमी - हनुमानचालीसा), जबकि नासा ने इस दूरी का पता कुछ साल पहले ही लगाया था।

पंचवटी वह स्थान है जहां श्री राम, सीता और लक्ष्मण वनवास के दौरान रहे थे। यहीं पर शूर्पणखा आई और लक्ष्मण से शादी करने के लिए उपद्रव करने लगी। लक्ष्मण को शूर्पनखा की नाक काटने के लिए मजबूर किया गया था, अर्थात हम आज इस स्थान को नासिक (महाराष्ट्र) के रूप में जानते हैं। पुष्पक विमान में, सीता ने नीचे देखा और देखा कि एक पहाड़ की चोटी पर बैठे कुछ बंदर जिज्ञासा से ऊपर की ओर देख रहे थे, सीता ने अपने वस्त्र के कोर को फाड़ दिया और अपने कंगन बांध दिए और राम को ढूंढने में मदद करने के लिए उन्हें नीचे फेंक दिया। जिस स्थान पर सीता ने इन आभूषणों को वानरों के लिए फेंका था, वह 'ऋष्यमुक पर्वत' था जो हम्पी (कर्नाटक) में वर्तमान में स्थित है। इसके बाद, वृद्ध जटायु ने रोते हुए सीता को देखा, देखा कि एक दानव एक महिला को जबरन अपने विमान में ले जा रहा था। सीता को मुक्त करने के लिए जटायु ने रावण से युद्ध किया। रावण ने जटायु के पंखों को तलवार से काट दिया। इसके बाद, जब राम और लक्ष्मण सीता को खोजने के लिए पहुंचे, तो उन्होंने पहला पता दिया कि उस स्थान का नाम 'लेपाक्षी' (आंध्र प्रदेश) है।

यह महर्षि वाल्मीकि द्वारा लिखित एक सच्चा इतिहास है। जिसके सभी वैज्ञानिक प्रमाण आज उपलब्ध हैं। इसीलिए जब भी कोई वामपंथी हमारे इतिहास, संस्कृति, साहित्य को पौराणिक कथा कहकर या खुद को विद्वान बताकर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश करता है, तो उसे पकड़कर उससे इन सवालों के जवाब मांगे। यकीन मानिए आप एक भी जवाब नहीं दे पाएंगे। इस सब में आपकी जिम्मेदारी कहा है? आपके हिस्से की जिम्मेदारी यह है कि जब आप टीवी पर रामायण देखते हैं, तो यह मत सोचिए कि कहानी चल रही है, बल्कि यह भी ध्यान रखें कि यह हमारा इतिहास है। इस दृष्टि से रामायण को देखें और समझें। इसके अलावा, हमारे बच्चों को यह दृष्टि देना आवश्यक है, यह कहते हुए कि बच्चों के लिए यह एक कहानी नहीं है, यह हमारा इतिहास है।



# जनेऊ के जाने धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व

**हिंदू धार्मिक शास्त्रों में जनेऊ को बहुत पवित्र माना जाता है। साथ ही यज्ञोपवीत संस्कार का बहुत अधिक महत्व दिया जाता है। बता दें कि जनेऊ संस्कार हिन्दू धर्म के प्रमुख 24 संस्कारों में से एक है। यह जनेऊ 'उपनयन संस्कार' के अंतर्गत आता है। तो वहीं हिंदू धर्म के अनुसार ये हर हिन्दू का कर्तव्य है कि, वो जनेऊ धारण करें और उसके नियमों का पालन करें। जनेऊ धारण करने के बाद ही द्विज बालक को यज्ञ तथा स्वाध्याय करने का अधिकार प्राप्त होता है।**

## क्या होता है जनेऊ

जेसूऊ सूत से बना एक पवित्र धागा होता है। जिसे मनुष्य बाएं कंधे के ऊपर और दाईं भुजा के नीचे पहनता है। इस जनेऊ के कई वैज्ञानिक महत्व भी है। तो आइए आपको बताते है जनेऊ के वैज्ञानिक महत्व और फायदों के बारे में

**स्मरण शक्ति बेहतर-** हर रोज जनेऊ कान पर रखने से स्मरण शक्ति बेहतर होती है। कान पर जेनऊ इसलिए कहा जाता है क्योंकि कान दबाव पड़ने से दिमाग की वे नसें खुल जाती हैं, जिनका संबंध स्मरण शक्ति से होता है।

**रक्तचाप नियंत्रण-** शौच के समय जनेऊ कान के पास रखने से जो नसें दबती हैं, उनसे रक्तचाप नियंत्रण में रहता है एक स्टेडी के मुताबिक ये बात सामने आई है कि शौच के समय जनेऊ कान के पास रखने का भी वैज्ञानिक आधार है, जैसा बताया गया है कि ऐसा करने से रक्तचाप नियंत्रण में रहता है।

**हृदय रोग और ब्लडप्रेशर की परेशानी दूर-** इस स्टेडी में ये बात भी सामने आई है कि जनेऊ पहनने वाले लोगों को हृदय रोग और ब्लडप्रेशर जैसी परेशानी खत्म हो जाती है। जनेऊ से शरीर में खून का प्रवाह सही तरीके से होता रहता है। आध्यात्मिक ही नहीं इसका वैज्ञानिक आधार भी है, जैसे रिसर्च के अनुसार बताया गया है कि जनेऊ पहनने से हृदय रोग और ब्लडप्रेशर जैसी सारी परेशानी समाप्त हो जाती है।

# काला धागे बांधने के हैं फायदे बहुत

**अक्सर देखा जाता हैं की घर में बच्चा जब जन्म लेता हैं तब बड़े बुजुर्ग उससे काला टीका, काला धागा लगाते पहनाते हैं। लेकिन क्या आपको पता है काला धागा बांधने से कई अद्भुत फायदे भी होते है। बता दें कि ज्योतिष विज्ञान एवं लाल किताब के अनुसार काला धागे को विशेष स्थान दिया गया हैं। इन दोनों में इसे बाधंने को लेकर भी बात कहीं गई है। इसके अलावा ऐसा भी माना जाता है कि काले धागे को बांधने से सारी नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है और कई अन्य फायदें भी होते है। लेकिन इन सब में एक बात का खास ध्यान रखा जाना चाहिए कि काले धागे को शरीर में पहनने से पहले क्या-क्या सावधानी बरतें।**

## काला धागा बांधने के फायदे

काले धागें को बांधने से व्यक्ति को किसी की बुरी नजर नहीं लगती है। साथ ही ये काली शक्तियों से भी रक्षा करता हैं। शनिदेव का संबंध भी काले रंग से ही है। शनि को काले रंग का कारक माना जाता है। इसके अलावा काले रंग का धागा पहनने से व्यक्ति की कुडली का शनि मजबूत होता है और शनि प्रदोष से भी मुक्ति मिलती है।

## आर्थिक लाभ

संकटमोचन हनुमान के दिन यानी मंगलवार को काला धागा धारण करना काफी शुभ माना जाता है। इस दिन काला धागा पहनने से आर्थिक जीवन सुखी होता है। घर में धन-समृद्धि का आगमन होता है। इस दिन खासकर दाहिने पैर में काला धागा बांधना शुभ माना जाता है।


## सेहत के लिए फायदेमंद

सेहत के लिहाज से भी काला धागा काफी फायदेमंद है। अगर आपके पेट में दर्द रहता है तो व्यक्ति को अपने पैर के अंगूठे में इस धागे को बांध लेना चाहिए। इसके अलावा जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है उनके लिए भी काला धागा काफी फायदेमंद है। इसे व्यक्ति की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।

## काला धागा पहनने से पहले बरतें ये सावधानियां

काले धागे को अभिमंत्रित करने के बाद ही धारण करें।
धारण करने से पहले इस बारे में किसी योग्य ज्योतिष की सलाह ले।
इस धागें को बांधने वाले व्यक्ति को रुद्र गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए।
मंत्र - ऊँ तत्पुरुषाय विद्महे महादेवाय धीमहि तन्नो रुद्रः प्रचोदयात
शरीर के जिस हिस्से में काला धागा बांध रहे हैं वहां कोई और अन्य रंग का धागा न धारण करें। शनिवार के दिन काला धागा बांधना शुभ होता है।





# बर्बादी का रास्ता क्रोध

## रामचरितमानस मे भी है जिक्र

आजकल देखा जाता है कि किसी को कभी भी बहुत जल्दी क्रोध आ जाता है। जोकि सही नहीं हैं। क्रोध के दुष्प्रभाव जीवन पर काफी बुरा पड़ता हैं। इसकी वजह से जीवन तक बर्बाद हो सकता है। कई बार गुस्से के कारण बना बनाया काम खराब हो जाता है। व्यक्ति में क्रोध आ जाए तो उसे सबसे दूर कर देता है और इंसान बिलकुल अकेला रह जाता है। तो साथ ही बता दें कि सबसे बड़े हिंदू ग्रंथ में भी इस बात का जिक्र है कि कोध्र व्यक्ति के लिए अच्छा नहीं है, क्रोध व्यक्ति के विनाश का कारण बनता है। तो आइए आपको बताते है क्रोध को लेकर रामचरितमानस मे क्या कहा गया है-

क्रुद्धः पापं न कुर्यात कः क्रुद्धो हन्यात गुरूनपि ।
क्रुद्धः परुषया वाचा नरः साधूनधिक्षिपेत
कः क्रुद्धः पापं न कुर्यात, क्रुद्धः गुरून अपि हन्यात,
क्रुद्धः नरः परुषया वाचा साधन अधिक्षिपेत ।

तुलसीदास जी ने कहा है कि जो व्यक्ति क्रोध करता है उस व्यक्ति पापकर्म अधिक करना पड़ता है। पुण्य वाले काम करने से वो काफी दूर रहता है। क्रोध में ही व्यक्ति बड़े छोटे का लिहाज नहीं करता और बड़े एवं पूज्य जनों तक को मार डालता है। साथ ही ऐसा व्यक्ति अशब्दों का अधिक उपयोग करता है और साधुजनों की भी कोई इज्जत नहीं करता। अगर व्यक्ति अपने क्रोध पर काबू नहीं पाता तो वो व्यक्ति अपने आपको बर्बाद कर देगा। क्रोध स्वास्थ्य पर भी काफी हद तक नुकसान पहुचता है। विज्ञान के अनुसार अधिक क्रोध करने से ब्लड प्रेशर काफी हद तक बढ़ जाता है। क्रोध से मनुष्य को मानसिक परेशानियां हो जाती हैं। क्रोध मनुष्य के जीवन को अस्त व्यस्त कर देता है। क्रोध के कारण रिश्तों में कड़वाहट आने लग जाती है। गुस्से में बोला गया हर एक शब्द सांप के जहर जैसा जहरीला होता है।

# आर्थिक समस्या को दूर करने के लिए करें ये उपाय

घर में सुख समृद्धि धन के लिए वास्तु को बहुत खास माना जाता हैं। वास्तुशास्त्र के अनुसार वास्तु के उपायों को करने से घर में सकारात्मकता ऊर्जा प्रवेश करती है जबकि नकारात्मकता ऊर्जा दूर हो जाती है। साथ ही ऐसा माना जाता है कि वास्तुदोषों के कारण जीवन में कई तरह की समस्याएं आने लगती हैं जिससे मनुष्य के बनते काम बिगड़ने लगते है। काम में रूकावट आने लगती है। तो आज हम आपको बताने जा रहे है। ऐसे उपाय जिससे आपके सभी कार्य आसानी से हो जाएंगे और जीवन से सभी परेशानियां दूर हो जाएंगी। साथ ही धन संबंधी समस्या से भी मुक्ति मिल जाएगी। मनी प्लांट-घर में वास्तुशास्त्र के अनुसार मनी प्लांट में रखने से अनेक फायदे होते हैं। घर में मनी प्लांट रखने से घर की सारी नकारात्मकता ऊर्जा शक्ति दूर हो जाती है और घर का वातावरण सकारात्मक माहौल बनने लगता है। मनी प्लांट को घर में लाने से रूपए पैसे की समस्याएं भी दूर होने लगती हैं। लेकिन इसके साथ ही कुछ ऐसी बातें भी है जो ध्यान में रखना जरूरी है।

**मनी प्लांट की दिशा-** वास्तुशास्त्र के अनुसार घर में मनी प्लांट लाने के बाद उसे दक्षिण या पूर्व दिशा में रखना चाहिए। इस दिशा में रखा मनी प्लांट घर के वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश कराता है। साथ ही मान्याताओं के अनुसार इस दिशा का कारक शुक्र ग्रह है और शुक्र ही बेल वाले पौधों का कारक भी कहा जाता है, इसलिए इस दिशा में मनी प्लांट लगाना बहुत शुभ माना जाता है।

**पानी में रखें-** वास्तुशास्त्र के अनुसार मनी प्लांट को पानी में रखना शुभ माना जाता है। साथ ही इस बात का खास ध्यान रखें कि पौधे का पानी बदलते रहे,समय-समय पर।

**बेल को जमीन पर न आने दें** -वास्तुशास्त्र के घर में लगाए मनी प्लांट को जमीन पर न फैलने दें, इसकी बेल को ऊपर की ओर बढ़ने देना चाहिए। वो शुभ होता है।

**खराब पत्ते-** वास्तुशास्त्र के अनुसार मनी प्लांट को हमेशा हरे पत्तों के साथ हरा- भरा रहना शुभ माना जाता है। अगर इसके पत्ते खराब हो रहे हैं, तो उन्हें तुरंत हटा दें।



# ऑस्ट्रेलिया ने पांचवां टेस्ट छह विकेट से जीतकर एक दशक बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी पर कब्जा किया

## डब्लयूटीसी फाइनल के खिताबी मुकाबले में भी पहुंची, भारतीय टीम बाहर हुई

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने यहां पांचवे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में भारतीय टीम को 6 विकेट से हराकर पांच मैचों की बॉडर गावस्कर सीरीज 3-1 से जीत ली है। एक दशक बाद मेजबान टीम बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने में सफल हुई है। इसी के साथ ही जहां ऑस्ट्रेलियाई टीम दक्षिण अफ्रीका के साथ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) 2025 के खिताबी मुकाबले में पहुंच गयी है। वहीं भारतीय टीम बाहर हो गयी है। इस मैच में कप्तान रोहित शर्मा के बाहर रहने पर जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में उतरी भारतीय टीम एक बार फिर बल्लेबाजी में विफल रहने के कारण मैच हार गयी। मैच के तीसरे ही दिन के दूसरे सत्र में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने जीत के लिए मिले 162 रनों के लक्ष्य को चार विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। इस प्रकार ऑस्ट्रेलिया ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी एक दशक के बाद 3-1 से जीतते हुए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। अब वह लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर 11 जून से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ डब्लयूटीसी फाइनल में उतरेगी।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरी पारी में तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने बुमराह के कमर दर्द के कारण बाहर होने पर 3 विकेट लिए पर वह मेजबान टीम को रोक नहीं पाये। 162 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 4 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस मैच में ट्रेविस हेड ने 38 गेंदों में 4 चौके के बल पर नाबाद 34 रन बनाये जबकि ब्यू वेबस्टर ने 34 गेंदों में 6 चौके लगाकर नाबाद 39 रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों को कोई अवसर नहीं दिया।

भारतीय गेंदबाजों ने सुबह के सत्र में तीन विकेट लिए पर छोटे लक्ष्य का बचाव वह नहीं कर पाये। मोहम्मद सिराज ने लगातार पैड पर गेंदबाजी की जिससे मेजबान टीम ने आसानी से रन बनाए। सेम कोंस्टास ने तेजी से रन बनाये पर कृष्णा की गेंद पर मिड ऑफ पर वाशिंगटन सुंदर के हाथों कैच हुए। कृष्णा ने इसके बाद अपनी लाइन और लेंथ से लाबुशेन को परेशान किया। को आसान कैच थमाया। स्मिथ को कृष्णा की गेंद पर यशस्वी जायसवाल ने कैच किया। इस तरह से कृष्णा ने सलामी बल्लेबाज सैम कोंस्टास 22, मार्नस लाबुशेन 06 और स्टीव स्मिथ 04 को पेवेलियन भेज दिया पर बुमराह के नहीं होने से भारतीय टीम को नुकसान हुआ। नीतीश कुमार रेड्डी और वाशिंगटन सुंदर ज्यादा प्रभावी नहीं रहे। भारत इससे पहले 2014 में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी हारी थी। उसके बाद से लगातार उसने 4 बार सीरीज अपने नाम की, जिसमें से दो बार ऑस्ट्रेलियाई मैदान पर उसने इतिहास रचा था।

वहीं इससे पहले स्कॉट बोलैंड ने छह विकेट और कप्तान पैट कमिंस ने 44 रन पर तीन विकेट लेकर दूसरी पारी में भारतीय टीम को 39.5 ओवर में केवल 157 रन पर ही समेट दिया। केवल ऋषभ पंत ही 61 और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ही 22 रन बना पाये अन्य बल्लेबाज विफल रहे। भारतीय टीम ने पहले पारी में 185 जबकि दूसरी पारी में 157 रन बनाये वहीं मेजबान टीम ने 181 और चार विकेट पर 162 रन बनाकर मैच जीत लिया।



# ये मेरी या आपकी नहीं बल्कि देश की टीम : गंभीर




**सिडनी (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम ऑस्ट्रेलिया ने खिलाफ बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मिली हार पर निराशा जतायी है। मेजबान टीम ने सीरीज 3-1 से जीतकर एक दशक के बाद इस ट्रॉफी पर कब्जा किया है। इसे को लेकर जब कोच गौतम गंभीर से कहा गया कि आपकी टीम हार गयी तो वे बोले कि ये मेरी या आपकी नहीं बल्कि भारतीय टीम है।

गंभीर ने मीडिया से कहा, देखिए ये ना मेरी टीम है और ना आपकी टीम है. ये हमारे देश की टीम है। इस टीम को आगे लेकर जाना ही हमारा एक मात्र लक्ष्य है। भारतीय टीम के सभी खिलाड़ी ईमानदार हैं और मैं अपने को खुशकिस्मत मानता हूं जो ऐसी टीम के साथ काम कर रहा हूं। खिलाड़ियों को पता है कि उनके अंदर जीत की कितनी भूख है और इससे टीम को कितना लाभ पहुंचने वाला है। वे भी टीम की भलाई के लिए कम करने हमेशा तैयार रहते हैं। कोच के तौर पर मेरा काम सबके साथ एक जैसा बर्ताव करना है। अगर मैं किसी एक दो खिलाड़ी के साथ अच्छा व्यवहार करता हूं और अन्य के साथ अलग तरह से व्यवहार करता हूं तो यह मेरे काम के साथ न्याय नहीं होगा। कोच के तौर पर मेरा काम हर एक खिलाड़ी चाहे वो नया हो या सीनियर या फिर वो जिसने अब तक भारत के लिए नहीं खेला के साथ समाना व्यवहार करना रहेगा। भारतीय टीम सीरीज के पहले मैच को छोड़कर अन्य सभी मैचों में बड़ा स्कोर बनाने में विफल रही। उसके प्रमुख बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली भी सीरीज में रन नहीं बना पाये जिससे टीम के अन्य बल्लेबाजों पर भी दबाव रहा।

# टीम इंडिया का कप्तान बनना आसान नहीं, सम्मान और दबाव झेलने पड़ते हैं : रोहित

**–बुमराह की कप्तानी की जमकर तारीफ, नए खिलाड़ी स्थान के महत्व को पहचाने**

**मेलबर्न, (एजेंसी)।** सिडनी में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रहे 5वें टेस्ट मैच में कप्तान रोहित शर्मा को आराम दिया गया है। उनकी जगह जसप्रीत बुमराह टीम की कमान संभाल रहे हैं। रोहित शर्मा ने टीम में शामिल नए खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण संदेश दिया और बुमराह की कप्तानी की जमकर तारीफ की। रोहित ने नए खिलाड़ियों के नेतृत्व क्षमता को लेकर कहा कि टीम इंडिया का कप्तान बनना आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी हर किसी को थाली में परोसकर नहीं मिलती है। इसे कमाना पड़ता है। यह सम्मान और दबाव दोनों के साथ आता है। नए खिलाड़ियों को स्थान के महत्व को पहचानना होगा।

बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में रोहित शर्मा की बल्लेबाजी फॉर्म पर सवाल उठे हैं। उन्होंने कहा कि खराब फॉर्म और आलोचना का सामना करना खेल का हिस्सा है। कप्तानी को लेकर उन्होंने कहा कि नेतृत्व में हर दिन अच्छा नहीं हो सकता, लेकिन विचारधारा और मानसिकता को स्थिर रखना जरूरी है। परिणाम भले न आएं लेकिन नेतृत्व के अपने तरीके और दृष्टिकोण को बदलने का कोई कारण नहीं है। बुमराह की कप्तानी को लेकर रोहित ने तारीफ की। उन्होंने कहा कि बुमराह खेल के प्रति गहरी समझ रखते हैं। वह दूसरों के लिए अपनी गेंदबाजी से उदाहरण पेश करते हैं। मैंने उन्हें 2013 में पहली बार देखा था और तब से उनके खेल और सोच में काफी विकास हुआ है। जिस तरह वह गेंदबाजी करते हैं, वह पूरी दुनिया देख रही है। उनके पास टीम को आगे रखने की बेहतरीन क्षमता है।

# न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को पहले एक दिवसीय मैच में नौ विकेट से हराया

**वेलिंगटन (एजेंसी)।** मैट हेनरी (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद विल यंग (नाबाद 90) रनों की बेहतरीन पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने रविवार को पहले एकदिवसीय मैच में श्रीलंका को 142 गेंदे शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। 19 रन देकर चार विकेट झटकने वाले न्यूजीलैंड के मैट हेनरी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया।


श्रीलंका के 178 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की विल यंग और रचिन रविंद्र की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 93 रन जोड़े। 13वें ओवर में चामिंदु विक्रमासिंघे ने रचिन रविंद्र को हसरंगा के हाथों कैच आउट कराकर इस साझेदारी को तोड़ा। रचिन रविंद्र ने 36 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए (45) रनों की पारी खेली। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मार्क चैपमैन ने विल यंग के साथ शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरात हुए दूसरे विकेट लिए अविजित 87 जोड़कर अपनी टीम को महज 26.2 ओवरों में 180 रन बनाकर नौ विकेट से जीत दिला दी। विल यंग ने 86 गेंदों में (90) और मार्क चैपमैन 36 गेंदों में (29) रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका की ओर से एकमात्र विकेट चामिंदु विक्रमासिंघे को मिला।




इससे पहले आज यहां न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 23 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये। पथुम निसंका (नौ), कुसल मेंडिस (दो), कामिंदु मेंडिस (तीन) और कप्तान चरित असलंका (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये जनित लियानगे ने अविष्का फर्नांडो के साथ पारी को संभाला।

26वें ओवर में मिचेल सैंटनर ने लियागने (36) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद स्मिथ ने अविष्का फर्नांडो 63 गेंदों में 56 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया। चामिंदु विक्रमासिंघे (22), वानिंदु हसरंगा (35), एहसान मलिंगा (चार) और असिता फर्नांडो (दो) रन बनाकर आउट हुये। न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 42.4 ओवर में 178 के स्कोर पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की ओर से मैट हेनरी ने चार विकेट लिये। जेकब डफी और नेथन स्मिथ को दो-दो विकेट मिले। मिचेल सैंटनर ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

# साइम अयूब की टखने की चोट, चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने की आशंका




कराची। पाकिस्तान के युवा सलामी बल्लेबाज साइम अयूब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट मैच में टखने की चोट के कारण छह सप्ताह के लिए क्रिकेट से बाहर हो गए हैं। इस चोट के कारण उन्हें आगामी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर होने का खतरा हो सकता है। साइम ने केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन बाउंड्री पर फील्डिंग करते समय अपने दाहिने टखने में चोट लगा ली थी, जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए इस चोट की पुष्टि की और बताया कि साइम का एमआरआई और अन्य परीक्षण किए गए हैं। चिकित्सकों ने उन्हें छह सप्ताह के आराम की सलाह दी है, जिसके कारण वह फरवरी में होने वाली क्रिकेट श्रृंखलाओं में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। यह चोट साइम के लिए काफी दुखदायी साबित हो सकती है, क्योंकि उनके शानदार प्रदर्शन के कारण उन्हें आगामी टूर्नामेंट्स में अहम भूमिका निभाने की उम्मीद थी।

# रोहित की तरह दो दशक पहले गांगुली भी मैच से हटे थे

सिडनी (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच से बाहर बैठने से साल 2004 याद आ गया। उस समय भी कप्तान रहे सौरव गांगुली ने पिच देखने के बाद खेलने से मना कर दिया था। गांगुली ने जहां फिटनेस के आधार पर वहीं रोहित ने खराब फार्म के नाम पर टीम से बाहर बैठने का फैसला किया था। इससे साफ है कि दोनो को पिच देखकर समझ आ गया था कि यहां सफल होना उनके लिए कठिन है। रोहित ने इस प्रकार दिखाया कि टीम के केवल उनके कारण ही नही हार रही थी बल्कि इसके पीछे सभी की विफलता थी। इसके अलावा वह एक और असफल टेस्ट अपने रिकॉर्ड में नहीं जोड़ना चाहते थे। अंतिम मैच में भारतीय पहली पारी 185 और दूसरी पारी 157 रन ही बना पायी। वहीं दो दशक पहले साल 2004 में नागपुर में भारतीय टीम तीसरा टेस्ट खेलने पहुंची थी। तब सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 1-0 से आगे थी। नागपुर पहुंचते ही जब भारतीय टीम अभ्यास के लिए मैदान पर पहुंची तो पिच पर हरियाली देखकर कप्तान रहे गांगुली भड़क गये। इसके बाइ भारतीय बोर्ड ने पिच को लेकर नाराजगी जतायी लेकर उसे बदला नहीं जा सका। इसके बाद गांगुली ने हैमस्ट्रिंग इंजरी को कारण बताते हुए मैच खेलने से इंकार कर दिया। उस समय भी भारतीय टीम मैच तीन दिन में हार गई। ऐसे में जिस प्रकार तब गांगुली का फिटनेस की वजह से बाहर मैच ना खेलना हमेशा सवालों के घेरे में रहा वैसे ही रोहित का भी फॉर्म के नाम पर बाहर रहना सवालों के घेरे में रहा। ये भी कहा जाता है कि कार्यवाहक कप्तान अधिक प्रभावी नही होता, इसलिए कप्तान चाहे फार्म में न भी रहे उसे खेलना ही चाहिये।



# दक्षिण अफ्रीका के रनो के पहाड़ में दबा पाकिस्तान, तीन विकेट सस्ते में गंवाये

**केपटाउन (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका ने न्यूलैंड्स में पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में अपना दबदबा बना लिया है। पहली पारी में 615 रनों का विशाल स्कोर बनाया और दूसरे दिन स्टंप तक मेहमान टीम के तीन विकेट झटक लिए हैं। पाकिस्तान 551 रनों से पीछे है और अपनी पहली पारी में 64/3 का स्कोर बना लिया है। मेहमान टीम पर फॉलोऑन का खतरा मंडरा रहा है।

रयान रिकेल्टन दिन के स्टार रहे, जो न्यूलैंड्स में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर से चूक गए। रिकेल्टन ने 259 रन की शानदार पारी खेली। काइल वेरिन ने अपना चौथा टेस्ट शतक बनाया, लेकिन 105 रन बनाकर आउट हो गए। मार्को यानसन ने भी दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सिर्फ 42 गेंद पर तूफानी अर्धशतक जड़ा। छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से यानसन ने 62 रन बनाए।

कगिसो रबाडा ने 35 गेंद पर चार चौके और दो छक्कों की मदद से 40 रन की पारी खेली। पाकिस्तान के गेंदबाजों ने कड़ी मेहनत की, लेकिन सपाट पिच और जमे हुए बल्लेबाजों ने उनके प्रयासों को बेकार कर दिया। मोहम्मद अब्बास ने एक बार फिर गेंद से कमाल दिखाया और तीन विकेट चटकाए और पाकिस्तान के लिए टेस्ट क्रिकेट में 100 विकेट पूरे किए।




### पाकिस्तान पर फॉलोऑन का खतरा

मेहमान टीम की मुश्किलें बल्ले से भी जारी रहीं। सैम अयूब के चोटिल होने के कारण पहले से ही एक खिलाड़ी की कमी से जूझ रही शान मसूद की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। यानसन ने अब्दुल्ला शफीक और मुहम्मद गुलाम को जल्दी-जल्दी आउट किया, जबकि कगिसो रबाडा ने सऊद शकील को शून्य पर आउट किया। शुरुआती तीन विकेट जल्दी गिरने से पाकिस्तान का स्कोर 20/3 हो गया।

### बाबर और रिजवान पर जिम्मेदारी

टेस्ट क्रिकेट में पहली बार ओपनिंग कर रहे बाबर आजम ने स्टंप्स से पहले मोहम्मद रिजवान के साथ मिलकर टीम को संभालने की जिम्मेदारी उठाई है। बाबर आजम 31 और रिजवान 9 रन बनाकर नाबाद लौटे। हालांकि, साउथ अफ्रीका गेंदबाजों की लय में होने के कारण पाकिस्तान पर फॉलोऑन का खतरा मंडरा रहा है।

# बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पुरस्कार वितरण समारोह में नहीं बुलाये जाने से गावस्कर नाराज

सिडनी। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पुरस्कर वितरण समारोह के लिए नहीं बुलाये जाने पर नाराजगी जतायी है। गावस्कर ने कहा कि उनके और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर के नाम पर ये ट्रॉफी खेली गयी। इसके बाद भी क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मुझे नहीं बुलाया। गावस्कर इस दौरान स्टेडियम में ही थे। गावस्कर ने कहा कि अपने दोस्त बॉर्डर के साथ इस ट्रॉफी को प्रदान कर उन्हें खुशी होती। उन्होंने कहा कि बेहतर खेलने वाली टीम जीतती है। इसलिए उन्हें ट्रॉफी देने में कोई परेशानी नही थी। ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें और आखिरी टेस्ट में भारत को छह विकेट से हराकर एक दशक के बाद ये ट्रॉफी जीती है। गावस्कर ने कहा, ' मुझे पुरस्कार समारोह में शामिल होकर खुशी होती। यह बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी है और ऑस्ट्रेलिया और भारत से जुड़ी है। मैं मैदान पर ही था। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि ट्रॉफी ऑस्ट्रेलिया को दी जा रही थी। उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला और जीते। केवल एक भारतीय हूं होने के कारण मुझे नही बुलाया गया है।'' भारत और ऑस्ट्रेलिया 1996-97 से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी खेल रहे हैं।



# सिडनी पिच पर गावस्कर का तंज, कहा– भारत में ऐसा होता तो हंगामा मच जाता



सिडनी। भारतीय क्रिकेट के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे 5वें टेस्ट मैच में पिच को लेकर सवाल उठाए हैं। गावस्कर ने कहा कि इस पिच पर जो हालात हैं, उन्हें आदर्श टेस्ट पिच नही कहा जा सकता। उन्होंने चिंता जताई कि इस पिच पर पहले दिन 11 विकेट गिरे और दूसरे दिन 15 विकेट गिर गए, लेकिन इसके बारे में कोई सवाल नहीं उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, क्या यह खेल भारत में हो रहा है? अगर भारत में एक दिन में 15 विकेट गिरते, तो पूरे क्रिकेट जगत में हंगामा मच जाता। गावस्कर ने कहा, हम हमेशा विदेशी परिस्थितियों में खेलते हैं, लेकिन कभी कोई शिकायत नहीं करते। जब हम भारत में खेलते हैं, तो लोग हमारे पिचों पर सवाल उठाते हैं। क्या आपने कभी भारत के किसी पूर्व क्रिकेटर को पिच की शिकायत करते सुना है? हम हारते हैं, तो हारते हैं, लेकिन विदेशों में घरेलू टीमों को हराना बहुत मुश्किल होता है। गावस्कर ने यह भी कहा कि पिच पर इतनी घास थी कि वह बिल्कुल आदर्श टेस्ट मैच पिच नहीं लग रही थी। उन्होंने कहा, अगर बारिश नहीं होती, तो मुझे नहीं लगता कि हम चौथे दिन तक यहां खेलते रहते। इस पिच पर पिच और गेंदबाजों के लिए कोई अनुकूलता नहीं है।

# ऋषभ को पहली पारी में रक्षात्मक खेलते देखकर हैरानी हुई : मैकडोनाल्ड

सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि भारतीय टीम के बल्लेबाज ऋषभ पंत को पहली पारी में रक्षात्मक अंदाज में खेलते हुए देखकर उन्हें हैरानी हुई थी। मैकडोनाल्ड के अनुसार दूसरी पारी में उनकी आक्रामक बल्लेबाजी से भी वह परेशान नही हुए थे क्योंकि ये उनका स्वाभाविक अंदाज है। ऋषभ ने पहली पारी में 98 गेंदों में 40 रन बनाए थे। इस बल्लेबाज ने इस पारी के बाद कहा था कि मैच के हालातों को देखते हुए वह आक्रमण करने के लिए नहीं जा सकते थे। इस बल्लेबाज ने हालांकि दूसरी पारी में विपरीत अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मिचेल स्टार्क की लगातार गेंदो पर बड़े छक्के लगाये। उन्होंने स्कॉट बोलैंड और ब्यू वेबस्टर को भी जमकर पीटा। मैकडोनाल्ड ने कहा कि कि ऋषभ दूसरी पारी की बल्लेबाजी को देखकर कोई हैरानी नही हुई पर हम पहली पारी में उनकी बल्लेबाजी से थोड़े हैरान थे। उसके पास गेंदबाजों पर दबाव बनाने की पर्याप्त क्षमता है। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में इस बल्लेबाज को 61 रन पर आउट कर भारतीय टीम पर दबाव बना दिया था। मैकडोनाल्ड ने कहा कि हमने उसके खिलाफ योजना बनायी थी, हमने इस सीरीज के लिए उसके लिए योजना बनायी थी पर हम इस दौरान कई बार अपनी योजनाओं से भटक रहे थे और उसे बाउंड्री लगाने से रोकने की कोशिश कर रहे थे। यह एक ऐसी पारी थी जिसके बारे में आप कहेंगे कि यह उस समय के लिए सही थी। इस दौरे पर अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली असफल रहे और नौ पारियों में 8 बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर कैच हुए। इसी को देखते हुए ही उन्होंने विराट के ऑफ स्टंप के बाहर गेंदबाजी करने को कहा था। विराट इस सीरीज में चार बार स्कॉट बोलैंड का शिकार बने। उन्होंने कहा कि मैं कोहली के खिलाफ योजना को अमल में लाने का पूरा श्रेय गेंदबाजों को दूंगा। योजना बनाना एक बात है, लेकिन फिर उसे मैदान पर उतारना दूसरी बात है। इससे कोहली दबाव में आ गये हालांकि उन्हें आउट करना अभी भी आसान नहीं रहा।




# मुक्केबाजी को ओलंपिक में बनाए रखने के लिए सभी उचित कदम उठाए जाने चाहिए: लवलीना

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुवाहाटी = मुक्केबाजी का जब ओलंपिक खेल के रूप में भविष्य अधर में लटका हुआ है तब भारत की स्टार मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने रविवार को इस खेल को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में बनाए रखने के लिए सभी उचित कदम उठाने की अपील की। मुक्केबाजी को लॉस एंजिल्स ओलंपिक के शुरुआती कार्यक्रम में जगह नहीं मिल पाई और इस खेल को ओलंपिक में बनाए रखने के लिए प्रयास जारी हैं। लवलीना अब विश्व मुक्केबाजी (वर्ल्ड बॉक्सिंग) की नवगठित एशियाई इकाई के एथलीट आयोग का हिस्सा हैं।

लवलीना ने (भारतीय खेल प्राधिकरण) कहा, 'इस समिति में होना सौभाग्य की बात है क्योंकि निर्णय लेने में अब भारत की आवाज भी सुनी जाएगी।' उन्होंने कहा कि मुक्केबाजी की तकनीकी पहलुओं विशेष रूप से 'स्कोरिंग और जजिंग' की निष्पक्ष आत्मनिरीक्षण करने की आवश्यकता है। लवलीना ने कहा, 'अभी तक भारत सिर्फ एक सामान्य सदस्य था जिसके पास विरोध जताने या व्यवस्था में खामी बताने के बहुत कम मौके होते थे। यह अब बदलने जा रहा है क्योंकि एशियाई निकाय में हमारे पास सात पद होंगे।'

उन्होंने कहा, 'यह उन खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदे वाली बात है जो अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहते हैं और ओलंपिक पदक जीतना चाहते हैं। मुक्केबाजी को लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों में बनाए रखने के लिए सभी उचित कदम उठाए जाने चाहिए।' मुक्केबाजी को अगर लॉस एंजिल्स ओलंपिक में शामिल किया जाता है तो लवलीना लगातार तीसरी बार इन खेलों का हिस्सा बनना चाहती हैं। उन्होंने 2021 में तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था लेकिन पिछले साल पेरिस ओलंपिक से उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ा था।

लवलीना ने कहा, 'तोक्यो ओलंपिक का आयोजन कोविड के समय हुआ था जबकि पेरिस ओलंपिक सीखने का दौर था। मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और मुझे इसका कोई मलाल नहीं है कि मैं पदक नहीं जीत पाई। प्रत्येक खिलाड़ी को कुछ नए सबक सिखाने के लिए मिलते हैं और लॉस एंजिल्स में मैं अधिक समझदारी के साथ आगे बढ़ना चाहती हूं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन मैं अपनी तैयारियों में जल्दबाजी नहीं करूंगी। लॉस एंजिल्स ओलंपिक में अभी काफी समय है। अभी उचित वजन बनाए रखना और चोट से बचना मेरी योजनाओं में शामिल हैं। मैं अभी उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों से आगे के बारे में नहीं सोच रही हूं।'



## एक नजर

### दो दिवसीय दौरे पर भारत आएंगे अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन

**नई दिल्ली:** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन 5-6 जनवरी को भारत का दौरा करेंगे। इस दौरान वे भारत के एनएसए अजीत डोभाल और विदेश मंत्री डॉ एस. जयशंकर के साथ बैठक करेंगे। व्हाइट हाउस की ओर से विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी गई है। व्हाइट हाउस के अनुसार, दोनों देशों के एनएसए अपनी बैठक के दौरान अंतरिक्ष, रक्षा तथा रणनीतिक प्रौद्योगिकी सहयोग के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। साथ ही चीन के बांध प्रोजेक्ट तथा हिंद-प्रशांत व उससे परे साझा सुरक्षा प्राथमिकताओं पर भी अहम चर्चा होगी।
अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण से पहले अमेरिकी एनएसए सुलिवन का दौरा बेहद अहम माना जा रहा है। अपनी यात्रा के दौरान जेक सुलिवन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान का भी दौरा करेंगे, जहां वह युवा भारतीय उद्यमियों से मुलाकात करेंगे। साथ ही क्रिटिकल एंड इमर्जिंग विषय पर यूएस-इंडिया पहल के तहत हमारे नवाचार गठबंधन को मजबूत करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका और भारत द्वारा मिलकर उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों को रेखांकित करते हुए एक भाषण भी देंगे। अपनी यात्रा के दौरान सुलिवन विदेश मंत्री एस जयशंकर और अन्य भारतीय नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।

### कैथल में दुकान पर गई नाबालिग से जबरदस्ती का प्रयास, विरोध करने पर मारा चाकू

**कैथल:** पूंडरी के गांव सिरसल में दुकान पर गई एक नाबालिग लड़की से गांव के एक युवक ने जबरदस्ती करने का प्रयास किया। लड़की के विरोध करने पर युवक ने उसे चाकू मार कर घायल कर दिया। ?घायल युवती को कैथल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। घटना शनिवार देर रात की है। पुलिस ने रविवार को युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी युवक व उसका पिता दोनों घटना के बाद से फरार हैं। पुलिस युवक की तलाश कर रही है। शनिवार देर सांय सिरसल गांव की 16 वर्षीय युवती दुकान कश्यप चौपाल के पास पर अंडे लेने के लिए गई थी। जब वह दुकान से वापस लौट रही थी तो रास्ते में खड़े गांव के युवक शिवम पुत्र काशी राम ने उसे पकड़ लिया और जबरदस्ती करने लगा। लड़की ने जब विरोध किया तो युवक ने उस पर चाकू से वार किया। जो उसकी पीठ पर लगा। लड़की के शोर मचाने पर भीड़ जमा हो गई और उसके परिजन भी पहुंच गए।

### कश्मीर घाटी में रात का तापमान गिरा, कोकरनाग में माइनस 8.1 डिग्री सेल्सियस

**श्रीनगर :** कश्मीर घाटी में रात के तापमान में भारी गिरावट आई है। दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग शहर में तापमान माइनस 8.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। श्रीनगर में पारा माइनस 2.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि उत्तर कश्मीर में स्कीइंग गतिविधियों के लिए मशहूर पर्यटक रिसॉर्ट शहर गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान माइनस 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए आधार शिविरों में से एक पहलगाम में न्यूनतम तापमान माइनस 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कश्मीर के प्रवेशद्वार शहर काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि पंपोर शहर के कोनीबल में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.5 डिग्री नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में रात का तापमान शून्य से 2.8 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि दक्षिण कश्मीर के कोकरनाग में न्यूनतम तापमान शून्य से 8.1 डिग्री नीचे दर्ज किया गया।

# भाजपा ने परिवर्तन रैली से भरी बदलाव की हुंकार

एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली में चुनावी बिगुल बजने से पहले ही माहौल गर्म हो गया है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने 27 साल से सत्ता को पाने के सपने को साकार करने के लिए दिल्ली के जापानी पार्क में परिवर्तन रैली कर बदलाव की हुंकार भरी। रैली में दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, कमलजीत सहरावत सहित दिल्ली के सातों सांसद, और विधानसभा चुनाव के लिए घोषित उम्मीदवार मौजूद थे। रविवार को जापानी पार्क में आयोजित एक रैली की कमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संभाली। प्रधानमंत्री ने दिल्ली के लिए 12200 करोड़ रुपये की योजनाओं की भी शुरूआत की। मोदी ने परिवर्तन रैली में लोगों से बदलाव की हुंकार भरने का संकल्प लेने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने के लिए लोग सुबह दस बजे से ही जापानी रैली में जुट गए थे। भीड़ में तमाम कार्यकर्ता व समर्थक भाजपा का झंडा लिए उत्साहित दिखे। करीब




डेढ़ बजे के करीब प्रधानमंत्री रैली को संबोधित करने पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्लीवासियों से डबल इंजन की सरकार आने से विकास में तेजी आने, जनहित की कोई योजना बंद न होने का आश्वासन दिया। इससे पहले दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने परिवर्तन रैली के दौरान दिल्ली की प्रगति के लिए प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होने विकास परियोजनाओं में 12,200 करोड़ रुपये के निवेश से विकास कार्य तेजी से होंगे। उन्होंने नरेला-कोंडली मेट्रो, जनकपुरी-कृष्णा पार्क विस्तार और रैपिड रेल कनेक्टिविटी जैसी केंद्र सरकार की पहलों पर जोर देते हुए कहा कि अगर कोई दिल्ली का विकास कर सकता है, तो वह नरेन्द्र मोदी हैं। इस मौके पर वीरेंद्र सचदेवा ने दिल्ली वालों को बदलाव का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि आप दा वालों के भ्रष्टाचार की निशानी शीश महल का मॉडल रैली के बाहर देखा जा सकता। केजरीवाल का शीश महल लोगों का विश्वास तोड़ने की निशानी है। अब दिल्ली सरकार को हटाने का वक्त आगया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल ने अपने अय्याशी का सामान जुटाया है। दिल्ली वालों को बेहाल छोड़ दिया है। सरकारी अस्पताल के आंकड़ों के मुताबिक गंदा पानी पीने से 20 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। आम आदमी पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि जमानत पर छुटे हुए अपराधियों की सरकार है। दिल्ली में इन्होंने सिर्फ भ्रष्टाचार किया है। ये घोटालों की सरकार है। जनता के साथ छल करके इन्होंने अपने लिए करोड़ों के शीश महल बनवा लिए। इन्होंने दिल्ली के लोगों का हक छीनने का काम किया है। झूठे वादे किए है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल में राज्य सरकार की योजनाएं, सिर्फ कागजों पर चली है। उन्होंने कहा कि दिल्ली को इतिहास में कई बार लूटा गया। पहले मुगलों के लूटा, फिर अंग्रेजों ने लूटा, लेकिन आज के लूटेरों ने दिल्ली वालों का विश्वास लूटने का काम किया है। अब समय आगया है कि इस सरकार को बदल कर दिल्ली में डबल इंजन की सरकार लाने का सभी को संकल्प लेना है।

# नेपाल से विदेश का हवाई सफर महंगा, स्थानीय पर्यटकों और श्रमिकों की भारतीय एयरपोर्ट पर भीड़

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल में अंतरराष्ट्रीय हवाई किराया अत्यधिक अधिक होने के कारण पर्यटक और श्रमिक के रूप में तीसरे देशों में जाने वाले नेपाली नागरिक आजकल भारत के विभिन्न विमानस्थलों का प्रयोग करने को बाध्य हैं। नेपाल से तीसरे देश में पर्यटकों को भेजने वाली विभिन्न ट्रैवल एजेंसियां और श्रमिकों को भेजने वाली मैनपावर कंपनियां अपने ग्राहकों को पहले भारत और फिर वहां से हवाई मार्गों के जरिए से उन्हें उनके गंतव्य तक पहुंचा रही हैं। काठमांडू-यूएई का एक तरफ का हवाई किराया इस समय नेपाली करेंसी में 55 हजार



से 75 हजार रुपये तक है। नेपाली सीमा से सबसे करीब पश्चिम बंगाल के बागडोगरा विमानस्थल से यूएई का किराया नेपाली करेंसी में सिर्फ 35 से 40 हजार के बीच ही है। यानी काठमांडू-यूएई की तुलना में बागडोगरा-यूएई का हवाई किराया करीब 20 से 35 हजार रुपये सस्ता है। काठमांडू से कतर के दोहा तक जाने में 80,000 नेपाली रुपये से अधिक का खर्च आता है। भारत के बागडोगरा से यह खर्च केवल 50,000 रुपये आता है। काठमांडू से बैंकाक का किराया 35 हजार से 40 हजार रुपये के बीच है। दिल्ली से बैंकाक का किराया महज 16 से 20 हजार रुपये के बीच है। एक ट्रैवल एजेंसी के अनुसार, भारत से बैंकाक, मलेशिया, मॉरीशस, सऊदी अरब, कतर, लेबनान, ओमान और बहरीन सहित खाड़ी देशों में जाना सस्ता है। नेपाल की तुलना में बागडोगरा हो या दिल्ली, इन देशों में जाने पर हवाई किराया 12 से 35 हजार रुपये सस्ता है। नेपाल से निकटतम भारतीय हवाई अड्डा पश्चिम बंगाल का बागडोगरा है। इस एयरपोर्ट पर नेपाली कामगारों की काफी आवाजाही रहती है। काठमांडू में स्थित मैनपावर ऑपरेटर संजय सुबेदी ने कहा कि पिछले तीन महीने में सिर्फ बागडोगरा एयरपोर्ट से हफ्ते में लगभग 200 श्रमिकों को खाड़ी देशों में भेजा गया।

### अब पंद्रह जनवरी तक करा सकेंगे फसल बीमा : सूर्य प्रताप शाही

**लखनऊ :** रबी सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा की अवधि को 31 दिसंबर 2024 से बढ़ाकर 15 जनवरी किए जाने पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने केंद्र सरकार का आभार प्रकट किया है। उन्होंने इस विस्तारित अवधि में किसानों से इस योजना में पंजीकृत होने की अपील की है। ताकि उन्हें बीमा योजना का भरपूर लाभ मिल सके। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने रविवार को बताया कि प्रदेश सरकार के आग्रह पर केंद्र सरकार ने रबी सीजन के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अवधि को 15 जनवरी तक बढ़ा दिया है। उन्होंने प्रदेश भर के किसानों से अपील की है कि वे गेहूं, दलहन, तिलहन सहित अपनी सभी रबी फसलों के लिए बीमा योजना का लाभ उठाएं। किसान केवल डेढ़ प्रतिशत प्रीमियम का भुगतान करके इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

## योग क्रांति के बाद अब पंच क्रांतियों का शंखनाद : स्वामी रामदेव



एजेंसी

**हरिद्वार :** पतंजलि योगपीठ के परमाध्यक्ष स्वामी रामदेव व महामंत्री आचार्य बालकृष्ण की उपस्थिति में पतंजलि संस्थान का 30वां स्थापना दिवस पतंजलि वैलनेस, हरिद्वार स्थित योगभवन सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में देशभर के पतंजलि योगपीठ संगठन के 6000 से अधिक प्रभारियों की उपस्थिति में स्वामी रामदेव ने विगत 30 वर्षों की सेवा, संघर्ष व साधना से परिचय कराया तथा पतंजलि योगपीठ की भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने योग क्रांति की सफलता के बाद पंच क्रांतियों का शंखनाद करते हुए कहा कि शिक्षा, चिकित्सा, आर्थिक, वैचारिक-सांस्कृतिक व रोगों-भोगों-ग्लानि-कुण्ठाओं से आजादी का बड़ा कार्य पतंजलि से प्रारंभ करना है। उन्होंने कहा कि आज 50 से 90 और कहीं-कहीं तो 99 प्रतिशत पढ़े-लिखे बेरोजगार, नशेड़ी, चरित्रहीन निस्तेज बच्चे तैयार हैं, जिनका बचपन, यौवन और हमारा कुलवंश खतरे में है। हमनें यह तय किया है कि पहले भारतवर्ष में और फिर पूरी दुनियां में नई शिक्षा व्यवस्था का शंखनाद करेंगे और उसका नेतृत्व भारत करेगा। पतंजलि गुरुकुलम, आचार्यकुलम, पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड अब नये प्रतिमान गढ़ेंगे। हमारा संकल्प है कि हम आगामी पांच वर्षों में 5 लाख विद्यालयों को भारतीय शिक्षा बोर्ड से जोड़ेगें। ये शिक्षा की अभिनव क्रांति होगी।

## राज्यपाल ने संग्राम 1857 साइकिल अभियान दल को झंडी दिखाकर किया रवाना

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने एनसीसी निदेशालय की ओर स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों की स्मृति में आयोजित की गई संग्राम 1857 साइकिल अभियान दल रैली बरेली से लखनऊ पहुंचने पर राजभवन में एनसीसी कैडेट्स से संवाद किया। साथ ही हरी झण्डी दिखाकर यहां से रवाना किया। राज्यपाल ने साइकिल रैली टीम को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि रैली अपने उद्देश्यों में सफल हो। एनसीसी निदेशालय का यह सराहनीय प्रयास है। रैली के माध्यम से देश-प्रदेश के लोग विशेषकर युवा पीढ़ी देश के स्वंतत्रता संग्राम के अमर सेनानियों के बलिदान और त्याग को स्मरण कर उनके संघर्षों से प्रेरणा प्राप्त करेंगे, जिससे राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत होगी। रैली में शामिल एनसी0सी



कैडेट्स ने राजभवन परिसर का भ्रमण भी किया। राजभवन की भव्यता और इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि एनसीसी निदेशालय की ओर से आयोजित संग्राम 1857 साइकिल रैली एक अनूठी पहल है। इसमें ब्रिगेडियर एनएस चारग के नेतृत्व में एनसीसी के 14 कैडेट्स प्रतिभाग कर 1900 किमी की यात्रा कर रहे हैं। रैली 01 जनवरी को मेरठ से प्रारम्भ होकर बरेली, लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, झांसी, ग्वालियर, आगरा, मथुरा के विभिन्न महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों से गुजरते हुए उन स्थलों के इतिहास और वीर सेनानियों के संघर्ष व बलिदान को उजागर करेगी। इसका समापन 25 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में देश की राजधानी नई दिल्ली में होगा। संग्राम रैली न केवल प्रतिभागियों की शारीरिक फिटनेस को सुधारने में मदद करेगी, बल्कि उनके नेतृत्व, संगठनात्मक कौशल और साहसिक भावना को भी मजबूत करेगी।

# गुरुकुल परम्परा को आत्मसात कर हम फिर से बनेंगे विश्व गुरु : मोहन यादव

एजेंसी

**उज्जैन :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाने वाला गुरु ही होता है। गुरु अपने विद्यार्थी में निहित अनंत संभावनाओं को पहचान कर इसका चारित्रिक एवं शैक्षणिक विकास करते हैं। हमारी पुरातन गुरुकुल परम्परा आज भी प्रासंगिक है। आज कई विकसित देश हमारी पुरानी गुरुकुल परम्परा को अपनाकर अपने बच्चों को शिक्षा दे रहे हैं। हमें भी पुनः उसी गुरुकुल परम्परा से जुड़ना होगा, तभी हमारा देश फिर से विश्व गुरु बन सकेगा। हम प्रदेश में क्लास के अंदर और क्लास के बाहर भी विद्यार्थियों को जीवन एवं नैतिक मूल्य तथा व्यावहारिक शिक्षा देकर उनके




समग्र विकास की ओर बढ़ रहे हैं। मजबूत इरादों और शैक्षणिक गुणवत्ता में आमूल-चूल सुधार लाकर हम प्रदेश को शिक्षा के मामले में देश का एक मॉडल एजुकेशन स्टेट बनाएंगे। इसमें शिक्षकों की बड़ी अहम भूमिका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को उज्जैन कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी से वर्चुअली जुड़कर स्टार्स प्रोजेक्ट के तहत अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए सिंगापुर जाने वाले चयनित शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षक हमारे लिए सदैव पूजनीय हैं, हम विकसित भारत और विकसित मध्य प्रदेश के निर्माण में उनकी अनंत क्षमताओं और सुदीर्घ अनुभवों का प्रदेश के शैक्षणिक विकास एवं विस्तार में अधिकतम सदुपयोग करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि शैक्षणिक परिदृश्य में हमारा इतिहास समृद्ध रहा है। नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशिला विश्वविद्यालयों एवं उज्जैन के सांदीपनी आश्रम सहित अन्य विश्वविख्यात शैक्षणिक संस्थाओं ने तत्कालीन समय में उच्चकोटि की शिक्षा देकर राष्ट्र को उपकृत किया। तत्समय गुरुओं में अपने विद्यार्थियों के कला-कौशल को पहचनाने की। एक दृष्टि होती थी, यही कारण था कि भगवान श्रीराम-लक्ष्मण और श्रीकृष्ण ने भी अपने गुरुओं से ही शिक्षा-दीक्षा ली। उन्होंने कहा कि हम आज के शिक्षकों में भी गुरु की वही दृष्टि विकसित करना चाहते हैं। सिंगापुर भ्रमण के लिए चयनित शिक्षक इस अवसर को भलीभांति समझें, पढ़ाने की नई-नई तकनीकें सीखें और लौटकर प्रदेश के विद्यार्थियों को उन तकनीकों का लाभ दिलाएं, जिससे वे अपने शैक्षणिक एवं चारित्रिक प्रदर्शन में अव्वल आएं। उन्होंने कहा कि चयनित शिक्षक विदेशी अध्ययन कराने की अच्छाइयों को सीखे, साथ ही अपने देश की अच्छाइयों को भी विश्व में बांटे, ताकि विविध शैक्षणिक संस्कृतियों एवं नवाचारों का आदान-प्रदान हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### निर्माणाधीन पुल पर ट्राली के टूटने से एक की मौत, चार मजदूर फंसे



**रुद्रप्रयाग:** रुद्रप्रयाग पोखरी मोटर मार्ग से बद्रीनाथ हाईवे को जोड़ने वाला निमार्णाधीन पुल पर शनिवार रात टावर क्रेन ट्राली के टूटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस दुर्घटना में अभी भी चार मजदूर फंसे हुए हैं। जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी नन्दन सिंह रजवार ने बताया कि कि रात्रि लगभग 09 बजे सूचना मिली की रुद्रप्रयाग पोखरी मोटर मार्ग से बद्रीनाथ हाईवे को जोडने वाला निमार्णाधीन पुल पर कार्य कर रहे दो मजदूर टावर क्रेन ट्राली के टूटने के कारण नीचे गिर गए हैं और 04 मजदूर पुल के उपरी गाडर में फंसे हुए हैं। सूचना पर एसडीआररफ टीम को घटना स्थल के लिए रवाना किया गया। जिसमे एक व्यक्ति घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। अन्य व्यक्तियों का रेस्क्यू कर जिला अस्पताल पहुचाया गया बाकी 04 व्यक्तियों को निकालने का कार्य गतिमान है।

### कैथल में ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर 26 लाख की ठगी, दुबई भेजकर वापस बुलाया




**कैथल:** युवक को ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर एक व्यक्ति ने लाखों रुपये ठग लिए। आरोपी ने उसे ऑस्ट्रेलिया के बजाय पहले दुबई भेज दिया और फिर वापस बुला लिया। पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। सुरेन्द्र कुमार निवासी संगरौली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 12वीं कक्षा पास है और बेरोजगार है। उसकी मुलाकात विकास के साथ हुई। जो उसके पड़ोसी का रिश्तेदार है। विकास ने बताया कि वह विदेश भेजने का काम करता है। इस काम में उसका भाई प्रीतम सिंह और साथी अमनदीप भी सहयोग करता है और इन्द्री करनाल मे उनका ऑफिस है। उसने व उसके ताऊ के लड़के जगमाल ने उनसे ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए 50 लाख में बात तय की और वह उसके पास कोर्ट में अन्य कागजात लेकर चले गए। बात पक्की होने पर वह पासपोर्ट व अन्य दस्तावेज लेकर चले गए। 18 जुलाई 2023 को 4.50 लाख रुपए दे दिए। आरोपी ने पहले तो उन्हें दुबई भेज दिया। फिर वहां से वापिस भारत बुला लिया। फिर आरोपी ने उन्हें कनाडा से ऑस्ट्रेलिया भेजने की बात कही। 18 जून 2024 को फोन पर कनाडा का रिफयूज लैटर भेज दिया। आरोपी ने कहा कि आपका आस्टेलिया का ही अप्लाई करेंगे। इस तरह कभी दुबई के दस्तावेज बनाने के नाम पर तो कभी कनाडा का वीजा अपलाई करने के नाम पर उनसे 26 लाख रुपए ले लिए। अब आरोपी उनके फोन नहीं उठा रहे। घर जाते है तो उनकी औरतें उन्हें धमकी देती है। सुरेंद्र ने बताया कि उसने जमीन बेचकर आरोपियों को ये पैसे दिए थे। ढांड थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आईसीजी के स्वदेशी फास्ट पेट्रोल वेसल अमूल्य और अक्षय गोवा शिपयार्ड में लॉन्च




**नई दिल्ली :** भारतीय तटरक्षक बल के लिए गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में बनाए गए दो फास्ट पैट्रोल वेसल अमूल्य और अक्षय लॉन्च किए गए। ये दोनों एफपीवी जीएसएल के साथ 473 करोड़ रुपये के उस अनुबंध का हिस्सा हैं, जिनके तहत ऐसे आठ जहाज बनाए जा रहे हैं। इनमें से दो जहाज अदम्य और अक्षर पिछले साल अक्टूबर में लॉन्च किए जा चुके हैं। ये उन्नत एफपीवी सुरक्षा, नियंत्रण और निगरानी की प्राथमिक भूमिका के साथ आईसीजी को अपतटीय संपत्तियों और द्वीप क्षेत्रों की सुरक्षा में मदद करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने 28 मार्च, 2022 को गोवा शिपयार्ड लिमिटेड के साथ आठ फास्ट पैट्रोल वेसल्स के लिए 473 करोड़ रुपये का अनुबंध किया था। जीएसएल इन सतह प्लेटफार्मों को स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्माण कर रहा है। अनुबंध होने के 45 महीनों के भीतर इन जहाजों की आपूर्ति की जानी है। पिछले साल तत्कालीन रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने 25 अगस्त को चार तटरक्षक फास्ट पैट्रोल जहाजों की कील रखी थी। इनमें से जीएसएल ने 28 अक्टूबर को अत्याधुनिक शिप लिफ्ट सिस्टम का उपयोग करते हुए अदम्य और अक्षर नामक दो जहाजों को एक साथ लॉन्च किया था। इस परियोजना के तहत बनाए जा रहे जहाज 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी हैं। अनुबंध के अनुसार प्रत्येक एफपीवी की लंबाई 52 मीटर, चौड़ाई 8 मीटर और अधिकतम गति 27 समुद्री मील है। इन जहाजों को अमेरिकी शिपिंग ब्यूरो और भारतीय शिपिंग रजिस्टर के कड़े दोहरे वर्ग प्रमाणन के तहत आईसीजी की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन और निर्मित किया गया है। पहली बार अत्याधुनिक शिप लिफ्ट सिस्टम का उपयोग करते हुए भारतीय तटरक्षक बल के तीव्र गश्ती जहाजों अमूल्य और अक्षय को आज गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में रक्षा उत्पादन सचिव संजीव कुमार की पत्नी सुश्री वंदना अग्रवाल ने ह्यअथर्ववेदह्ण के मंत्रों के साथ लॉन्च किया। पोत की प्राथमिक भूमिकाओं में मत्स्य संरक्षण और निगरानी, भारत के विशेष आर्थिक क्षेत्र में गश्त, तटीय गश्त, तस्करी विरोधी, समुद्री डकैती विरोधी और खोज और बचाव अभियान शामिल हैं। पोत की एक अन्य भूमिका शत्रुता और युद्ध के समय संचार संपर्क प्रदान करना और काफिलों को सुरक्षा प्रदान करना भी है। इस अवसर पर आईसीजी की सभी जरूरतों को स्वदेशी रूप से पूरा करने के लिए जीएसएल और विभिन्न उद्योगों के प्रयासों की सराहना की गई। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि को हासिल करने पर जीएसएल के कर्मचारियों को बधाई देते हुए आईसीजी ने प्रेरित किया कि रक्षा में ह्यआत्मनिर्भरताह्णकी ओर कदम सही तरीके से आगे बढ़ाया जाए। समारोह में जीएसएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक बृजेश कुमार उपाध्याय और भारतीय नौसेना, आईसीजी, जीएसएल के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**